संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 27 मई 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 144 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## भारत ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की भूमिका पर दिया जोर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत ने ब्रासीलिया के इटामारती पैलेस में ब्राजील की अध्यक्षता में आयोजित नौवीं ब्रिक्स उद्योग मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। इस दौरान एक संयुक्त घोषणा को अपनाया गया, जिसमें मुख्य विषय अधिक समावेशी और टिकाऊ शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना था। साथ ही भारत ने ब्रिक्स में राष्ट्रीय, वैश्विक अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका पर जोर दिया। वाणिज्?य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि संयुक्त घोषणा के अनुरूप भारत ने राष्ट्रीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया गया। इसमें तेजी से हो रहे वैश्विक परिवर्तनों के बीच एक खुले, निष्पक्ष और लचीले वैश्विक वातावरण को बढ़ावा देने, बहुपक्षीय प्रणाली को मजबूत करने और आर्थिक और सामाजिक लचीलापन बढ़ाने की सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। संयुक्त घोषणा के अनुरूप भारत ने राष्ट्रीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी बल दिया।

# बाला साहेब ठाकरे होते तो ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करतेः गृह मंत्री अमित शाह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नांदेड़ :** महाराष्ट्र दौरे पर गए गृह मंत्री अमित शाह ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी पर शिवसेना के बयान का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आज अगर बालासाहेब ठाकरे होते तो वे ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम मोदी की सराहना करते। उन्होंने कहा कि शिवसेना के नेता ने प्रतिनिधिमंडल को लेकर कहा कि 'ये किसकी बारात जा रही है?' शिवसेना बालासाहेब ठाकरे की पार्टी थी। उन्होंने कहा कि अगर बालासाहेब ठाकरे जीवित होते तो वे मोदी को गले लगाते। लेकिन शिवसेना (यूबीटी) के एक नेता ने प्रतिनिधिमंडल को बारात कहा। मुझे नहीं पता कि उद्धव सेना को क्या हो गया है। वे प्रतिनिधिमंडल को बारात कह रहे हैं, जबकि उनके अपने सदस्य भी इसका हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी ने फैसला किया कि यह देश का मामला है। इसलिए सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों का दौरा करेगा और आतंकवाद के पाकिस्तान के चेहरे को उजागर करेगा। फिर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आतंकियों ने उरी पर हमला किया, हमने सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया। उन्होंने पुलवामा पर हमला किया, हमने हवाई हमले से जवाब दिया।

### 2026 तक खत्म कर देंगे नक्सलवादः अमित शाह

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के साथ-साथ एक और ऑपरेशन चल रहा था ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट। छत्तीसगढ़ में इस ऑपरेशन के तहत हमारे सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस और बीएसएफ ने 5000 फीट की ऊंचाई पर नक्सलियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया और 31 नक्सलियों को मार गिराया। अब तक 36 और नक्सली मारे गए हैं। कई ने आत्मसमर्पण किया और गिरफ्तार किए गए। हम 31 मार्च 2026 तक इस देश से नक्सलवाद को खत्म कर देंगे।*

*मराठी भाषा को दिलाया सम्मान*
*केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा की उपाधि से सम्मानित किया है। इसके लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी।*

# पाकिस्तान को छिपाकर नहीं, बताकर माराः पीएम मोदी

☐ गुजरात में गरजे पीएम मोदी- मैं आतंकवाद के ठिकानों को मिट्टी में मिला दूंगा, 'सुख चैन से जियो, रोटी खाओ वरना मेरी गोली तो है ही... देश ने 2014 के बाद कई अकल्पनीय फैसले लिए : प्रधानमंत्री मोदी

**गरजे पीएम**

☐ इन वर्षों में देश ने दशकों पुरानी बेड़ियों को तोड़ा है। देश हर सेक्टर में आगे बढ़ा हैः पीएम नरेन्द्र मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दाहोदः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 2014 में आज ही के दिन उन्होंने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उसके बाद देश ने कई अकल्पनीय और अभूतपूर्व फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री गुजरात के दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र सहित 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद-वेरावल वंदे भारत ट्रेन और वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा, आज 26 मई है। साल 2014 में इसी तारीख को मैंने पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। सबसे पहले गुजरात के लोगों ने मुझे आशीर्वाद दिया, फिर करोड़ों भारतीयों ने मुझे आशीर्वाद दिया। आपके आशीर्वाद की शक्ति से मैं दिनरात देशवासियों की सेवा में जुटा रहा। इन वर्षों में देश ने वो फैसले लिए जो अकल्पनीय और अभूतपूर्व हैं। इन वर्षों में देश ने दशकों पुरानी बेड़ियों को तोड़ा है। देश हर सेक्टर में आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज देश निराशा के अंधकार से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा है। आज हम 140 करोड़ भारतीय मिलकर अपने देश को विकसित भारत बनाने के लिए जी-जान से जुटे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की तरक्की के लिए जो कुछ भी चाहिए, वो हम भारत में ही बनाएं, ये आज के समय की मांग है। भारत आज तेज गति से मैन्युफैक्चरिंग की दुनिया में आगे बढ़ रहा है। देश की जरूरत के सामान का निर्माण हो या फिर दुनिया के अलग-अलग देशों में हमारे देश की बनी हुई चीजों का निर्यात लगातार बढ़ रहा है।

### 'हमारी नीति आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की'

पीएम ने कहा कि पहले राज्य के मंत्री कच्छ आते थे तो पाकिस्तान से शुरू कर पाकिस्तान पर ही अपनी बात खत्म करते थे। 2001 में मैंने तय किया कि मैं उसे भुला दूंगा, अब ऐसा कच्छ बना दिया है कि पाकिस्तान को भी ईष्या हो जाए। हमारी नीति आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की है। ऑपरेशन सिंदूर ने इसे और स्पष्ट कर दिया है।

### अपना तिरंगा झुकना नहीं चाहिएः पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**कच्छः** दाहोद के बाद कच्छ में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- मैं पाकिस्तान के बच्चों को कहना चाहता हूं, आपके हुक्म नारा और आपकी सेना आतंकवाद के साये में पल रही है। वो आपके भविष्य को नष्ट कर रही है, इससे मुक्त होने के लिए आपको खुद आगे आने होगा। सुख चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ वरना मेरी गोली तो है ही। भारत की नीति और दिशा एकदम स्पष्ट हैं, भारत ने शांति और समृद्धि का रास्ता चुना है। प्रधानमंत्री मोदी अपने गुजरात दौरे के क्रम में दाहोद के बाद अब भुज पहुंच गए हैं।

**पीएम मोदी ने दी 53 हजार करोड़ की सौगात :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भुज में आयोजित विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बिजली क्षेत्र की परियोजनाओं में खावड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क में उत्पादित अक्षय ऊर्जा की निकासी के लिए ट्रांसमिशन परियोजनाएं, ट्रांसमिशन नेटवर्क विस्तार और तापी में एक अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट इकाई शामिल हैं। इनमें कांडला बंदरगाह और गुजरात सरकार की कई सड़क, जल और सौर परियोजनाएं भी शामिल हैं।

## असम और तमिलनाडु की आठ राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 19 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने असम और तमिलनाडु से राज्यसभा के लिए द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा कर दी है। ये चुनाव 19 जून को कराए जाएंगे। 8 सदस्यों का कार्यकाल जून और जुलाई में समाप्त हो रहा है। असम से दो सदस्यों मिशन रंजन दास और वीरेंद्र प्रसाद वैश्य का कार्यकाल 14 जून को समाप्त हो रहा है। वाइको का कार्यकाल 24 जुलाई को खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार अधिसूचना 2 जून को जारी की जाएगी।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को मधुबनी और गोंड कला के कलाकारों ने आर्टिस्ट इन रेजिडेंस कार्यक्रम के तहत मुलाकात की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश की पारंपरिक कला रूपों को प्रदर्शित करना है।

# भारत-पाकिस्तान के बीच अमेरिका की मध्यस्ता नहीं हुईः जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां ऑल पार्टी डेलिगेशन दुनिया के अलग-अलग देशों में जाकर पाकिस्तान की पोल खोल रही है। वहीं, सोमवार (26 मई) को विदेश मंत्री एस जयशंकर (र ने विपक्ष को बताया कि कैसे भारत ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। ऑपरेशन सिंदूर, भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर और सैन्य तनाव के बीच अमेरिका की दखल से जुड़े विपक्ष के तमाम सवालों का विदेश मंत्री जयशंकर ने जवाब दिया।

**घंटों चली कंसलटेटिव कमेटी की बैठक**
विदेश मामलों की कंसलटेटिव कमेटी की आज दिल्ली में बैठक हुई। यह बैठक तकरीबन ढाई घंटे चली। कमेटी में 11-11 लोकसभा और राज्यसभा के सांसद थे। वहीं, कमेटी की अध्यक्षता विदेश मंत्री जयशंकर कर रहे थे। करीब ढाई घंटे तक बंद कमरे में चली बातचीत ने जयशंकर ने विपक्ष के हर सवालों का जवाब दिया। बैठक में जयशंकर ने स्पष्ट कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका की मध्यस्ता नहीं हुई है। डीजीएमओ यानी डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन के स्तर पर सीधी बातचीत के बाद ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित किया गया।



**स्पष्ट किया**

☐ डीजीएमओ के स्तर पर सीधी बातचीत के बाद ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित किया गयाः विदेश मंत्री

**मेरे बयान को गलत तरीके से किया गया पेशः जयशंकर**
वहीं, विपक्षी सांसद राहुल गांधी ने हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर पर आरोप लगाया था कि उन्होंने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में पाकिस्तान को पहले से ही बता दिया था। इस आरोप को नकारते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि मेरे बयान को गलत तरीके से समझा गया है. मैंने कहीं भी पहले शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। यह मानना कि मैंने ऑपरेशन से पहले जानकारी दी, तथ्यात्मक रूप से गलत है।

## अदालत ने यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार :** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति को हिसार पुलिस पेशी के लिए हिसार कोर्ट लेकर पहुंची थी। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।
जानकारी के मुताबिक ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। यह महिलाओं की जेल है। पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर के गेट बंद कर दिए गए थे और भारी पुलिसबल को मौके पर तैनात किया गया था।

## कैश कांड जांच रिपोर्ट मांग वाली आरटीआई अर्जी खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के यहां मिले नकदी से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त जांच कमेटी की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर अर्जी को नामंजूर कर दिया है। सूचना के अधिकार के तहत दायर अर्जी में तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की ओर से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच हुए संवाद की जानकारी भी मांगी गई थी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित जांच कमेटी ने 4 मई को सुप्रीम कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने तत्कालीन चीफ जस्टिस की ओर से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच हुए संवाद की गोपनीयता को आधार बनाकर अर्जी खारिज कर दिया।



# गुयाना आतंकवाद की लड़ाई में भारत के साथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**जॉर्जटाउन (गुयाना)/पेरिस (फ्रांस)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय संसदीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पाकिस्तान से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर को समग्रता के साथ गुयाना के उपराष्ट्रपति भरत जगदेव को अवगत कराया। इस अवसर पर गुयाना के उपराष्ट्रपति भरत जगदेव ने कहा कि उनका देश आतंकवाद की लड़ाई में पूरी तरह भारत के साथ है। इस बीच सूचना है कि भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंच चुका है। गुयाना के उपराष्ट्रपति जगदेव ने कहा, यह भारतीय प्रतिनिधिमंडल की शानदार यात्रा है। गुयाना पूरी तरह से भारत के साथ है। गुयाना आतंकवाद के खिलाफ है। भारत के पहलगाम में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वाले सभी लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। गुयाना के उपराष्ट्रपति से मुलाकात के बाद कांग्रेस सांसद थरूर ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व मुलाकात रही। भरत हमारे देश के मित्र हैं और उन्होंने हमारे पड़ोसी (पाकिस्तान) के साथ मौजूदा घटनाओं पर हमारी स्थिति के प्रति बहुत अधिक समझ दिखाई।



**समर्थन**

☐ संसदीय प्रतिनिधिमंडल को उपराष्ट्रपति भरत जगदेव ने किया आश्वस्त

## पटरी पर लौटेगी कनाडा-भारत संबंधों की गाड़ी!



**नई दिल्ली**
**तकरीबन** दो वर्षों से भारत और कनाडा के रिश्तों में लगातार आ रही गिरावट का दौर अब थमने लगा है और उम्मीद हैं कि दोनों तरफ से जल्द ही रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिश शुरू होगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर और कनाडा की नई विदेश मंत्री अनीता आनंद के बीच टेलीफोन पर बात हुई। बताया गया है कि यह वार्ता काफी सकारात्मक रही है। फरवरी, 2024 के बाद पहली बार दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत हुई है।

**दोनों विदेश मंत्री में आर्थिक सहयोग पर बात**
कनाडा में हाल ही में हुए चुनाव के बाद मार्क कार्ने की अगुवाई में नई सरकार का गठन हुआ है। नई सरकार की तरफ से अभी तक भारत विरोधी कोई बयानबाजी नहीं हुई है जैसा कि पूर्व पीएम जस्टिन ट्रुडो के कार्यकाल में होता था। इसे नई सरकार की भारत को लेकर बदले रुख के तौर पर भारत में देखा जा रहा है। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच जिस तरह से आर्थिक सहयोग पर बात हुई है, उससे यह भी लग रहा है कि संभवतः दोनों सरकारों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी फिर से बात शुरू हो।

**चर्चा हुई**

☐ एस जयशंकर ने कनाडा की नई विदेश मंत्री अनीता आनंद से बात कर दिया संकेत

**जयशंकर ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी**
अनीता आनंद से बात करने के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि, कनाडा की विदेश मंत्री से हुई बातचीत की मैं प्रशंसा करता हूं।

**गौवंश धाम** लाडवा के गांव मथाना में गौ-चिकित्सालय की रखी आधारशिला, गौ-चिकित्सालय के निर्माण के लिए 21 लाख रुपये सहयोग के तौर पर देने की घोषणा

# गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लागू की गौ-संवर्धन योजनाः मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने गौ-संवर्धन योजना को लागू किया है। इस योजना के तहत प्रदेश का पहला संयंत्र यमुनानगर में लगाया जाएगा। इस बायोगैस संयंत्र पर 90 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री सोमवार को लाडवा विधानसभा के गांव मथाना के गौवंश धाम एवं अनुसंधान केन्द्र में गौ-चिकित्सालय का शिलान्यास करने उपरांत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और गौ-सेवा भी की। उन्होंने आधुनिक गौ-चिकित्सालय के निर्माण के लिए 21 लाख रुपये सहयोग के तौर पर देने की घोषणा की। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मथाना में गौशाला और आधुनिक पशु अस्पताल के निर्माण से बेसहारा गौवंश सड़कों पर नहीं घूमेगा। साथ ही बीमार गौवंश का इलाज भी होगा। इसके साथ ही क्षेत्र के पशुपालकों को भी अपने पशुओं का इलाज करवाने की यहां पर सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गौशालाओं में चारा के लिए 270 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। पिछले वर्ष 608 गौशालाओं में 166 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी। 310 गौशालाओं में शैड के लिए 30 करोड़ रुपये जारी किये जा चुके हैं। गायों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने सख्त कानून भी बनाए हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ माता की सेवा हमारे धर्म और संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। सरकार द्वारा गौ संरक्षण पर लगातार बल दिया जा रहा है।

**बायोगैस संयंत्र**

☐ पहला बायोगैस संयंत्र यमुनानगर में लगाया जाएगा। बायोगैस संयंत्र पर 90 करोड़ की राशि खर्च होगी

## गौरव गोगोई बने असम प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस पार्टी ने असम में बड़ा संगठनात्मक बदलाव करते हुए सांसद गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह घोषणा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने सोमवार को की। असम में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव को देखते हुए पार्टी की ओर से यह फैसला लिया गया है। बता दें कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत सरमा गोगोई और उनकी पत्नी पर पाकिस्तान से संबंध होने के आरोप लगा रहे हैं। पार्टी ने इन आरोपों को दरकिनार करते हुए गौरव गोगोई को राज्य कांग्रेस की कमान सौंपी है।

# बैंक में मिले ठगों ने किसान को दिया झांसा, रुपये लेकर भागे

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनूपशहर (बुलंदशहर) :** बुलंदशहर थाना पुलिस व स्वाट देहात की टीम ने बीते दिनों किसान से हुई ठगी के मामले में दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। दोनों आरोपी रिश्ते में जीजा साले हैं। जिन पर बुलंदशहर के अलावा अन्य जनपदों में भी धोखाधड़ी, चोरी और लूट समेत अन्य कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया है। एसपी देहात डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि गत 23 मई को गांव दुगरऊ निवासी 60 वर्षीय वृद्ध किसान कुंवरपाल सिंह ने बैंक से केसीसी से एक लाख रुपये निकाले थे। बैंक में ही मिले दो युवकों ने उन्हें अपने झांसे में लिया और एक लाख के तीन लाख रुपये करके देने की



बात कही। जिस पर पीड़ित किसान उनके झांसे में आ गया और एक लाख रुपये उन्हें थमा दिया। इसके बाद आरोपी उसे एक कागज में लपेट कर तीन लाख रुपये के फर्जी नोट देकर चले गए। पीड़ित ने जब वह गड्डी खोलकर देखी तो उसमें फर्जी नोट की गड्डियां थीं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। जिसके राजफाश के लिए स्वाट देहात को भी लगाया गया था। रविवार देर रात स्वाट और अनूपशहर टीम को सूचना मिली कि वृद्ध से ठगी करने वाले दो शातिर अपराधी गंगापुल की ओर से आने वाले हैं। जिस पर पुलिस टीमों ने वहां चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने एक बाइक पर आ रहे दो युवकों को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन, आरोपी पुलिस को देखकर कच्चे रास्ते पर बाइक दौड़ाकर भागने लगे। तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। कुछ दूरी पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को घेर लिया। लेकिन, आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिए। जिसमें पुलिसकर्मी बाल बाल बचे। बाद में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पकड़े गए बदमाशों की शिनाख्त हनी वर्मा उसके साले अनुज वर्मा निवासी कमला विहार पीतलनगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद के रुप में हुई हैं। घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वृद्ध किसान से उन्होंने ही रकम हड़पी थी। इसमें उनका एक अन्य साथी भी शामिल था। जो कि अभी फरार है। घटना के बाद तीनों ने आपस में 33-33 हजार रुपये बांट लिए थे। आरोपियों के पास से हड़पी गई रकम में से 45 हजार रुपये, एक फर्जी नोट की गड्डी और अवैध असलहे बरामद किए गए हैं। उपचार के बाद पुलिस ने दोनों का चालान कर जेल भेज दिया है।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शैलेन्द्र भाटिया** पुत्र मनमोहन निवासी ए–53, आया नगर, थाना फतेहपुर बेरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 457/13 धारा 420/467/468/120 बी भा.द.स. थाना बेगमपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शैलेन्द्र भाटिया** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शैलेन्द्र भाटिया** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 457/13 धारा 420/467/468/120 बी भा.द.स. थाना बेगमपुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शैलेन्द्र भाटिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **31.07.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री दीपक वत्स,
अति. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कमरा नं. 101, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6539/RD/2025

## उत्तर रेलवे

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.स. | निविदा स. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82245004 | आपातकालीन चिकित्सा बक्से (विनिर्देश पीडीएफ के अनुसार संलग्न) | 1 | 16.06.2025 |
| | प्री–बिड मीटिंग दिनांक 03.06.2025 (11:00 AM) को रूम नंबर 232, कॉन्फ्रेंस हॉल, द्वितीय तल, एनेक्सी–I, स्टोर डिपार्टमेंट, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–01 में आयोजित की जाएगी। | | | |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस सं. 82245004/MED/PART-II दिनांक:– 26.05.2025 1538/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित जैन उर्फ अंशुल जैन पुत्र अजय जैन निवासी म.नं. सी–3/242, द्वितीय तल, जनकपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 374/2023 U/s 419/420/467/468/471/120B IPC, थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **अंकित जैन उर्फ अंशुल जैन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अंकित जैन उर्फ अंशुल जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 374/2023 U/s 419/420/467/468/471/120B IPC, थाना गाजीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अंकित जैन उर्फ अंशुल जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **28.06.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 16, पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/6598/ED/2025(Court Matter)

# सिपाही सौरभ की हत्या में फरार नन्हू और अब्दुल सलाम पुलिस मुठभेड़ में

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** मसूरी थाना पुलिस और स्वाट टीम देहात ने सिपाही सौरभ की हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों नन्हू और अब्दुल सलाम को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। सहायक पुलिस आयुक्त मसूर लिपी नगायच ने बताया कि आरोपियों की तलाश में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के अंडरपास के पास ग्राम नाहल से जंगल की ओर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी। रविवाक 25 मई 2025 की रात को पुलिस ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने रुकने के बजाय पुलिस पर गोलीबारी की और भागने की कोशिश की। इस



दौरान उनकी बाइक फिसल गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोलीबारी से दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम नन्हू पुत्र इल्यास और अब्दुल सलाम पुत्र अबरार, दोनों निवासी ग्राम नाहल, थाना मसूरी, गाजियाबाद, बताए। उन्होंने स्वीकार किया कि 25 मई 2025 की रात को नोएडा के फेस-3 थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर गोलीबारी और पथराव की घटना में शामिल थे।

## जल्द होगी चयनित खिलाड़ियों की घोषणा

**नोएडा।** सेक्टर–127 के ज्ञानश्री स्कूल में जिला स्तरीय तीन दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद जिला तैराकी एसोसिएशन के पदाधिकारियों की टीम जिला स्तर पर उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन का तुलनात्मक अध्ययन किया जा रहा है। इसमें खिलाड़ियों के खेलने के तरीके, टाइमिंग आदि को ध्यान में रखते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के नामों की घोषणा प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए की जाएगी। जिला तैराकी एसोसिएशन के सचिव सुरेश देशवाल ने बताया कि जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद अब खिलाड़ियों के प्रदर्शन का तुलनात्मक अध्ययन किया जा रहा है।

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम तथा स्थान :** S&T वर्क इन कनेक्शन विथ अपग्रेडेशन ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर एट ई.एम.यू. कार शेड गाजियाबाद पोस्ट मर्जर ऑफ शेड्स डिपार्चर लाइन इंटू 4th मेन लाइन बिटवीन दादरी एंड चिपयाना बुजुर्ग। | |
| **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 84,37,124.89/- | |
| **धरोहर राशि :** रु. 1,68,800.00/- | |
| **कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 26.05.2025/ निविदा खुलने का दिनांक 17.06.2025, 15.00 बजे तक | |
| **वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |

सं.: 558-Sig-16-M-TENDER-1445 दिनांक: 26.05.2025 1542/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 (2) Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेबुल अखलान पुत्र सफीक आलम निवासी म.न. 288, झुग्गी चौपाल, अशोक विहार, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **400/19, अन्तर्गत धारा 279/338 आईपीसी, 3/181 मोटर वाहन अधिनियम, थाना केशव पुरम, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेबुल अखलान** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेबुल अखलान** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **400/19, अन्तर्गत धारा 279/338 आईपीसी, 3/181 मोटर वाहन अधिनियम, थाना केशव पुरम, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेबुल अखलान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 26.08.2025 को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री दिव्या अरोड़ा**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04 (उ.-प.)
कमरा नं. 112, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/6343/NW/2025 (Court Matter)**

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली–110001 निम्नलिखित कार्य हेतु वन पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम और स्थान | चिपयाना–गाजियाबाद चौथी लाइन के विद्युतीकरण कार्य के लिए डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग |
| 2 | कार्य की समाप्ति अवधि | 12 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1,81,87,898.74/- |
| 4 | बयाना राशि (ऑनलाइन जमा की जानी है) | रु. 2,40,900/- |
| 5 | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | निविदाएं दिनांक 17.06.2025 को 15:00 बजे तक IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती हैं। बोलीदाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, निविदाएं अपलोडिंग की समाप्ति के तुरंत बाद 15:00 बजे खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 03.06.2025 से 17.06.2025 तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

निविदा संख्या: 338/उप.सीईई/सी/एनडीएलएस/2025-26 दिनांक 26.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1540/25

# डिजिटल दूल्हे ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर से ठगे 56 लाख

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा :** मेट्रिमोनियल साइट के जरिये दोस्ती कर महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर (45) से 56 लाख 40 हजार रुपये की ठगी की घटना सामने आई है। साइबर जालसाज ने पहले फर्जी पहचान व फोटो के जरिए महिला इंजीनियर से दोस्ती की फिर शादी का झांसा भी देने लगा। एक दिन सूचना दी कि वह विदेश में है और तोहफे में हीरे, गहने, विदेशी मुद्रा लेकर आ रहा है। फिर कुछ ही दिन में फोन कर जानकारी दी कि वह दिल्ली एयरपोर्ट पर आ गया है लेकिन बेशकीमती हीरे-गहने व विदेशी मुद्रा होने के कारण उसे रोक लिया गया है। इसलिए कुछ पैसे की जरूरत है और उसके पास अभी विदेशी मुद्रा ही है अगर भेज देंगी तो मिलते ही वापस कर देगा। इसके बाद भावनात्मक रूप से पीड़िता को ब्लैकमेल भी किया। पीड़िता समझ नहीं पाई और रकम भेजने लगी। फिर जालसाज के दूसरे साथियों ने कस्टम अधिकारी बनकर भी रकम ट्रांसफर करवाई। अलग-अलग बैंकों के छह खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर कराई गई है। यह पूरी ठगी 10 दिन के अंदर हुई है। ठगी की जानकारी होने के बाद पीड़ित महिला ने साइबर क्राइम थाना सेक्टर-36 में शिकायत की है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-41 निवासी महिला ने बताया है कि उनके पिता की मौत हो चुकी है। शादी के लिए उन्हें एक योग्य वर की तलाश थी। इसलिए मेट्रिमोनियल साइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई थी। 17 जनवरी को मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद का परिचय प्रकाश भाई पटेल के रूप में दिया। बताया कि नंबर साइट पर बनाई गई प्रोफाइल से मिला है वह भी शादी करने के इच्छुक है।

## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस(ई)/टीएम/2 नई दिल्ली, दिनांक 23.05.2025

### शुद्धिपत्र संख्या 4

**विषय :** 41 अदद 'बैलस्ट रेगुलेटिंग मशीन (बीआरएम)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 30.05.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024–टीएम–2

1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 30.05.2025 (शुक्रवार) से **02.07.2025 (बुधवार)** बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें सामान रहेंगी।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

1536/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नसरुद्दीन उर्फ विक्की, पुत्रः बाला खान, पताः गली नंबर 8 चौहान बांगर, दिल्ली** ने **FIR No. 59/2014, U/s: 380/411 IPC, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नसरुद्दीन उर्फ विक्की** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नसरुद्दीन उर्फ विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **नसरुद्दीन उर्फ विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री आयुषी सक्सेना,
एल.डी. जेएमएफसी–05, शाहदरा जिला, कमरा नंबर 07
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/6540/NE/2025

# यातायात पुलिस ने लॉ कॉलेज में छात्रों को दी यातायात नियमों बारे जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं।

इसी कड़ी में सोमवार को यातायात पुलिस टीम ने बाबा साहब अम्बेडकर लॉ कॉलेज खेडी मारकंडा कुरुक्षेत्र में छात्रों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने

**जागरुकता**

**यातायात नियमों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं**

बताया कि यातायात पुलिस कोर्डिनेटर सहायक उप निरीक्षक विरेंद्र विक्रम ने सड़कों पर प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं के बारे में छात्रों से चर्चा करते हुए कहा कि हमारी लापरवाही से ही ज्यादा सड़क दुर्घटना घटती हैं सडक दुर्घटना पीड़ित परिवार के लिए बड़ी मुसीबत लेकर आती है। हमारी थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। हमें हमेशा सड़कों पर यातायात के नियमों की पालना करनी चाहिए। युवा वर्ग यातायात नियमों को अपने व्यवहार में अपनाकर तथा छोटी-छोटी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाकर अपना व दूसरों के जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सूचना

**जो कि फौजदार आधार 8242 5722 4286 पुत्र श्री बरखू निवासी मकान न0-333 आरा तह० जौनपुर सदर जिला जौनपुर का स्थाई निवासी हूँ और अपने हल्फन से निम्न ब्यान करता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम छोटे लाल पुत्र बरखु भारद्वाज लिखा है जो गलत है और मेरा सही नाम फौजदार पुत्र बरखू है जो मेरे वोटर कार्ड नंबर AGS1023522 में दर्ज है, सही है भविष्य में फौजदार पुत्र बरखू नाम से जाना जाए ।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# अब सरकारी कामों के लिए नहीं लगाने होंगे चक्कर

दिल्ली के सभी जिलों में बनेंगे मिनी सचिवालय, द्वारका में मिनी सचिवालय के लिए स्थल चिह्नित

**योजना**

**दिल्ली सरकार सभी 11 जिलों में मिनी सचिवालय बनाने की योजना पर विचार कर रही है**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आने वाले समय में लोगों को सरकारी विभागों से संबंधित कार्यों के लिए अलग-अलग इलाकों में नहीं भटकना पड़ेगा। दिल्ली सरकार सभी 11 जिलों में मिनी सचिवालय बनाने की योजना पर विचार कर रही है। जिसमें डीएम कार्यालय में एक ही छत के नीचे जनता से जुड़े कई विभागों के जिला कार्यालय हो सकेंगे। जिससे लोगों को अपनी शिकायतों से संबंधित मामलों को लेकर इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) को इन मिनी सचिवालयों के लिए जिले के भीतर स्थान की पहचान करने के लिए कहा गया है, जिससे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), राजस्व विभाग और समाज कल्याण विभाग आदि एक ही छत के नीचे आ सकेंगे।
इस योजना का उद्देश्य दिल्ली के लोगों को विभिन्न सेवाओं के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाने की आवश्यकता को कम करना है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निर्देश दिया है कि मिनी सचिवालयों की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान की जाए, ताकि सार्वजनिक सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाया जा सके। दिल्ली में वर्तमान में 11 राजस्व जिले हैं, जो सभी डीएम के अंतर्गत आते हैं, हर डीएम के अंतर्गत अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार और उप-रजिस्ट्रार व प्रशासनिक कार्यालय आते हैं। ये कार्यालय मजिस्ट्रेट और राजस्व मामलों से लेकर संपत्ति पंजीकरण और वैधानिक दस्तावेजों के जारी करने तक के व्यापक कार्यों को संभालते हैं। आइटीओ,सिविल लाइंस, कश्मीरी गेट और अन्य स्थानों पर स्थित कार्यालयों में जनता से जुड़े.विभागों को बढ़ाकर इन्हें लघु सचिवालयों में बदलकर अधिक स्थानीयकृत और एकीकृत शासन सुनिश्चित होने की उम्मीद है।
एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एजेंसियों की बहुलता के कारण कई निवासी भ्रमित और परेशान हो जाते हैं।

## 'प्रशासनिक दक्षता और नागरिक-केंद्रित शासन सुनिश्चित करना'


**कोई** व्यक्ति एमसीडी में अवरुद्ध नाली की रिपोर्ट करने के लिए जाता है, लेकिन पता चलता है कि यह डीजेबी के अंतर्गत आता है। फिर उन्हें डीजेबी कार्यालय जाना पड़ता है, जो शहर के किसी दूसरे हिस्से में हो सकता है। यदि ये प्रमुख विभाग एक साथ स्थित हैं, तो लोग आसानी से उसी परिसर के भीतर अगले कार्यालय में जा सकते हैं और अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। वर्तमान में अधिकांश सरकारी विभाग अलग-अलग स्थित हैं, जिससे नागरिकों को सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ता है।

## मिनी सचिवालय एकीकृत प्रशासनिक केंद्र के रूप में काम करेंगे

**मिनी** सचिवालय एकीकृत प्रशासनिक केंद्र के रूप में काम करेंगे और जिला स्तर पर सार्वजनिक सेवाओं का समन्वय करेंगे। दक्षिण-पश्चिम जिले में जो दिल्ली का सबसे बड़ा जिला है, जो 420 वर्ग किलोमीटर में फैला है। प्रस्तावित लघु सचिवालय के लिए द्वारका में एक स्थल की पहचान पहले ही कर ली गई है। जिले को तीन एडीएम कार्यालयों के अंतर्गत कापसहेड़ा, नजफगढ़ और द्वारका में बांटा गया है। इसमें 77 गांव हैं, जिनमें से कई दिल्ली-हरियाणा सीमा पर स्थित हैं। एक केंद्रीकृत केंद्र होने से जहां सभी सरकारी सेवाएं उपलब्ध होंगी, निवासियों को बहुत लाभ होगा।

## नशे का आदी लुटेरा गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिला के महेन्द्रा पार्क थाना पुलिस ने एक शातिर लुटेरे और ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अनवर क रूप में हुई हैं। वह डी-ब्लॉक, मंगल बाजार रोड भलस्वा डेयरी का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो चोरी के मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। उत्तरपश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार, 24 मई की रात एएसआई सचिन, हेड कांस्टेबल बलराम टीम के साथ आजादपुर मंडी के शेड नंबर-8 के पास गश्त कर रहे थे। तभी एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा।




दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने मॉडल टाउन क्षेत्र का दौरा किया, जहाँ उन्होंने गौशालाओं के विकास एवं गौवंश के पुनर्वास से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ अहम चर्चा की।

# कोविडः नए वैरिएंट के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं

**सतर्क रहे**

**कोरोना के मामले सामने आए हैं। लेकिन हमें अभी इसको लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत में कोविड के नए वैरिएंट सामने आने पर भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा, लोगों को कोविड-19 के इस नए वैरिएंट के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। देश के कुछ भागों में कोरोना के मामले सामने आए हैं। लेकिन हमें अभी इसको लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। डॉ. बहल ने कहा कि हमें अभी सिर्फ सतर्क रहने की जरूरत है। जब भी कोरोना के केस बढ़ते हैं तीन उसमें ध्यान दी जाती हैं। जिसमें पहला यह कि कितनी तेजी से केस बढ़ रहे हैं। दूसरा यह कि क्या वह हमारी इम्यूनिटी से बच रहा है। तीसरी सबसे जरूरी चीज यह है कि मौजूदा सीवियरटी पहले के मामलों से ज्यादा तो नहीं। अभी तक ताजा मामले चिंताजनक नहीं हैं। डॉ. बहल ने कहा कि सरकार और सभी एजेंसियां इस पर नजर रख रही हैं। मेरे अनुसार, बुनियादी सावधानियां बरती जानी चाहिए। देश में कोरोना के मामले एक बार फिर से रफ्तार पकड़ने लगे हैं। हफ्ते भर में ही यहां संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है, जिसने लोगों को डरा दिया है। पिछले एक हफ्ते (19 से 26 मई) के भीतर भारत में कोरोना के मामलों में करीब पांच गुना की वृद्धि हुई है। 22 मई को देशभर में एक्टिव केस 257 थे जो 26 मई को बढ़कर 1007 हो गए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को अलर्ट करते हुए कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करते रहने की सलाह दी है। विशेषज्ञों ने बताया कि फिलहाल देश में कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट के दो सब-वैरिएंट एक्टिव हैं, इनकी प्रकृति संक्रामक जरूर रही है, पर इसके कारण गंभीर रोग होने का खतरा कम देखा जा रहा है।

# दिल्ली पुलिस की सतर्कता से मासूम की जान बची

**सफलता**

**तेज कार्रवाई से दिल्ली पुलिस ने अपहरण की कोशिश करने वाले आरोपित को मौके से ही रंगे हाथों पकड़ लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले के केशवपुरम इलाके में एक मासूम बच्चे के अपहरण की कोशिश को दिल्ली पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया।
अपनी सूझबूझ और तेज कार्रवाई से दिल्ली पुलिस ने अपहरण की कोशिश करने वाले आरोपित को मौके से ही रंगे हाथों पकड़ लिया गया, बच्चे को मुक्त कराकर परिजनों को सौंप दिया। यह घटना रविवार की है जब आरोपित गोविंद (22) एक मासूम बच्चे को बहला-फुसलाकर ले जा रहा था। मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी गतिविधियों को संदिग्ध पाते ही शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। उत्तर पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार सूचना मिलते ही पीसीआर वैन में तैनात एसआई हरीश किशन और कांस्टेबल सचिन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पीसीआर से आरोपित का पीछा शुरू किया। खुद को घिरता देख आरोपित ने बच्चे को जमीन पर फेंककर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सतर्कता से उसे कुछ ही दूरी पर दबोच लिया गया।

# महिला को हराम बोलना उसकी गरिमा का अपमानः तीस हजारी कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। तीस हजारी** कोर्ट ने एक महिला को हराम शब्द बोलकर उसकी गरिमा का अपमान करने के लिए एक आरोपी को दोषी ठहराया है। आरोपी हेमंत उर्फ जीत के खिलाफ तिमारपुर पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 509 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, हाव भाव या कृत्य) के तहत मामला दर्ज था। न्यायिक मजिस्ट्रेट करणबीर सिंह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हराम शब्द ऐसा शब्द नहीं है जिसका इस्तेमाल सिर्फ किसी व्यक्ति का अपमान करने के लिए किया जाता है।
हराम शब्द का मतलब है कोई ऐसी चीज जो निषिद्ध हो और जिसे गलत तरीके से अर्जित किया गया हो। न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने अपने मामले को संदेह से परे साबित कर दिया है। ऐसे में यह साबित हो गया कि आरोपी ने पीड़िता के चरित्र पर कलंक लगाने वाले शब्दों का प्रयोग किया था।
इसलिए, आरोपी को आईपीसी की धारा 509 के तहत अपराध के लिए दोषी ठहराया जाता है। 17 मई के आदेश में अदालत ने कहा कि आरोपी के बोले गए शब्द का इस्तेमाल का उद्देश्य केवल पीड़िता का अपमान करना नहीं था। बल्कि इसका मतलब था कि वह चरित्रहीन थी, जिससे उसके चरित्र पर कलंक लगा। ऐसे शब्द किसी भी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले हैं।

## नाबालिग महिला पहलवान से यौन शोषण के मामले में बृजभूषण बरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने पूर्व कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा दायर की गई क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। यह मामला एक नाबालिग महिला पहलवान द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित है। दिल्ली पुलिस ने 15 जून 2023 को एक 550 पन्नों की रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने कहा कि जांच के दौरान बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं।

# एनआईए ने सीआरपीएफ के जवान को किया गिरफ्तार




**जासूस काबू**

**आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे 6 जून तक हिरासत में भेज दिया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीआरपीएफ के एक एएसआई को जासूसी के आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे 6 जून तक हिरासत में भेज दिया गया। केंद्रीय अर्धसैनिक बल ने इस मामले में अपने एएसआई मोतीराम जाट को बर्खास्त कर दिया है।
सीआरपीएफ नियमों के साथ भारत के संविधान के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोपी को 21 मई से बर्खास्त किया गया है।
सीआरपीएफ के मुताबिक, प्रोटोकॉल के उल्लंघन के बाद सीआरपीएफ कर्मी को बर्खास्त किया गया है। यह मामला एनआईए को भेजा गया था।
केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में सीआरपीएफ कर्मियों की सोशल मीडिया गतिविधियों की निरंतर निगरानी के दौरान, एएसआई/जीडी रैंक के एक कर्मी से जुड़े स्थापित मानदंडों और प्रोटोकॉल के उल्लंघन का मामला सामने आया था। इस मामले की प्रारंभिक जांच पड़ताल की गई। सीआरपीएफ ने इस मामले को गंभीर माना और आगे की जांच के लिए इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को भेज दिया। साथ ही, आरोपी को सीआरपीएफ नियमों के तहत सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बता दें कि सीआरपीएफ के सहायक उप-निरीक्षक मोतीराम जाट पर आरोप लगा है कि वह पाकिस्तान को खुफिया जानकारी मुहैया कराता था।
राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है।
पटियाला हाउस कोर्ट ने उसे 6 जून तक हिरासत में भेज दिया है। ऐसे आरोप हैं कि मोतीराम जाट दो तीन वर्षों से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से जुड़े लोगों के संपर्क में था। आरोप है कि उसने कई तरह की संवेदनशील जानकारी, पाकिस्तानी अधिकारियों तक पहुंचाई है।

# सरकारी नौकरी की परीक्षा में फर्जीवाड़ा, चार गिरफ्तार



**पर्दाफाश**

**डमी (बाहरी) उम्मीदवार के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश स्थित एक निजी स्कूल में आयोजित सरकारी नौकरी की परीक्षा में बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ है। जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित जूनियर सचिवालय सहायक पद की परीक्षा में एक डमी (बाहरी) उम्मीदवार के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में डमी उम्मीदवार सुमित दहिया, एक महिला बिचौलिया, स्कूल का शिक्षक बिमल कुमार सिंह और कार्यालय अधीक्षक बलजीत सिंह शामिल हैं। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि घटना 18 मई 2025 की है, जब परीक्षा केंद्र पर तैनात स्टाफ को एक उम्मीदवार पर शक हुआ। स्कूल के प्रिंसिपल ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद ग्रेटर कैलाश थाने की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि असली अभ्यर्थी अंकुर की जगह सुमित दहिया नामक युवक परीक्षा दे रहा था। पूछताछ में सुमित ने खुलासा किया कि उसे 6 लाख रुपये देने का वादा किया गया था ताकि वह अंकुर की जगह परीक्षा दे सके। पुलिस जांच में पता चला कि सुमित ने एक महिला के जरिए स्कूल स्टाफ से संपर्क साधा। उक्त महिला की स्कूल प्रशासन से पहले से जान-पहचान थी क्योंकि वह नेशनल ओपन स्कूल की परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरवाने और व्यवस्था कराने का काम करती थी।
महिला ने इस फर्जीवाड़े को अंजाम देने के लिए शिक्षक बिमल कुमार सिंह और कार्यालय अधीक्षक बलजीत सिंह को 50-50 हजार रुपये देकर मिला लिया।

# दंगा मामले में कपिल मिश्रा की याचिका पर 31 मई को सुनवाई

**याचिका**

**मिश्रा की मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से जांच के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा की मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से जांच के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दिया है। स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 31 मई को करने का आदेश दिया। सोमवार को सुनवाई के दौरान इस मामले के शिकायतकर्ता मोहम्मद इलियास ने मजिस्ट्रेट कोर्ट में जवाब दाखिल करते हुए कपिल मिश्रा की अर्जी का विरोध किया। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 31 मई तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। कोर्ट ने इस मामले में जांच करने के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर लगी रोक को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। इसके पहले सेशंस कोर्ट ने 9 अप्रैल को मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए

# बुजुर्ग से डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर ठगे 25 लाख रुपये, तीन गिरफ्तार

**कामयाबी**

**दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। लाखों रुपये की ठगी कर रहे थ**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपित डिजिटल गिरफ्तारी का झांसा देकर वरिष्ठ नागरिकों से लाखों रुपये की ठगी कर रहे थे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान राहुल वर्मा (रायपुर, छत्तीसगढ़), शांतनु ऋचोरिया (झांसी, उत्तर प्रदेश) और अर्जुन सिंह (सहारनपुर, उप्र) के रूप में हुई है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार पालम कॉलोनी निवासी महेन्द्र जैन ने साइबर थाना को दी शिकायत दी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 21 मार्च 2025 को उन्हें व्हाट्सऐप पर एक वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को नासिक पुलिस का इंस्पेक्टर संजय बताया। उसने बताया कि उनका आधार कार्ड कैनरा बैंक में फर्जी डेबिट/क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए उपयोग हो रहा है और यह एक बड़ी एयरलाइन कंपनी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़ा है।
डर और धमकी के माहौल में शिकायतकर्ता ने अपनी सारी बचत, एफडी तोड़कर, पत्नी के गहने बेचकर आरोपितों के बताए खातों में करीब 25 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। एसएचओ इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस, मनी ट्रेल और डिजिटल फुटप्रिंट्स के जरिए आरोपितों का पता लगाया।

# दिल्ली में मिले अब तक 104 एक्टिव केस, हेल्थ विभाग अलर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना मरीजों का आंकड़ा सौ के पार पहुंच गया है। ताजा जानकारी के मुताबिक, 104 मामलों की अब तक पुष्टि हो चुकी है। वहीं दूसरी तरफ नोएडा में चार ओर लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। जिसके बाद नोएडा में कोरोना का आंकड़ा पांच हो गया है। वहीं दिल्ली सरकार की ओर से सभी अस्पतालों को लेकर एडवाइजरी जारी हो चुकी है। बीते दिनों दिल्ली में एक ही दिन में 23 मामले सामने आए थे।

**दिल्ली में अब तक 104 कोरोना के केस आए**

दिल्ली समेत देश में कोरोना के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बीते एक हफ्ते में देश में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 305 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी। चिंता की बात यह है कि बीते सात दिनों में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सात दर्ज किया गया है। मरने वालों महाराष्ट्र के चार, केरल के दो और कर्नाटक का एक शख्स शामिल है। नए मामलों की बात करें तो बीते एक हफ्ते में (19 मई के बाद) सबसे ज्यादा 335 मामले केरल, 153 महाराष्ट्र, 99 दिल्ली, 76 गुजरात और 34 कर्नाटक में आए हैं।

**कोरोना के सबसे ज्यादा मामले कहां ?:** कुल केसों की बात करें तो केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा 403 मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई में 209 और दिल्ली में अब तक 104 मामले दर्ज किए गए हैं। इन शहरों के बाद गुजरात का नंबर आता है, जहां 83 मामले दर्ज किए गए हैं।
कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 और पश्चिम बंगाल में 12 मामले दर्ज किए गए हैं।

## अस्पतालों को एडवाइजरी जारी

**सभी** अस्पतालों को बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर सहित दूसरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने एडवाइजरी जारी कर दी है। इसमें अस्पताल परिसर में मास्क पहनने का परामर्श दिया गया है।

**स्वास्थ्यकर्मियों को दोबारा से करें प्रशिक्षित**

एडवाइजरी के अनुसार स्वास्थ्यकर्मियों को दोबारा से कोविड-19 से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। अस्पतालों में बेड, ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक्स, अन्य दवाओं और वैक्सीन की उपलब्धता को सुनिश्चित करें। अस्पताल में वेंटिलेटर, बाई-पैप, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, पीएसए आदि सभी उपकरण कार्यात्मक स्थिति में हो।
अस्पतालों को सभी स्वास्थ्य सुविधाओं (ओपीडी/आईपीडी) में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (एसएआरआई) के मामलों को रोजाना आधार पर रिपोर्ट करना होगा। एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफॉर्म पोर्टल पर अपडेट करेंगे। इन्फ्लूएंजा और कोविड-19 मामलों को भी अस्पताल एल फॉर्म के तहत आईएचआईपी पर रिपोर्ट करेंगे।

# प्राकृतिक खेती को अपनाएं किसान: सीएम सैनी

प्राकृतिक खेती के लिए देसी गाय की खरीद पर सरकार दे रही 30,000 रुपये की सब्सिडी,मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र के बिहोली गांव में राजकीय पशु चिकित्सा पालीक्लिनिक का किया उद्घाटन,गांव के विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री ने की 21 लाख रुपये की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसलों में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग करने से बचें। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी सशक्त और मजबूत हो, इसके लिए हमें प्राकृतिक खेती की ओर बढना होगा। किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे न केवल मिट्टी की उर्वरा बनी रहती है, बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु हरियाणा सरकार किसानों को एक देसी गाय की खरीद पर 30 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान कर रही है, जिससे वे गो-आधारित जैविक विधियों को अपनाकर टिकाऊ कृषि की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

मुख्यमंत्री सोमवार को जिला कुरुक्षेत्र के गांव बिहोली में राजकीय पशु चिकित्सा पालीक्लिनिक के उद्घाटन करने उपरांत उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गांव के विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 4 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से बना यह पॉलीक्लिनिक आसपास के क्षेत्र के पशुओं को विशेष पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। इस पॉलीक्लिनिक में पैथोलॉजी, पैरासिटोलॉजी, गायनोकोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, सर्जरी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे जैसी सेवाओं के साथ-साथ इनडोर एवं आउटडोर इकाइयाँ भी उपलब्ध रहेगी। साथ ही, यह संस्थान विशेषज्ञ पशु चिकित्सा अधिकारियों, तकनीशियनों और सहायक स्टाफ से सुसज्जित होगा, जिससे यह एक आदर्श पशु चिकित्सा केन्द्र के रूप में स्थापित होगा। वर्तमान समय में पशुपालन क्षेत्र में आ रही चुनौतियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुधारू पशुओं की कीमत हजारों में नहीं, लाखों में है। भूमिहीन और छोटे किसानों के लिए इतना महंगा पशु खरीदना मुश्किल होता है। यदि वह खरीद भी लेता है तो उसे पशु के स्वास्थ्य की चिंता रहती है। इन हालातों में पशु चिकित्सा संस्थानों का महत्व बहुत बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इस समय पूरे राज्य में 6 राजकीय पशु चिकित्सा पालीक्लिनिक चल रहे हैं। ये सिरसा, जींद, रोहतक, भिवानी, सोनीपत और रेवाड़ी में स्थित हैं।

अब कुरुक्षेत्र का यह पॉलीक्लिनिक 7वां केन्द्र बन गया है। उन्होंने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र में इस समय 49 राजकीय पशु चिकित्सालय एवं 72 राजकीय पशु औषधालय चल रहे हैं। इनमें पशु चिकित्सकों के 51 पदों में से 47 पद तथा वी.एल.डी.ए के 130 में से 119 पद भरे हुए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार लगातार गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रही है। पिछले 10 वर्षों में राज्य में लगभग 650 गौशालाएं खोली गई हैं।






## लाडवा में हुए ढाई गुना ज्यादा विकास कार्य: सीएम

**लाडवा** विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 2024 से अब तक इस क्षेत्र में लगभग 110 करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए हैं, कुछ पूरे हो गए हैं और कुछ प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा, पिछले 10 वर्षों में वर्तमान सरकार ने लाडवा विधानसभा क्षेत्र में 794 करोड़ रुपये के विकास के कार्य करवाए हैं। जबकि कांग्रेस के शासनकाल में इस क्षेत्र में मात्र 310 करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए हैं। जनता जानती है कि किस प्रकार उस समय भ्रष्टाचार होता था।, परंतु हमारी सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से न केवल लाडवा, बल्कि हर विधानसभा क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि हर घर गृहिणी योजना के तहत प्रदेश में 17 लाख महिलाओं को 500 रुपये में गैस का सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। लाडवा क्षेत्र में 9240 परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इस क्षेत्र में 364 मकान बनाए गए हैं और 249 मकानों निमार्णाधीन हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकास को लेकर अब दोगुना नहीं, बल्कि तीन गुणा गति से काम कर रही है। सरकार ने अपने संकल्प पत्र में किए गए संकल्पों में से 22 संकल्पों को पूरा कर दिया है और 90 संकल्प इसी वर्ष पूरे होंगे।



**डेयरी स्थापित करने के लिए ब्याज अनुदान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डेयरी स्थापित करने पर लाभार्थियों को 20 से 50 दुधारू पशुओं की इकाई की खरीद हेतु लिये गये बैंक ऋण पर ब्याज अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 2, 4 तथा 10 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाइयां स्थापित करने पर 25 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

### दुग्ध उत्पादन में हरियाणा अग्रणी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्हें प्रदेश के किसानों और पशुपालकों पर गर्व है, जिनकी कड़ी मेहनत से हरियाणा को पशुपालन में विशेष पहचान मिली है। हालांकि, राज्य में देश के दुधारू पशुओं का मात्र 2.1 प्रतिशत हिस्सा है, फिर भी हम देश के कुल दूध उत्पादन का 5.11 प्रतिशत योगदान करते हैं। वर्ष 2023-24 में हरियाणा ने 1 करोड़ 22 लाख 20 हजार टन दूध का उत्पादन किया था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारे प्रगतिशील पशुपालक इसमें लगातार बढोतरी करते जाएंगे। हमारी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दूध उपलब्धता भी राष्ट्रीय औसत से 2.34 गुणा है। राष्ट्रीय औसत 471 ग्राम है, जबकि हरियाणा की 1105 ग्राम है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य नस्ल सुधार करके और अधिक दूध का उत्पादन करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत सामान्य दूध उत्पादकों को 5 रुपये प्रति लीटर तथा गरीब परिवारों के दूध उत्पादकों को 10 रुपये प्रति लीटर की दर से सब्सिडी दी जाती है। इतना ही नहीं, सहकारी दुग्ध उत्पादक समितियों के दुग्ध उत्पादकों के 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दसवीं के बच्चों को 2,100 रुपये व बारहवीं कक्षा के लिए 5,100 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है। सहकारी दुग्ध उत्पादक समितियों के दुग्ध उत्पादकों का 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा करवाया जाता है।

# खारे पानी को अभिशाप की जगह वरदान में बदलें अधिकारी : राणा

**मत्स्य पालन**

झींगा मछली का पालन करने के लिए किसानों को प्रेरित करें बीज से लेकर बिक्री तक दी जा रही है सब्सिडी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मछली के बीज से लेकर उसकी बिक्री करने तक की प्रक्रिया में उत्पादकों को सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभाग को अलॉट होने वाले बजट का पूरे वर्ष का एक्शन प्लान बनाएं ताकि मछली पालकों को उनकी सब्सिडी समय पर दी जा सके , साथ ही इससे प्रोजेक्ट निर्धारित अवधि में पूरे होने में मदद मिलेगी। राणा आज यहां मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इस अवसर पर बैठक में मत्स्य पालन विभाग की आयुक्त श्रीमती अमनीत पी. कुमार , निदेशक श्रीपाल राठी, उपनिदेशक संदीप कुमार बेनीवाल समेत विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को खारा पानी में झींगा मछली पालन के लिए प्रेरित करें , क्योंकि झींगा मछली का उत्पादन खारा पानी में होता है। खारे पानी में कृषि की फसलें न होने के कारण किसान खारे पानी को अभी तक अभिशाप मानते आए हैं। अधिकारी किसानों को इस खारे पानी में झींगा मछली के पालन के लिए प्रेरित करेंगे तो यही अभिशाप माना जाने वाला पानी वरदान साबित हो सकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वे कृषि विभाग के साथ मिलकर एक योजना बनाएं जिसमें राज्य के सेमग्रस्त अथवा जलभराव वाले क्षेत्र में तालाब बनाए जाएँ जिससे ट्यूबवेल के माध्यम से इन तालाब में नीचे जमीन का खारा पानी निकालकर भरा जाए। इससे ट्यूबवेल के आस-पास का क्षेत्र सेममुक्त हो जाएगा और किसानों को झींगा मछली से अच्छी खासी आमदनी भी हो जाएगी। श्याम सिंह राणा ने "गहन मत्स्य विकास कार्यक्रम" , "कृषि मानव संसाधन विकास कार्यक्रम" , "राष्ट्रीय मत्स्य बीज कार्यक्रम" , "प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना" , "जलभराव एवं लवणता वाले क्षेत्रों" के अंतर्गत आने वाली गतिविधियों , अनुसूचित जाति के परिवारों को मत्स्य के क्षेत्र में दी जाने वाली सब्सिडी तथा अन्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला सिरसा , रोहतक , फतेहाबाद और हिसार जिलों में खारे पानी के "जलीय कृषि क्लस्टर परियोजना" की स्थापना की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि एससी/एसटी तथा महिलाओं को "प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना" के तहत जो 60 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है , उससे इनके जीवन स्तर में खास प्रभाव पड़ा है। मत्स्य पालन मंत्री ने भिवानी जिला के गांव गरवा में प्रस्तावित " एकीकृत एक्वापार्क उत्कृष्टता केंद्र" स्थापित करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# डिजिटल पुलिसिंग और गवर्नेंस में हरियाणा का दबदबा

**डैशबोर्ड**

अक्टूबर 2024 से प्रदेश ने प्रगति डैशबोर्ड पर लगातार शत-प्रतिशत अंक हासिल किए हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा ने डिजिटल गवर्नेंस और नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग में राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपनी मजबूत स्थिति को बरकरार रखा है। अक्टूबर 2024 से प्रदेश ने प्रगति डैशबोर्ड पर लगातार शत-प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, जो डिजिटल अपराध ट्रैकिंग और डेटा प्रबंधन में प्रदेश के शीर्ष प्रदर्शन को दर्शाता है। जून 2021 से, पिछले 46 महीनों में राज्य ने 35 बार शीर्ष स्थान हासिल कर निरंतर प्रभावी और पारदर्शी पुलिसिंग की अपनी प्रतिबद्धता जताई है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज यहां राज्य सर्वोच्च समिति (एसएसी) की 30वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (सीसीटीएनएस) की प्रगति की समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आई। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि हरियाणा पुलिस हरसमय पोर्टल पर उपलब्ध नागरिक सेवाओं के लिए सेवा का अधिकार (आरटीएस) डैशबोर्ड पर 10 में से 10 अंक प्राप्त कर रही है। गत 22 मई तक सरल पोर्टल पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर 69.95 लाख से अधिक आवेदन संसाधित करके, समय पर सेवा प्रदान करने में हरियाणा पुलिस सभी विभागों में पहले स्थान पर है। उन्होंने आगे बताया कि दक्षता में सुधार के लिए सीसीटीएनएस प्रणाली में कई प्रमुख तकनीकी सुधारों को एकीकृत किया गया है। इनमें मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) हैंडलिंग, पोस्टमॉर्टम रजिस्ट्रेशन और डॉक्टर की जानकारी के प्रबंधन को बेहतर बनाने के मकसद से पैच-10 की स्थापना शामिल है। गत 10 जनवरी, 2025 से इस प्रणाली के माध्यम से सम्बन्धित न्यायालय द्वारा चार्जशीट सत्यापन की पुष्टि का भी प्रावधान किया गया है। निर्बाध डिजिटल प्रमाणीकरण के उद्देश्य से सभी प्रासंगिक फॉर्मों और दस्तावेजों के लिए ई-साइन सुविधा को जेनरिक बनाया गया है। इसके अलावा, जांच अधिकारियों के आधार कार्ड को उनके सीसीटीएनएस लॉगिन आईडी से मैप किया गया है, जिससे प्रत्येक ई-साइन उपयोग के लिए आधार नंबर मैन्युअल रूप से दर्ज करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। वाहन चोरी के मामलों में एफआईआर के स्वचालित पंजीकरण के लिए ई-एफआईआर मॉड्यूल अब पूरी तरह से कार्यात्मक है। इसके अलावा, दुर्घटनावश मृत्यु के मामलों से जुड़े ईमेल सीसीटीएनएस प्लेटफॉर्म से उपायुक्तों को स्वचालित रूप से संबंधित भेजे जाते हैं।

# चुनावी प्रणाली की दक्षता, समावेशिता को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा आयोग

## राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, राजनैतिक दलों, कानूनविदों के साथ स्थापित किया सीधा संवाद

**पहल**

राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों, कानूनविदों के साथ नई दिल्ली में सीधा संवाद करके कई परिवर्तनकारी पहलें की

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रणाली की दक्षता, पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 36 मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों, कानूनविदों के साथ नई दिल्ली में सीधा संवाद करके कई परिवर्तनकारी पहलें की हैं। आयोग की इस पहल का सभी धारकों ने स्वागत किया है।

अग्रवाल ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू तथा डॉ. विवेक जोशी के साथ इस राष्ट्रीय सम्मेलन का कककउट नई दिल्ली में उद्घाटन किया। इसमें सर्वोच्च न्यायालय तथा देश के 28 उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी भाग लिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आयोग के लीगल फ्रेम वर्क को सुदृढ़ करना तथा आने वाली चुनौतियों को प्रभावी तरीके से हल करना है।

उन्होंने बताया कि एक दिवसीय सम्मेलन ने आयोग और देश भर के प्रमुख कानून विशेषज्ञों के बीच संवाद और विचारों का आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्राप्त हुआ। यह रणनीतिक भागीदारी भारत में चुनावी न्यायशास्त्र के गतिशील परिदृश्य के साथ अपने कानूनी संसाधनों को संरेखित करने में चुनाव आयोग द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। चुनाव आयोग ने 2025 में एक एकीकृत डैशबोर्ड, एउक्ळएळ को डिजाइन और विकसित करने के लिए एक नई पहल की शुरूआत की है, ताकि सभी हितधारकों द्वारा अपेक्षित कानूनी प्रावधानों के दायरे में सभी प्रासंगिक डेटा तक एकल-खिड़की पहुंच प्रदान की जा सके।




यह अनूठी पहल चुनाव आयोग की सभी आईसीटी पहलों को एक ही छत के नीचे एकीकृत करेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग ने असम तथा तमिलनाडू की आठ सीटों के लिए राज्यसभा के लिए द्वि-वार्षिक चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया है। इसके लिए 2 जून को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन पत्र 9 जून, 2025 तक जमा करवाए जा सकते हैं तथा 10 जून को नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर शौचालय होंगे चकाचक

**दिशा-निर्देश**

मानसून से पहले नालों की होगी सफाई, सुभाष चंद्र ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के क्षेत्रीय अधिकारी से की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** राष्ट्रीय राजमार्ग पर शौचालय और नालों की सफाई को लेकर बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के क्षेत्रीय अधिकारी विपनेश शर्मा से चंडीगढ़ में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 44 करीब आधे हरियाणा को कवर करता है, यह प्रदेश की जीवन रेखा है इसलिए राष्ट्रीय राजमार्ग को साफ सुंदर व सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हजारों देसी और विदेशी पर्यटक इस हाइवे से होकर गुजरते हैं जिन्हें साफ व स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराना राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की जिम्मेदारी है। उन्होंने शौचालयों और राष्ट्रीय राजमार्ग की साफ सफाई पर निगरानी और शिकायतों के निवारण हेतु मोबाइल एप जारी करने को कहा ताकि आम लोग इस पर अपनी शिकायतें व सुझाव दे सकें।

बैठक में उन्होंने मानसून सीजन से पूर्व राजमार्ग के दोनों तरफ के नालों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही अधिकारियों से राजमार्ग के दोनों तरफ पड़े कचरे के ढेरों को जल्द हटाने को कहा।

हरियाणा प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग 44 ,स्टेट हाईवे, टोल प्लाजा, अंडर पास, फ्लाईओवर के साथ साथ इनके साथ लगते नालों की स्वच्छता पर उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारी विपनेश शर्मा से कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के अलावा प्रदेश से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों के शौचालयों की स्वच्छता भी सुनिश्चित हो और उनकी रैंकिंग की व्यवस्था बनाई जाए। सुभाष चंद्र ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यह सुनिश्चित करें कि उनकी सडकों पर लेन, जेब्रा क्रासिंग, स्पीड ब्रेकर, साइन बोर्ड, लाइटों, जर्सी बैरियर, रेलिंग, मेडियन उचित ढ़ंग से लगे हुए होने चाहिए। वाहन चालकों से नियमों की कड़ाई से पालना करवाई जाए।

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी अवैध कट और गड्ढों को तुरंत प्रभाव से बंद करवाने और सर्विस रोड को ठीक करवाने के निर्देश भी दिए।

# आज पंचकूला में भव्य योग महोत्सव का होगा आयोजन

**तैयारी**

2025 को भव्य योग महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 का प्रतीक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग के सहयोग से 27 मई, 2025 को भव्य योग महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 का प्रतीक है। पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम योग और स्वास्थ्य पर आधारित होगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे, जबकि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव समारोह की अध्यक्षता करेंगी। हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने राज्य में योग और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस महोत्सव में सूर्य नमस्कार-2025 चैंपियन का सम्मान समारोह भी होगा।

# मोदी के नेतृत्व ने बनाया भारत को संसार की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था : धनखड़

**सशक्त नेतृत्व**

दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व को दिया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर।** भारतीय जनता पार्टी के सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व को दिया है और इस उपलब्धि के लिए जनता को बधाई दी है। भाजपा नेता धनखड़ ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 4.187 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गई है। अगले तीन-चार साल में हमारा देश दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत की अर्थव्यवस्था के सामने अमेरिका, चीन और जर्मनी ही अब आगे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थ व्यवस्था अब चार लाख 18 हजार 700 करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है, अर्थात 356 लाख दस हजार 435 करोड़ रुपए की हो गई है। धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में अर्थव्यवस्था के मामले में भारत का डंका अब फिर से पूरी दुनिया में बजने लगा है। भारत के लिए अभी माहौल अच्छा है। देश की आर्थिक स्थिति मजबूत है। आने वाले कुछ वर्षो में जर्मनी को भी पीछे छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में देश की ग्रोथ रेट 6.8 फीसदी रह सकती है। इसका मतलब है कि देश की इकोनॉमी इस दौरान तेजी से बढ़ी है। इस बढ़ोतरी के पीछे खेती-किसानी, होटल, परिवहन और निर्माण जैसे क्षेत्रों का मजबूत प्रदर्शन है।

# उच्चतर शिक्षा विभाग ने घोषित किए विज्ञान रत्न अवार्ड

**निष्पक्ष**

उच्चतर शिक्षा विभाग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय द्वारा वर्ष 2022, 2023 और 2024 के लिए अवाड्र्स की घोषणा

निकट भविष्य में होगा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय द्वारा वर्ष 2022, 2023 और 2024 के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न और युवा विज्ञान रत्न अवाड्र्स घोषित किये गए हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय के महानिदेशक राजीव रतन ने इस संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार ने अप्रैल में हरियाणा के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर पुरस्कार विजेताओं के नामों को अंतिम रूप दिया है। उन्होंने बताया कि चयन समिति में निदेशालय के प्रशासनिक सचिव और महानिदेशक के अलावा बाहरी विशेषज्ञों के रूप में विभिन्न क्षेत्रों के शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार विजेता शामिल थे। निकट भविष्य में राज्य स्तरीय समारोह में वैज्ञानिकों को इन पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द कुमार और डॉ. राजकुमार को वर्ष 2022 के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की गई है जबकि डॉ. विनीत वशिष्ठ और डॉ. विकास को हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के लिए डॉ. सुदेश कौर खंडूजा को हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। डॉ. परमवीर सिंह और डॉ. चिराग जैन को हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। इसी प्रकार वर्ष 2024 के लिए डॉ. दीपक थंकप्पन और डॉ. अनिर्बन बसु को हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड के लिए चयनित किया गया है।

डॉ. जोगिन्दर सिंह और डॉ. स्वाति सिंह को हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड से पुरस्कृत जायेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय द्वारा प्रत्येक वर्ष अधिकतम दो विज्ञान रत्न पुरस्कार और दो युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार की योजना चलाई जा रही है । इस योजना के तहत,यह पुरस्कार उन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को दिए जाते हैं जिन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। इसके अलावा जिन्होंने दस साल या उससे अधिक समय तक हरियाणा राज्य में काम किया है और/या शिक्षा प्राप्त की है या उनके पास वैध हरियाणा निवासी प्रमाण पत्र है। उन्होंने बताया कि हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार 40 वर्ष से अधिक आयु के वैज्ञानिकों के लिए है और युवा पुरस्कार 40 वर्ष से कम आयु के वैज्ञानिकों के लिए है। प्रत्येक विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए पुरस्कार राशि 5.00 लाख रुपये है जबकि प्रत्येक युवा पुरस्कार के लिए पुरस्कार राशि 1.00 लाख रुपये पुरस्कार के रूप में दी जाती है।

# नागरिकों की समस्याओं के समाधान से पूर्व अधिकारियों को गहराई व समझ से कार्य करने की आवश्यकता: दहिया

**समाधान शिविर**

**नागरिकों की आशाओं व अपेक्षाओं पर खरा उतरता जनता समाधान शिविर: एसडीएम ब्रह्म प्रकाश**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा प्रदेश भर में नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर सार्थक साबित हो रहे है। जिले में इन शिविरों का जनता को भरपूर लाभ मिल रहा है। सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जनता समाधान शिविर आम नागरिक की आशाओं व अपेक्षाओं पर खरा उतर रहा है। जो समस्याएं समाधान शिविर में पहुंच रही है उनका समाधान निश्चित रूप से किया जा रहा है।

उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर और गहराई व समझ से कार्य करके निदान करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने



कहा कि उनकी मेहनत व कर्तव्यनिष्ठद्दा से ही बदलाव की झलक दिखाई पड़ेगी। उपायुक्त डॉ. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्य के प्रति और गम्भीरता से अपनी डयूटी निभाएं।
समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए एसडीएम ब्रह्मद्दप्रकाश ने कहा कि अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान को लेकर इस तरह से कार्य करना चाहिए की जिले के नागरिक उन्हें लंबे समय तक याद रखें। इसके लिए उन्हें और प्रयास करने होगे। उन्होंने कहा कि यह समाधान शिविर जनसमस्याओं के निदान को लेकर आयोजित किया जा रहा है। अब यह शिविर सप्ताह में मात्र दो दिन आयोजित हो रहा है। ऐसे में अधिकारियों को अपनी उपस्थिति का ध्यान रखना चाहिए।समाधान शिविर में वीरवार को पैंशन, क्रिड विभाग, पुलिस विभाग से सम्बंधित 34 समस्याएं विभिन्न विभागों से जुड़ी हुई प्राप्त हुई। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को समस्याओं के कम से कम समय में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सामाजिक कार्यकर्ता रंजिता कौशक ने कुछ जरूरतमंदों की समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी। उन्होंने ताजपुर, बलाना व माण्डी के लोगों की बुढ़ापा पैंशन व पीएचसी मांडी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की उपायुक्त से प्रार्थना की। उपायुक्त ने सम्बंधित विभागों को संज्ञान लेने के निर्देश दिए।

यशपाल ने ऑफीसर कॉलोनी में पानी के अवैध कनेक्शन का फायदा लेकर पानी चोरी करने के संदर्भ में प्रशासन से संज्ञान लेने का अनुरोध किया। ग्रीन पार्क वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से डॉक्टर नरेंद्र ने बिजली की लाइट लगवाने व योग हाल के लिए उपरोक्त स्थान पर हुए अवैध कब्जा हटवाने का अनुरोध किया। प्रार्थी वासी रूमा देवी वासी जलालपुर ने दिव्यांग पैंशन बनवाने के लिए उपायुक्त से अनुरोध किया। प्रार्थी जोगिंदर वासी डाहर ने विकलांगता पैंशन बनवाने के लिए उपायुक्त से गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि वह सभी प्रकार की प्रक्रिया पूरी कर चुकी है लेकिन अभी तक उसे विकलांगता पैंशन का लाभ नही मिल पाया है। उपायुक्त ने डीएसडब्ल्यू को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में कविता वासी परढआना ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने जांच के आदेश दिए। इस मौके पर निगम अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, संयुक्त आयुक्त सीटीएम डॉक्टर संजय, सीईओ डॉ. किरण, नगराधीश टिनू पोशवाल, डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया, उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स, एलडीएम राजकुमार, डीटीपी संजय आंतिल, डीएचओ शार्दुल शंकर, ईएसआई डॉ. निखिल आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड चेयरमैन से मिला स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

**आश्वासन**

**चेयरमैन द्वारा सभी मांगों पर सहमति जताते हुए शीघ्र अमल का आश्वासन दिया गया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा जी के नेतृत्व में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन प्रो. पवन कुमार शर्मा से मिला।
प्रतिनिधिमंडल ने बोर्ड अध्यक्ष को मांगपत्र सौंपा, जिस पर चेयरमैन द्वारा सभी मांगों पर सहमति जताते हुए शीघ्र अमल का आश्वासन दिया गया।
प्रतिनिधिमंडल में नूंह इकाई से जिला कोऑर्डिनेटर नाजिम आजाद व जिला प्रधान रमन रोहिल्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। नूंह इकाई द्वारा जिले से जुड़े विशिष्ट मुद्दों को चेयरमैन के समक्ष रखा गया, जिन पर उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित आदेश



जारी किए।
जिला प्रधान रमन रोहिल्ला ने बताया कि अध्यापकों को उइरए की तर्ज पर मानदेय देने पर सहमति बनी। बीते व वर्तमान वर्षों की परीक्षाओं के दौरान अध्यापकों पर दर्ज नाजायज ऋक्ष्क्ष को शीघ्र सुलझाने का आश्वासन मिला।
नाम, पिता का नाम व जन्मतिथि में सुधार के लिए ऑनलाइन लिंक उपलब्ध कराने और शुल्क की ऑनलाइन कटौती व्यवस्था पर सहमति बनी। अब छोटी-मोटी त्रुटियों के सुधार के लिए जिला शिक्षा अधिकारी से काउंटर साइन कराने की आवश्यकता नहीं होगी । यह प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी।और अब विद्यालय को अपना पूरा रिकॉर्ड भिवानी बोर्ड में ले जाने की आवश्कता नहीं होगी।
बोर्ड चेयरमैन प्रो. पवन कुमार शर्मा ने मेवात जिले के परीक्षा परिणामों पर विशेष चर्चा की और उन्हें बेहतर बनाने हेतु सुझावों पर विचार किया।
साथ ही, उन्होंने सभी पदाधिकारियों से नकल मुक्त परीक्षा संचालन व विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए समर्पित प्रयास करने का आह्वान किया।
इस अवसर पर प्रदेश भर से यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे और सभी ने बोर्ड चेयरमैन का आभार प्रकट किया।

# पुन्हाना में किराना स्टोर से लाखों की नकदी व चांदी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** ले के थाना शहर पुन्हाना पुलिस ने किराना स्टोर में हुई बड़ी चोरी की वारदात का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये नकद और चांदी के सिक्के बरामद किए हैं।
नूंह जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, दिनांक 21 मई 2025 को उत्तम चंद पुत्र प्रकाश चंद निवासी वार्ड नंबर 7, जगालगढ़ रोड पुन्हाना ने थाना पुन्हाना में शिकायत दी थी कि 20 मई की रात उनकी दुकान "उत्तम किराना स्टोर" से लगभग 3.4 लाख रुपये नकद और करीब 300 ग्राम चांदी चोरी हो गई है। शिकायत के आधार पर थाना पुन्हाना शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर



कार्रवाई करते हुए गत 25 मई को दो आरोपियों तारीफ उर्फ कुत्ती पुत्र मोहम्मद कासम निवासी मुबारकपुर रावलकी और वसीम अकरम उर्फ हक्का पुत्र निजामुद्दीन निवासी मुबारकपुर रावलकी जिला नूंह को गिरफ्तार किया गया।
पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जुर्म कबूल किया और उनकी निशानदेही पर चोरी की गई रकम में से, तारीफ उर्फ कुत्ती से 20,000 रुपये नकद, 163 रुपये की खरीददारी की वस्तुएं, 4 चांदी के सिक्के और एक चांदी का बिस्कुट बरामद किया गया, तथा 1.2 लाख रुपये उसके दोस्त समसू के खेत में गड्ढा खोद कर छुपाए मिले। आरोपी वसीम अकरम उर्फ हक्का से 27,640 रुपये नकद चांदी के सिक्के और कुछ खरीदी गई वस्तुएं उसके घर से तथा 1 लाख रुपये उसकी बहन की ससुराल बिशम्बरा कोसी, उत्तर प्रदेश से बरामद किए गए। दोनों आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में पेश कर दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है ताकि और भी चोरी की वारदातों का खुलासा किया जा सके।

# अवैध खनन करना बड़ा अपराध: उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
जिला सचिवालय स्थित द्वितीय तल सभागार में सोमवार को जिला टास्क फोर्स कमेटी (माईनिंग) की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि अवैध माईनिंग कार्य करने वाले समाज के दुश्मन है। जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए अधिकारियों को और सख्ती से कार्यवाही करनी होगी।
उपायुक्त ने कहा कि जिस क्षेत्र में अवैध माईनिंग की सम्भावनाएं दिखाई पड़ती है वहां अधिकारी निगरानी बरते और ज्यादा से ज्यादा एफआईआर दर्ज कर अवैध खनन पर शिकंजा कसें।

पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि रात्रि के वक्त और निगरानी बरतने की आवश्यकता है। अवैध माईनिंग का कार्य करने वाले इस तरह के कार्य को रात्रि के वक्त अंजाम देते हैं।

# प्रशासन जिले में नहीं होने देगा अवैध निमार्ण: उपायुक्त डॉ. विरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय में जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसी भी तरह से अवैध कॉलोनियों का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। इस कार्य में अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा चौकसी बरतने की आवश्यकता है।

उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जहां पर अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है वहां पर पुलिस बल को साथ लेकर तुरंत कार्यवाही करें। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नही होनी चाहिए। अधिकारी इसे प्राथमिकता से ले।

पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस हमेशा इस कार्य के लिए मुस्तेद रहेगी। जहां भी पुलिस का सहयोग डीटीपी लेंगे तुरंत पुलिस मुहैया करवाई



जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस कार्य को करने के लिए अधिकारियों को और इसमें और गति प्रदान करनी होगी। जहां-जहां अवैध निर्माण की जानकारी मिलती है वहां-वहां तत्काल कार्यवाही करें व जरूरत पडने.पर एफआईआर भी दर्ज करें। इस कार्य में देरी करने वाले अधिकारियों पर भी एफआईआर दर्ज हो सकती है। उन्होंने ईमानदारी से इस कार्य को करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम ब्रहमप्रकाश, समालखा एसडीएम अमित कुमार, डीटीपी संजय अंतिल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक ने प्रेमिका के घर के बाहर लगाई आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के जुंडला गेट पर सोमवार दोपहर को एक युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते खुद को आग के हवाले कर दिया। युवक अपनी प्रेमिका के घर पहुंचा और वहीं खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। आग की



लपटें देख आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने फौरन आग बुझाई और गंभीर रूप से झुलसे युवक को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसकी हालत को दखेते हुए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। परिवार के लोग अब उसे चंडीगढ़ इलाज के लिए ले गए है।
पुलिस के मुताबिक युवक की पहचान कटा बाग निवासी संदीप पुत्र महेंद्र सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मामला प्रेम प्रसंग का है और संदीप का एक लडकी से कुछ समय से संपर्क था। सोमवार को दोपहर वह सीधे जुंडला गेट स्थित युवती के घर पहुंचा और वहीं खुद पर पेट्रोल छिडककर आग लगा ली।
जैसे ही युवक ने आग लगाई, मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत आग पर काबू पाया। युवक बुरी तरह झुलस गया। उसे तुरंत ही इलाज के लिए अस्पताल में लेकर आया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक युवक की हालत इस वक्त स्थिर बताई जा रही है और उसकी देखरेख की जा रही है।
पुलिस ने बताया कि इससे पहले भी संदीप और युवती के परिवार के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले में सिटी थाने में शिकायत दी गई थी, जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौता करवा दिया गया था। बावजूद इसके युवक ने ऐसा कदम उठाया, जिससे सभी हैरान हैं।
घटना की जानकारी मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। इंचार्ज एसआई दिलबाग सिंह ने बताया कि युवक ने युवती के घर के सामने ही अपने ऊपर पेट्रोल छिडका और खुद को आग के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और युवती के परिवार से भी पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई मेडिकल रिपोर्ट और बयान दर्ज होने के बाद की जाएगी।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर पर चढने से पलटा ट्रक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के कस्बा तरावड़ी के पास एनएच-44 पर पानीपत की तरफ जा रहा एक ट्रक बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और पलट गया। टक्कर लगते ही उसके पिछले दोनों टायर ट्रक से अलग हो गए। गनीमत रही कि कोई अन्य वाहन ट्रक की चपेट में नहीं आया। हादसे के बाद कुछ मिनट तक हाईवे पर ट्रैफिक थम गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पहुंचकर ड्राइवर को बाहर निकाला, जिसे किसी प्रकार की चोट नहीं आई थी।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक अंबाला से पानीपत की ओर जा रहा था। अनुमान है कि जब ट्रक तरावड़ी के पास पहुंचा तो ड्राइवर को झपकी आ गई और संतुलन बिगड़ गया। ट्रक सीधा डिवाइडर पर चढ़ते हुए पलट गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके पिछले दोनों टायर अलग होकर सडक पर जा गिरे।

# ताइक्वांडो खिलाड़ी आरती ने 44 किलो वर्गभर में हासिल किया ब्राउन मेडल




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ताइक्वांडो खिलाड़ी आरती ने 23 से 25 मई रतिया फतेहाबाद में आयोजित कैडेट और जूनियर हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 44 किलो वर्गभर में भाग लेकर कड़ी मेहनत कर ब्राउन मेडल हासिल कर पूरे करनाल हरियाणा का नाम रोशन किया।
इसी खुशी में कोच मास्टर सतीश कुमार राणा ने खिलाड़ी आरती को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की और बेटियों को खेलों में बढ़-चढकर भाग लेने की प्रेरणा दी। आरती जिले के गांव बागपति की रहने वाली है।

# हर गांव में पंचायत भवन बनाना सरकार की प्राथमिकता: कृष्णलाल पंवार

**निर्देश**

**हर गांव को पॉलथिन मुक्त करना हमारी बड़ी जिम्मेदारी: उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्णलाल पंवार ने सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में खण्ड मडलौडा के सरपंचों व ग्राम सचिवों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरपंच गांव का जिम्मेदार व्यक्ति है। उसे अपनी शक्तियों का सकारात्मक दिशा में व गांव के विकास में प्रयोग करना चाहिए। राज्य सरकार गांवों को मॉडल गांव बनाने के लिए गांव में हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 6200 ग्राम पंचायतों में ई-लाईब्रेरी बनाने का कार्य किया



जा रहा है। हर गांव में पंचायत भवन भी बनाये जा रहे हैं। सरकार इस कार्य को प्राथमिकता से कर रही है। 125 करोड़ की लागत से ये भवन बनाए जाने है। इनमें 21 लाख रुपए भवन निर्माण पर व 4 लाख रुपए फर्नीचर पर खर्च होंगे।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दूसरे चरण में 541 गांवों में स्ट्रीट लाईटें लगाई जाएगी। जिन गांवों में महिला सांस्कृतिक केन्द्र अभी तक नही बने है उनके निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इण्डोर जिम गांव में खोले जा रहे है। एक जिम की लागत 10 लाख रुपए है। इसका उददेश्य गांव में खेल का वातावरण तैयार करना है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गांव के शमशान घाट की चार दिवारी करवाने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के 2200 तालाबों का जिर्णोद्धार करने का भी सरकार कार्य कर रही है। इसको लेकर कार्य को गति प्रदान की जा रही है। इन तालाबों को शीघ्र बनाया जाएगा। इनके सुधारीकरण को लेकर सरपंचों को निष्ठद्दा से कार्य करना होगा।

उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि हर गांव को पॉलथिन मुक्त करना हमारी प्राथमिकता है। इसमें जो ग्राम सचिव सरपंचों का सहयोग नही करेंगे उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गांवों के टॉयलेट अच्छे हो तभी एक गांव आदर्श गांव की श्रेणी में आता है। गांव के एसडब्ल्यूएम के शेड की बेहतर व्यवस्था की जा रही है। इसको लेकर कार्य किय जा रहा है। पानीपत को डार्क जॉन से बाहर निकालने का प्रयास किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि जो ग्राम सचिव समय पर गांव नही पहुंचते व ठीक तरह से निगरानी नहीं बरतते उन पर बड़ी कार्यवाही हो सकती है। गांव में जो टयूबवैल ऑप्रेटर है उन्हें 8 घण्टे की डयूटी प्रतिदिन देनी होती है, उनकी कौताही किसी भी तरह से बर्दाश्त नही की जाएगी। वे पौधों में पानी डालने के अलावा अन्य कार्य भी सरपंच उनसे ले सकते हैं।
जिला पंचायत विकास अधिकारी ने बताया कि हर पंचायत भवन का प्रस्ताव देना होगा ताकि भवन का निर्माण अतिशीघ्रता से किया जा सके। उन्होंने गांव में साफ-सफाई रखने, नालों को साफ रखने, रिकार्ड मैंटेन रखने के भी निर्देश दिए।

# आर्य कॉलेज की कबड्डी टीम ने जीता सांसद खेल प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
करनाल में आयोजित जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता में आर्य पीजी कॉलेज की पुरुष टीम ने टूनामेंट मैं शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत कर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। सोमवार को कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह व प्राध्यापकों ने विजेता खिलाडियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत करते हुए उज्व्वल भविष्य की कामना की। साथ ही इस शानदार उपलब्धि के लिए कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश टूर्ण, कोच राजेंद्र देशवाल, कोच अनूप गुलिया, राजा तोमर, सुनील पहल व प्राध्यापिका रजनी को बधाई दी।



प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला ने कहा की हरियाणा प्रदेश के खिलाडियों ने खेलों में देश का नाम रोशन किया है और पानीपत के आर्य कॉलेज की भागीदारी इसमें बहुत अह्म रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपने कॉलेज के खिलाडियों पर गर्व की वो खेलों में कॉलेज का मान बढा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कॉलेज की प्रबंधक समिति का हर संभव यही प्रयास रहता है कि कॉलेज में पढने वाले सभी विद्यार्थियों को हर प्रकार की सुविधाएं मुहया करवाई जाएं। सुरेंद्र सिंगला ने इस शानदार उपलब्धि के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ-साथ पूरे आर्य कॉलेज परिवार को बधाई दी।
कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे खेल अनुशासन, टीम भावना और रणनीतिक सोच पैदा करते हैं और बीमारियों को दूर रखते हुए सहनशक्ति बढ़ाने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि जीत और हार दोनों को विनम्रता से स्वीकार करना हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है।जानकारी देते हुए डॉ. अनुराधा सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 11 मई तक शिवाजी स्टेडियम पानीपत मैं हुआ। फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन कर्ण स्टेडियम करनाल में 24 से 25 मई तक हुआ। आर्य कॉलेज की पुरुष कबड्डी टीम ने सांसद खेल प्रतियोगिता में जीत का परचम लहराया, जो पानीपत जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया की क्वार्टर फाइनल में महाविद्यालय की टीम ने नारायणा गाँव की टीम को 32-27 से हराकर सेमी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, उसके बाद सेमीफाइनल मैं कर्ण स्टेडियम की टीम को 32-12 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच मैं आर्य कॉलेज की टीम ने गाँव बुड़शाम की टीम को 15-14 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल कर गोल्ड मेडल का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर खिलाड़ी साहिल जागलान, सुमित जागलान, जितेंद्र जागलान, रासा, वंश सांगवान, विनय सांगवान, साहिल, सचिन, साहिल बेनीवाल, रमन समेत अन्य मौजूद रहे।

# किसानों ने किया धरना समाप्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव सोहाना में रिंग रोड पर रास्ता बनाए जाने की लंबे समय से चल रही मांग को प्रशासन ने आखिरकार स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही जिन किसानों के खेत रिंग रोड के दूसरी ओर हैं, उन्हें सिंचाई के पानी की क्रॉसिंग भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह निर्णय सोमवार को सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय में हुई बैठक में लिया गया, जिसमें भाकियू और जिला प्रशासन के बीच सहमति बनी।
गांव सोहाना में रास्ता बनाए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन की अगुवाई में 13 दिन से धरना जारी था। धरने में करनाल के साथ-साथ हरियाणा



के विभिन्न जिलों से किसान पहुंचे और समर्थन दिया। सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं भी धरने पर शामिल हुईं और प्रदर्शन किया।धरने के समाधान के लिए भाकियू का 8 सदस्यीय शिष्ट मंडल जिला प्रशासन से मिला। इसमें भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन, चेयरमैन यशपाल राणा, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, धरना संयोजक बबलू सोहाना, युवा नेता सूरज लाठर, कविंद्र, कृष्ण शर्मा व अशोक रोड फूंसगढ़ शामिल रहे। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी, एचजी इंट्रा कंपनी और एनएचआई के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# घातक है जहरीली हरियाली, कॉनोकार्पस के खतरे हजार

**मानसून** ने देश मे दस्तक दे दी है और पूरे भारत में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के नाम पर पौधरोपण का दौर भी शुरू हो गया है। हर वर्ष की तरह इसमें सैकड़ों करोड़ रुपये भी खर्च होंगे। देश में महत्वपूर्ण समस्या यह है कि पहले लापरवाही से पर्यावरण का अंधाधुंध दोहन करने और बाद में अति उत्साह में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर पर ऐसी योजनाएं बना दी जाती हैं जो कुछ समय बाद घातक साबित होने लगती हैं। देश में वानिकी के नाम पर ऐसे विदेशी पेड़-पौधे रोपे दिए गए हैं जो भारत की जलवायु और यहां के पर्यावरण के बिलकुल अनुकूल नहीं हैं। भारत मे अब विदेशी पेड़-पौधे घातक साबित होने लगे हैं। पिछले कुछ बरसों में अनेक राज्यों में अनियोजित तरीके से कॉनोकार्पस के हजारों पेड़-पौधे लगा दिए गए हैं, जो हर तरह से जल, जमीन, जीव-जंतुओं के अलावा मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर हो गए हैं। राजधानी दिल्ली के अलावा अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट, राजकोट में राम वन और में वडोदरा में मिशन मिलियन ट्रीज के तहत पौधरोपण अभियान में 24,000 कोनोकार्पस पेड़ लगाए गए। भोपाल की खूबसूरत श्यामला हिल्स पर बने स्मार्ट सिटी पार्क के अलावा राजस्थान के डूंगरपुर और राजसमंद, जोधपुर, तमिलनाडु के चैनेई, कोयंबटूर, आंध्र प्रदेश के काकीनाडा सहित अनेक शहरों में करोड़ों रुपये खर्च करके दक्षिण अफ्रीका की इस प्रजाति के पेड़ लगाए गए। कोनोकार्पस एक मैंग्रोव झाड़ी है जो उपोष्णकटिबंधीय और ऊष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में तटरेखाओं और नदी तलहटी में पाई जाती है। कोनोकार्पस के पेड़ गहरे हरे रंग की चमकदार पत्तियों वाली एक सदाबहार वनस्पति प्रजाति है। दरअसल कुछ वर्षों से इस पौधे को सरकारों के साथ-साथ निजी कंपनियां भी पसंद कर रही हैं, क्योंकि यह तेजी से बढ़ता है। उच्च तापमान को सहन कर सकता है। यह एक ऐसा पौधा है जो भारत की शुष्क और तेज गर्मी को भी आसानी से झेल सकता है। इसे बढ़ने के लिए ताजे पानी की भी आवश्यकता नहीं होती है और यह फूल भी देता है। इसकी चमकदार हरे रंग की पत्तियां इसकी खूबसूरती है। इससे अच्छी छांव भी मिलती है। कोनोकार्पस को चुने जाने का एक अन्य कारण यह भी रहा कि यह वृक्ष नालियों और सीवरेज के पानी का उपयोग करके विकसित हो सकता है। इसकी देखभाल करना और छांटना आसान है। यह कुछ ही महीनों में 20 मीटर की ऊंचाई तक बढ़ जाता है और कई तनों के माध्यम से फैल जाता है। रखरखाव भी आसान है तो इसकी लागत भी काफी कम है, जिससे यह बागवानी करने वालों और शहरी डिजाइनरों का पसंदीदा बन गया है। बावजूद इतनी विशेषताओं के, भारत के अनेक राज्यों में इस पर प्रतिबंध लगाने का तैयारी की जा रही है। हजारों कोनोकार्पस पेड़ लगाने के बाद गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में अब उन्हें काटा जा रहा है, क्योंकि ये पेड़ पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर हानिकारक साबित हुए हैं। दरअसल इससे लाभ की बजाए नुकसान बहुत अधिक है। यह पानी की बहुत अधिक खपत करने वाली आक्रामक प्रजाति है। यह पौधा बहुत अधिक पानी सोखता है और भू-जल स्तर को प्रभावित कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप भू-जल भंडार की कमी हो जाती है। इसकी जड़ें मिट्टी के नीचे गहराई तक जाती हैं जिससे जल निकासी नेटवर्क और मीठे पानी की प्रणालियों को नुकसान पहुंचता है।

# भूख की तकलीफ और दर्द को कभी हम समझ पाये

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

> "संघर्ष और जलवायु संकट की यह स्थिति प्रत्येक वर्ष कम से कम 800,000 अतिरिक्त बच्चों को भूख की ओर धकेलेंगी। संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक भुखमरी को दुनिया से पूरी तरह से समाप्त करने का लक्ष्य रखा है, यद्यपि कुछ क्षेत्रों में प्रगति हो रही है, फिर भी समग्र रूप से भूख का स्तर पिछले कुछ वर्षों से स्थिर बना हुआ है। जलवायु परिवर्तन, संघर्ष और आर्थिक असमानता जैसे कारक समस्या को अधिक बढ़ा रहे हैं। कंसर्न वर्ल्डवाइड के अनुसार, यदि प्रगति की वर्तमान गति जारी रही, तो भुखमरी के स्तर को कम करने में साल 2160 तक का समय लग सकता है। 2024 के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक में भारत 143 देशों में से 126वें स्थान पर है। ऑक्सफैम रिपोर्ट ने दर्शाया है कि, शीर्ष 1 प्रतिशत की आय हिस्सेदारी में लगातार वृद्धि हुई है"

**दुनिया** में करोड़ो लोग हर दिन भूख की तकलीफ को जीते हैं, बढ़ती उम्र, शारीरिक कमजोरी, गंभीर बिमारी, दिव्यांगता, अनाथ बेसहारा या कोई भी मजबूरी हो, जब तक आखिरी सांस है, तब तक भूख मिटाने के लिए अनाज चाहिए। केवल दो वक्त की रोटी के जद्दोजहद में ही न जाने कितनो की जिंदगी गुजर जाती है। दुनिया में हर कोई अपने हिस्से का भरपेट अन्न प्राप्त नहीं कर पाता है, अब तो अन्न में पोषक तत्वों की भारी कमी भी बड़ी समस्या है। भूख की कीमत बहुत छोटीसी है, लेकिन फिर भी विश्व में बहुत बड़ा वर्ग इस कीमत को भी नहीं चूका पाता। दो वक्त की रोटी और परिवार के भरणपोषण के लिए मनुष्य लगातार संघर्ष करता है। भूख के कारण कई मासूम जिंदगियां कम उम्र में ही जान गंवाती है। अमीर का भोजन महंगा और गरीब का भोजन सस्ता हो सकता है परंतु भूख सबकी एक होती है, भले ही पैसा, पद, देश, प्रतिष्ठा, रंग-रूप, ऊंच-नीच, धर्म-जात कोई भी हो परंतु भूख में अंतर नहीं होता। जिनके पास पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध है उनको अन्न के मूल कीमत का ज्ञान नहीं होता, वें केवल पैसे से उसका दाम लगाते है, इसलिए शायद खाद्य बबार्दी में हमारा देश विश्व में दूसरे क्रमांक पर आता है। जिनके पास भरपूर मात्रा में भोजन के विभिन्न पर्याय उपलब्ध है, वे स्वाद अनुरूप थोडासा खाना खाकर बाकी बचा हुआ अन्न सहजता से फेंक देते है। किसी भी कारणवश जिस दिन हमें भूख लगने पर भी भोजन नहीं मिलता, उस दिन रूखी-सुखी रोटी की भी अहमियत दुनिया की बड़ी दौलत नजर आती है। भोजन की कमी के कारण बहुत बड़ी जनसंख्या नरकीय यातनाओं में जीवन बसर करती है। जन्म से ही भोजन की कमी के कारण बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं होता, संघर्षमय जीवन तभी से शुरू हो जाता है, जिम्मेदारियों का बोझ मासूम कंधो पर आ जाता है, इन जिम्मेदारियों के आगे उनके अधिकार, न्याय, समानता भी बौने प्रतीत होते है। बच्चे से उसका बचपन और मासूमियत छीन ली जाती है, भविष्य अंधकारमय लगता है। अन्न की कमी से जूझते हुए लोग मजबूरी में बद से बदतर स्थिति का सामना करते है, जो मिले वो खाने को तैयार होते है, लोगों की जूठन, कूड़ा, घासपुस यहाँ तक की मिट्टी तक खाते है, हैती देश में गरीब लोग मिट्टी की



रोटी बनाकर खाते है। भूख सीधे हमारे स्वास्थ्य पर असर करती है, इससे शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के नुकसान झेलने पड़ते है। भूख इंसान से गुनाह तक करवाती है। हर साल 28 मई को "विश्व भूख दिवस" दुनियाभर में जागरूकता हेतु मनाया जाता है। इस साल 2025 की थीम "हर कोई खाने का हकदार है" यह है। यह थीम प्रत्येक के लिए पौष्टिक भोजन तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। विश्व में सभी लोगों को खाने के लिए पर्याप्त भोजन उगता है, अर्थात कोई भूखा नहीं रहेंगा, फिर भी, बड़ी जनसंख्या पर्याप्त कैलोरी और पोषक तत्वों की कमी से झुज रही है, क्योंकि वे स्वस्थ आहार का खर्च नहीं उठा सकते, साथ ही दूसरी ओर खाद्य बबार्दी है। हर साल, नौ मिलियन लोग भूख से संबंधित कारणों से मर जाते हैं; इनमें से कई 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं। सभी बाल मृत्युओं में से आधे कुपोषण के कारण होती हैं। विश्व बैंक के अनुसार, वैश्विक खाद्य कीमतों में मात्र 1 प्रतिशत की वृद्धि से 10 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी में चले जाते है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक अनुसार, 18.3 प्रतिशत आबादी अत्यधिक बहुआयामी गरीबी में रहते हैं। 83.7 प्रतिशत गरीब लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। सभी गरीब लोगों में से लगभग 70.7 प्रतिशत लोग उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया के ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 127 देशों में 105वें स्थान पर है, जिसका स्कोर 27.3 है, जो भूख के "गंभीर" स्तर को दशार्ता है। यह खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की मौजूदा चुनौतियों के कारण उत्पन्न "गंभीर" भूख संकट को उजागर करता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित है। बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका जैसे दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों का प्रदर्शन अच्छा है तथा वे "मध्यम" श्रेणी में आते हैं। यूएनईपी की खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2024 में भारत वैश्विक स्तर पर शीर्ष खाद्य अपशिष्ट उत्पादकों में शामिल है, भारत में प्रति व्यक्ति घरेलू खाद्यान्न की बबार्दी प्रति वर्ष 55 किलोग्राम है, देश में विशाल जनसंख्या के कारण प्रति वर्ष कुल 78 मिलियन टन खाद्यान्न बर्बाद हो जाता है। विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति के 2024 संस्करण के अनुसार, 2023 में 713 से 757 मिलियन लोगों को भूख का सामना करना पड़ा अर्थात दुनिया में हर 11 में से एक व्यक्ति और अफ्रीका में हर पांच में से एक व्यक्ति। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2.33 बिलियन लोग मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे है और 3.1 अरब से अधिक लोग पोषकतत्वों से भरपूर आहार खरीदने में असमर्थ है। सेव द चिल्ड्रेन इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन के विश्लेषण के अनुसार, 2024 में कम से कम 18.2 मिलियन बच्चे भूख की स्थिति में पैदा हुए, अर्थात प्रति मिनट लगभग 35 बच्चे। संघर्ष और जलवायु संकट की यह स्थिति प्रत्येक वर्ष कम से कम 800,000 अतिरिक्त बच्चों को भूख की ओर धकेलेंगी। संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक भुखमरी को दुनिया से पूरी तरह से समाप्त करने का लक्ष्य रखा है, यद्यपि कुछ क्षेत्रों में प्रगति हो रही है, फिर भी समग्र रूप से भूख का स्तर पिछले कुछ वर्षों से स्थिर बना हुआ है। जलवायु परिवर्तन, संघर्ष और आर्थिक असमानता जैसे कारक समस्या को अधिक बढ़ा रहे हैं। कंसर्न वर्ल्डवाइड के अनुसार, यदि प्रगति की वर्तमान गति जारी रही, तो भुखमरी के स्तर को कम करने में साल 2160 तक का समय लग सकता है। 2024 के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक में भारत 143 देशों में से 126वें स्थान पर है। ऑक्सफैम रिपोर्ट ने दर्शाया है कि, शीर्ष 1 प्रतिशत की आय हिस्सेदारी में लगातार वृद्धि हुई है। शीर्ष 5 प्रतिशत भारतीयों के पास देश की 60 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है, निचले 50 प्रतिशत लोगों की आय में हिस्सेदारी में लगातार गिरावट आई है। ऑक्सफैम इंडिया की "सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट" रिपोर्ट 2023 अनुसार, भारत में अरबपतियों की कुल संख्या 2020 में 102 से बढ़कर 2022 में 166 अरबपति हो गई है, जबकि भूख से जूझ रहे भारतीयों की संख्या 190 मिलियन से बढ़कर 350 मिलियन हो गई है। वस्तुओं और सेवाओं पर उत्पाद शुल्क और जीएसटी में काफी वृद्धि की गई है, जिसका सीधा असर अधिकतर गरीबों के हिस्से पड़ता है। भारत के अरबपतियों की कुल संपत्ति 2024 में 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ी, जिससे 204 नए अरबपति बनें। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट अनुसार, 2019-2021 में भारत में कुपोषित लोगों की संख्या 224.3 मिलियन थी, जो कुल आबादी का लगभग 16 प्रतिशत है। आज भी शादी समारोह या प्रसंगों के कार्यक्रम में लोग खूब थालियां भरभरकर भोजन लेकर फेंक देते है। वहीं दूसरी ओर कूड़े करकट में लोग खाना बीनते भी नजर आते है, यह हमारा बड़ा दुर्भाग्य है, कि अनाज संपन्न होते हुए भी देश का बड़ा हिस्सा भूख और कुपोषण से ग्रस्त है। पोषकतत्वों से भरपूर शुद्ध आहार, पानी पर प्रत्येक का अधिकार है, परंतु आर्थिक परिस्थिति के कारण संभव नहीं हो पाता, परंतु मानवता के नाते हर संपन्न व्यक्ति इसके लिए कोशिश करें तो भरपेट भोजन सबके लिए संभव है। हर हाथ को काम मिले तो स्थिति बदल सकती है।

## कविता

**नाम लिखकर मिटाना हमें पसंद नहीं।**

मीठे वायदे का बताशा हमें पसंद नहीं
उसे पर तेरा तकाजा हमें पसंद नहीं।

यूं ही बेदर्दी से हर वक्त पेश आए गर
गुजारिश है ऐसा नजराना पसंद नहीं।

तुमसे दूर हो जाएं हौसला बाकी नहीं
तुमसे दूर कोई जमाना हमें पसंद नहीं।

गर सामने आए मुश्किलों का परबत भी
कोई कमजोर इरादा हमें पसंद नहीं।

आए हो तो ठहर जाओ पल भर के लिए
एक दो पल का याराना हमें पसंद नहीं।

दिल के सफेद कोरे साफ कागज पर
नाम लिखकर मिटाना हमें पसंद नहीं।

इश्क की दुनिया अजब और गजब है
दुनियादारी में इश्क भुलाना हमें पसंद नहीं।

साथ दो या ना दो आपकी मर्जी संजीव
करीब आकर दूर जाना हमें पसंद नही।

**संजीव**

# नए वायरस का खतरा सतर्कता और तैयारी

**मुनीष भाटिया**

कोरोना के नए वायरस ने वैश्विक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और शोधकताओं को सतर्क कर दिया है, क्योंकि यह संभावित महामारी का संकेत हो सकता है और वैश्विक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। यह वायरस कोरोना की तरह मनुष्यों को संक्रमित करने में सक्षम हो सकता है। यह तथ्य इसे विशेष रूप से चिंताजनक बनाता है, क्योंकि यह वायरस एक नए स्वास्थ्य संकट को जन्म दे सकता है, क्यूंकि इस वायरस के तेजी से फैलने की क्षमता इसे घातक बना सकती है। इसके मामले भी अब मिलने शुरू हो चुके हैं। दुनिया भर के वैज्ञानिक और स्वास्थ्य संगठन इस नई खोज को लेकर अधिक पारदर्शिता की मांग होनी चाहिए । कोविड 19 महामारी ने दुनिया को यह सीख दी है कि किसी भी महामारी के शुरूआती चरण में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई आवश्यक होती है अन्यथा यह लापरवाही दुनिया में लाकडाउन के हालात पैदा कर सकते हैं क इसलिए दुनिया को कोरोना से सबक लेते हुए इस नए वायरस की निगरानी और अध्ययन बेहद जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थानों को इस पर नजर बनाए रखनी होगी। इसके अलावा, सरकारों को भी अपनी तैयारियों को बढ़ाना होगा ताकि किसी भी संभावित महामारी से निपटा जा सके। यदि इस वायरस के प्रसार के संकेत मिलते हैं, तो सरकारों को तुरंत एहतियाती कदम उठाने होंगे। भारत को नए संभावित खतरे वाले वायरस की शुरूआती चेतावनियों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कदम उठाने चाहिए। सरकार को वैज्ञानिक समुदाय के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की स्क्रीनिंग करना और अस्पतालों की तैयारियों को मजबूत करना होगा। सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाते हुए स्वच्छता उपायों और शेष यदि हो तो, कोविड टीकाकरण पर जोर देना चाहिए। इसके अलावा, वैश्विक संगठनों से समन्वय स्थापित कर वायरस की निगरानी करनी होगी ताकि किसी भी संभावित खतरे से समय रहते निपटा जा सके। महामारियों–विशेषकर कोविड-19–से प्राप्त अनुभवों से यह स्पष्ट हो गया है कि वैज्ञानिक शोध, सुदृढ़ स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली और अंतरराष्ट्रीय सहयोग ही ऐसी आपात स्थितियों से लड़ने के प्रमुख स्तंभ हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि सरकारें और स्वास्थ्य संगठन अभी से इस संभावित खतरे के प्रति सतर्क होकर आवश्यक नीतियाँ और संरचनाएं विकसित करें। पूर्व-तैयारी, संसाधनों का समुचित प्रबंधन और सार्वजनिक जागरूकता अभियानों के माध्यम से ही हम इस प्रकार के किसी भी नए संक्रमण को महामारी बनने से रोक सकते हैं। यदि इस वायरस के प्रसार को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया, तो मानवता एक और वैश्विक संकट से सुरक्षित रह सकती है। यदि इस वायरस के प्रसार को समय रहते नियंत्रित किया गया।

## विचार

# आत्महत्या: माता-पिता की आशा, राष्ट्र की नींव

**डा मनमोहन प्रकाश, स्वतंत्र पत्रकार**

जब कोई विद्यार्थी आत्महत्या करता है, तो यह केवल एक व्यक्तिगत क्षति नहीं होती अपितु यह समूचे सामाजिक ढांचे, पारिवारिक ताने-बाने, शैक्षणिक प्रणाली और नीति-निर्माण की चूक की करुण पुकार होती है।

यह प्रश्न बनकर हमारे सामने खड़ा होता है – आखिर क्यों आत्महत्या कर रहे हैं हमारे विद्यार्थी यह प्रश्न उन माता-पिता से है जो अपने बच्चों की आवाज को सुन नहीं पाते;यह प्रश्न उस शिक्षा प्रणाली से है जो प्रतिस्पर्धा में संवेदना को खो बैठी है;यह प्रश्न उस समाज से है जो विजेता की जयकार करता है पर संघर्षरत को अकेला छोड़ देता है;और यह प्रश्न उन नीति-निमार्ताओं से भी है जो आँकड़े देखते हैं, लेकिन उनके पीछे की टूटी आत्माएँ नहीं।

**आत्महत्या के बढ़ते आँकड़े और घटती संवेदनाएँ:**

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के 2022 के आँकड़ों के अनुसार भारत में 13,089 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की – यानी हर दिन लगभग 36 विद्यार्थी। यह संख्या न केवल चौंकाने वाली है, बल्कि शर्मनाक भी। 2021 की तुलना में 4.2% की वृद्धि यह दशार्ती है कि समस्या विकराल होती जा रही है, और उपाय अपर्याप्त । साल 2022 में 15 ने,साल 2023 में 26 ने, साल 2024 में 17 ने कोचिंग की राजधानी कोटा में आत्महत्या की। जबकि वर्ष 2025 में मई माह तक 14 विद्याथीर्यों ने जीवन से हार मान कर असमय अपने जीवन का अंत किया है।कोटा ही नहीं हर शहर के छात्र इन साइलेंट ट्रैजेडी का हिस्सा बन रहे हैं।

**विद्यार्थी क्यों आत्महत्या कर रहे हैं?:**

शैक्षणिक दबावः अंक, परीक्षा, रैंक और भविष्य की चिंता – ये शब्द अब विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा नहीं, भय बन चुके हैं।

संस्थागत असंवेदनशीलताः
कई छात्र जातिगत भेदभाव, रैगिंग, उपेक्षा और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा जैसी विषाक्त स्थितियों से जूझते हैं। परामर्श की कमी और संवादहीन शिक्षा संस्कृति उन्हें भीतर से तोड़ देती है।

मानसिक स्वास्थ्य उपेक्षाः अवसाद, चिंता, आत्मग्लानि और अकेलापन – यह सब केवल "कमजोरी" नहीं है, यह चिकित्सकीय देखभाल की माँग करता है। पर शर्म और चुप्पी इन समस्याओं को और जटिल बना देती है।

पारिवारिक और सामाजिक अपेक्षाएँः कई बार माता-पिता की आकांक्षाएँ, अन्य से तुलना और समाज की अपेक्षाएँ विद्यार्थियों के लिए असहनीय बोझ बन जाती हैं।

प्रेम, अस्वीकृति और आभासी दुनिया का दबावः किशोरावस्था में असफल संबंध, सोशल मीडिया से उपजा असंतोष, और ऑनलाइन गेमिंग की लत भी विद्यार्थियों को वास्तविकता से काट देती है।यह प्रश्न केवल क्यों का नहीं, अब क्या का भी है-

**माता-पिता क्या करें?:**

अपने बच्चों की भावनात्मक जरूरतों को समझें।
बच्चों के साथ क्वालिटी समय बिताएं।
संवाद करें, तुलना न करें।
बच्चों को सुनें, जज न करें।
करियर के फैसलों में साथ दें, उन पर न थोपें।
परिवरिस में संस्कारों की कमी ने बच्चों को अधिक महत्व कांक्षी बना दिया है। परिस्थिति अनुकूल धैर्य एवं ढलना भी सिखाएं।

शिक्षण संस्थान क्या करें?

मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित **काउंसलिंग की व्यवस्था करें।**
हर कक्षा में संवेदनशील शिक्षक या मेंटर की व्यवस्था करें।शिक्षक/मेंटर अपने विद्यार्थियों को हतोत्साहित करने से बचें। समस्या समाधान में सहयोग करें।
रैगिंग, भेदभाव और संस्थागत असंवेदनशीलता पर शून्य सहिष्णुता की नीति लागू करें।

**शिक्षक क्या करें?:**

विद्यार्थियों से निरंतर संवाद स्थापित करें तथा यह समझाने का प्रयास करें कि आप केवल अंकों से परिभाषित नहीं होते। आप जीवन की संभावना हैं, एक समृद्ध राष्ट्र की नींव हैं। किसी परीक्षा में असफल होना, जीवन में असफल होना नहीं है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पर्यटकों का अकाल, होटल खाली, लटकी कर्ज वापसी की तलवार

**आचार्य श्रीहरि**

**आतंकवाद** और हिंसा बहुत बडी कीमत वसूल करते हैं, बेमौत मारते हैं, विकास को बाधित करते हैं, रोजगार को छीनते हैं, प्रगति को रोकते हैं, भविष्य को कुचलते हैं और अंधकार जैसे वातावरण तैयार करते हैं। दुनिया में जहां भी विकास है, उन्नति हैं, रोजगार है, शिक्षा का वातावरण है, विज्ञान का जोर है वहां पर शांति और सदभाव जरूर है। आप जापान को देख लीजिये, अमेरिका को देख लीजिये, चीन को देख लीजिये, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी सहित पूरे यूरोप को देख लीजिये, इन सभी जगहों पर शांति और सदभाव अभी भी विजयी स्थिति में हैं, दकियानुसी और हिंसा की मानसिकता का बहुत जोर नहीं है। यह अलग बात है कि यूरोप और अमेरिका में भी मुस्लिम आबादी की चरमपंथी और काफिर मानसिकता का कुछ न कुछ प्रतिकुल प्रभाव पडा है, शांति और सदभाव को लेकर थोडी-बहुत परेशानी भी है, तनातनी भी है फिर स्थिति नियंत्रण में हैं। इसके विपरीत हम अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान, लेबनान, सीरिया, सूडान, रूस, यूक्रेन और भारत को भी देख लीजिये, जहां पर हिंसा भी है और आतंकवाद भी है, मुस्लिम आबादी की अंधेरगर्दी भी है, गर्म मिजाजी भी है, अन्य धार्मिक समूहों का संहार करने की मानसिकता भी है, जिसके कारण ये सभी देश विफल देश के रूप में तब्दील हो चुके हैं, जाहिलपन पसरा हुआ है, मानवता खतरे में हैं, विकास और उन्नति की बात सोची ही नहीं जा सकती है, सदभाव और सहयोग की बातें भी बेमानी हो चुकी हैं। बांग्लादेश का विख्यात कपडा पार्केट आज गहरे संकट में है, क्योंकि बांग्लादेश में मजहबी मानसिकताओं ने हिंसा का बीजारोपण किया, लोकतंत्र का संहार किया औरं मुस्लिम मजहबी नीतियों को अपने उपर लाद लिया और शांति-सदभाव का संहार कर दिया। पाकिस्तान आज खुद ही कटोरा लेकर भीख मांग रहा है। दुनिया के कई मुस्लिम देश अमेरिका और यूरोप के पैसों पर निर्भर हो चुके हैं। हमास की हिंसा की प्रतिक्रिया में फिलिस्तीन की कब्र बन गयी है, एक लाख से अधिक मुस्लिम आबादी इस्राइल के हाथों मारे गये हैं।

# ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ी चुनौती, इससे नदियां अनियंत्रित

हर वर्ष जल के भयानक रौद्र रूप देश के कई राज्यों को मुसीबत में डाल देता है।देश के अनेक राज्यों में जैसे दिल्ली ,गुजरात ,महाराष्ट्र, उत्तरांचल, और उत्तराखंड आदि में हर वर्ष मानव अपनी जान बचाने को तरस गया है। इसी तरह भूकंप के झटके कई प्रदेशों में जनहानि तथा मालहानी की विराट समस्या पैदा कर देता है। जन संख्या में बेतहाशा वृद्धि और जमीन में मकानों के बेतरतीब, अनियंत्रित निर्माण ने ऐसी स्थिति पैदा की है' शहरों में ड्रेनेज सिस्टम बरसों पुराने हैं और अब लगभग असफल हो चुके जिसके फल स्वरूप जल का बहाव अनियंत्रित होकर शहरों के लिए विभीषिका बनकर टूट पड़ता है।देश में लगभग बाढ़ के प्रकोप से 1000 लोग प्रतिवर्ष जीवन काल से काल कवलित हो जाते हैं। हमें कब समझ में आएगा और हम कब अपनी इन हरकतों से बाज आएंगे। ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला है' जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा।

जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया।

न्यूज फ्लैश

## कर्ण गेट, बस स्टैण्ड रोड, कर्ण कैनाल, सदर बाजार तथा कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कालेज रोड पर नहीं होगा अतिक्रमण: डा. वैशाली शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर की सडकों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सोमवार को निगम अधिकारियों एवं सफाई शाखा के कर्मचारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, संयुक्त आयुक्त देवेन्द्र शर्मा, उप निगम आयुक्त अभय सिंह के अतिरिक्त सफाई निरीक्षक एवं मोटीवेटर मौजूद रहे। बैठक में निगमायुक्त ने सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि कर्ण गेट बाजार, नेहरू पैलेस मार्किट, पुराना बस स्टैण्ड रोड, कर्ण कैनाल रोड, कर्ण ताल के पास सदर बाजार रोड तथा कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज रोड पर अस्थाई अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन मार्गों पर अधिकतर दुकानदार अपना सामान सडक पर रखकर या रेहड़ी-फड़ी लगवाकर अतिक्रमण करते हैं, जो कि ठीक नहीं हैं। उन्होंने स्पष्टद्द किया किअब यह नहीं चलेगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सफाई निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में प्रवर्तन दल का गठन करें और अपने-अपने क्षेत्र में सडकों पर हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटवाएं। उन्होंने कहा कि पहले उपरोक्त क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की मुनादी करवाई जाए। इसके बाद व्यक्तिगत रूप से सभी दुकानदारों को अतिक्रमण न करने बारे सूचित किया जाए। दुकानदारों को अपना सामान दुकान के अंदर रखकर ही ब्रिकी करने को कहें। इसके साथ-साथ कोई भी फ्लैक्स बोर्ड इत्यादि सडक पर न रखे।

उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रवर्तन दल अपनी कार्रवाई प्रारम्भ करें। शहर के सभी मुख्य मार्गों विशेषकर उपरोक्त सडकों एवं बाजारों का रोजाना दौरा किया जाए। कोई भी दुकानदार या रेहड़ी-फड़ी वाला अतिक्रमण करते पाया जाता है, तो उसका चालान किया जाए। उन्होंने सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि सम्बंधित जोन में की गई कार्रवाई की साप्ताहिक रिपोर्ट भी पेश की जाए।

निगमायुक्त ने शहर के सभी दुकानदारों से एक बार पुनः अपील करते कहा है कि वह अपने सामान को दुकान की सीमा में ही रखें, उससे आगे न बढ़ें। उन्होंने कहा कि दुकानदार अतिक्रमण करने की मानसिकता से बचें, इससे उनके शहरवासियों को ही फायदा होगा। इसके अतिरिक्त रेहड़ी-फड़ी वाले भी अवैध रूप से सडकों पर अपनी रेहड़ी को खड़ा न करें, इससे आवागमन प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने की हम सबकी जिम्मेदारी है, हमें इस जिम्मेदारी को निभाना चाहिए।

## सीएनजी स्टेशन की टीम के साथ मारपीट में मैनेजर घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के बसताड़ा गांव में मेक-डी पार्किंग के पास सीएनजी स्टेशन की टीम के साथ कुछ अज्ञात लोगों ने मारपीट की, धमकाया और मोबाइल फोन भी छीन लिए। सभी आरोपी नशे में थे और डंडों से लैस थे। टीम ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने हमला कर दिया। आरोपी खुद को वकील और रिटायर्ड डीएसपी बता रहे थे। साथ ही यह भी धमकी दी कि अगर हफ्ता नहीं दिया तो अच्छा नहीं होगा। घटना के बाद सीएनजी स्टेशन मैनेजर ने मधुबन थाने में शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने 12-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीएननजी स्टेशन के मैनेजर हरिओम चौहान ने पुलिस को बताया कि 25 मई की शाम करीब 7 से 7.15 बजे के बीच वह अपनी टीम के साथ बसताड़ा स्थित मेक-डी की पार्किंग में थे। वहां कुछ अज्ञात युवक शराब पी रहे थे और गाली-गलौच कर रहे थे।

# खेल में कभी राजनीति नहीं होनी चाहिए: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि खेल में कभी राजनीति नहीं होनी चाहिए, बल्कि राजनैतिक लोगों को राजनीति भी खेल की भावना से करनी चाहिए, तभी समाज व देश का भला होता है। मंत्री मनोहर लाल कर्ण स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता 2025 के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

समापन कार्यक्रम में पहुंचने पर मनोहर लाल का फूल मालाओं व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया तथा बैज-कैप से मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का भी अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक



कार्यक्रम व जिम्नास्टिक वर्ल्ड एकेडमी के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। मनोहर लाल के सामने कबड्डी महिला वर्ग का फाइनल मैच पानीपत के गांव आटा और करनाल के गांव मोर माजरा गुरूकुल की टीम के बीच हुआ। मनोहर लाल ने मैदान में जाकर दोनों टीमों के खिलाडि?ों का परिचय लिया और उन्हें विजय होने की शुभकामनाएं दी। इस मैच में मोर माजरा गुरूकुल की टीम विजय रही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 5 से 11 मई तक किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में महिला तथा पुरूष खिलाडि?ों के कबड्डी व खो-खो के खेल शामिल किए गए। दोनों जिलों से उक्त खेलों में करीब 152 टीम के पुरूष व महिला खिलाडि?ों ने भाग लिया, जिसमें करीब 2 हजार खिलाड़ी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन 11 मई को होना था, लेकिन पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना और भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते यह समापन समारोह स्थगित हो गया था। अब स्थितियां सामान्य होने पर इस सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन आज किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रहने वाली टीमों को 51-51 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 31-31 हजार रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 21-21 हजार रुपये का नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बलायचा में 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों द्वारा की गई सफलता को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र वंशिका पुत्री ईश्वर, समीक्षा पुत्री विक्रम, मन्नू पुत्री देवदत्त, महक पुत्री राजेंद्र को विद्यालय स्टाफ ने स्मृति चिह्न, फूलमाला व नकदी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के मुख्य शिक्षक दिलबाग सिंह, प्राचार्य नरेश गोयल, सरपंच कंवर सिंह, वेदप्रकाश नंबरदार, नरेश शर्मा, विकास, एबीआरसी विक्रम ने अपने-अपने विचार रखें। मास्टर राजकुमार व दिलबाग सिंह ने आने वाले सभी ग्रामीणों का आभार जताया।

इस मौके पर एसएमसी प्रधान श्रीभगवान, एसएमसी पूर्व प्रधान अंजू देवी, किरोड़ी, पुरुषोत्तम, सुखराम, भोलाराम, राजेंद्र, कृष्ण, चंद्रजीत, मीना, वीना, सुशीला, पूनम, कौशल्या, राजबाला, मधुबाला, आशा, ईश्वर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## चोरी की वारदात का खुलासा

**पुन्हाना मनीष आहूजा**

जिले के थाना शहर पुन्हाना पुलिस ने किराना स्टोर में हुई बड़ी चोरी की वारदात का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुछ नकदी और चांदी के समान बरामद किए हैं।

जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 21 मई 2025 को उत्तम चंद पुत्र प्रकाश चंद निवासी वार्ड नंबर 7, जमा लगढ़ रोड पुन्हाना ने थाना पुन्हाना में शिकायत दी थी कि 20 मई की रात उनकी दुकान "उत्तम किराना स्टोर" से लगभग 3.40 लाख रुपये नकद और करीब 300 ग्राम चांदी व अन्य सामान की चोरी हो गई है।

## जमालगढ़ रोड में अवैध तरीके से प्लाटिंग कर रहे हैं फर्जी डीलर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुन्हाना मनीष आहूजा**

जिले के पुन्हाना नगरपालिका के जमालगढ़ रोड में अवैध तरीके से प्लाटिंग कर रहे हैं । पुन्हाना नगरपालिका पटाकपुर रोड 5 एकड़ में कृषि भूमि योग्य सरकार की बिना अनुमति के बन रही अवैध कालोनियों बनाई जा रही हैं।जिले में सरकार की बिना अनुमति के बन रही अवैध कालोनियों को लेकर जिला योजनाकार विभाग सख्त हो गया है। आप को बता दे की पुन्हाना मे पिछले दिनों डीटीपी विभाग ने 16 एकड़ में बन रही पुन्हाना नगरपालिका के गांव पटाकपुर मे तीन अवैध कॉलोनियों व पैमा रोड पर में पीला पंजा, ढहाए अवैध निर्माण डीटीपी विभाग द्वारा शहर



सहित आस पास के गांवों मे विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाया। विभाग की कार्यवाही के बाद पुन्हाना शहर के प्रॉपर्टी डीलरों में हड़कंप मच गया। जिले के पुन्हाना शहर के जमालगढ़ रोड पर नगरपालिका पटाकपुर 5 एकड़ में कृषि भूमि योग्य सरकार की बिना अनुमति के बन रही अवैध कालोनियों बनाई जा रही हैं।

यह जानकारी नूंह के जिला नगर योजनाकार अधिकारी बिनेश कुमार (डीटीपी) से बातचीत करते हुए बताया कि जल्द ही विभाग द्वारा अवैध कालोनियों को ढहाने के कार्य में तेजी लाई जाएगी। बिना अनुमति से बनाई गई किसी भी कालोनी को छोड़ा नहीं जाएगा। अवैध कालोनियां बनाने वाले लोगों को विभाग द्वारा नोटिस देने के साथ ही जिले में काफी कालोनियों में तोड़फोड़ भी की गई है। पुन्हाना कस्बे में अगर आपको जमीन लेनी है तो आप सावधान हो जाएं। पुन्हाना कस्बे में ऐसे फर्जी सैकड़ो डीलर बैठे हैं जिनके पास कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है और वह लोगों को जमीन के साथ-साथ रास्तों की भी रजिस्ट्री कर रहे हैं। जिससे कब्जा लेते समय जमीन लेने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन पोर्टल पर दाखिला प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन पोर्टल पर दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय में तीन चरणों में दाखिला प्रक्रिया पूरी की जाएगी। हरियाणा बोर्ड और सीबीएसई की ओर से 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है। ऐसे में जिले के करीब 15 हजार विद्यार्थी दाखिले की दौड़ में हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय में स्नातक के पांच संकायों में 1080 और स्नातकोत्तर के तीन संकायों में 120 सीटों पर दाखिले होंगे। राजकीय महिला महाविद्यालय के नोडल अधिकारी व कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मक्खन ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से दाखिले के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दे दिया है। महाविद्यालय में पिछले वर्ष की तरह इस बार महाविद्यालय में दाखिले के सीमित सीटों पर दाखिला किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शारीरिक परामर्श के प्रथम सप्ताह के दूसरे दिन से 100 रुपये प्रतिदिन, दूसरे सप्ताह से 100 रुपये प्रति अतिरिक्त दिन लिया जाएगा। प्रवेश शुल्क के भुगतान, रिफंड, बैंकिंग संबंधी विवरण आदि के निर्देश पृथक से पोर्टल पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने

## पुन्हाना: ना कोई डिग्री ना कोई सुविधा, अवैध रूप से सैंकड़ों की संख्या में चल रहे जच्चा-बच्चा केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुन्हाना मनीष आहूजा**

जहाँ एक ओर सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओ का दावा करती है वही विभाग के कुछ अधिकारी निजी स्वार्थ के चलते सरकार के दावो को धरातल पर फेल कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते कस्बा पुन्हाना और उसके आस पास सैंकड़ो अवैध जच्चा बच्चा केंद्र एवं झोलाछाप डॉक्टरो की दूकान खूब चल रही है। जगह-जगह इन्होने अस्पताल के नाम पर दुकाने खोली हुई है, जिनमे इलाज करने वाले डॉक्टर के पास ना कोई डिग्री होती है और ना ही कोई सुविधाए। सिर्फ ऊपरवाले के भरोसे सब कुछ होता है। सही हुआ तो ठीक नहीं तो महिला और उसके बच्चे की जिन्दगी खतरे में। इतना ही नहीं ये लालच के वशीभूत हो मोटी रकम लेकर अवैध रूप से गर्भपात भी करने का काम करते है, जो मानवता को शर्मसार करने वाला कार्य है। पुन्हाना में बडकली रोड पैमा रोड, बिसरू रोड, जमालगढ रोड, नकनपुर प्राइमरी स्कूल के समीप बड़ी संख्या में अवैध जच्चा-बच्चा केंद्र खुले हुए हैं। इन केंद्रों पर रहने वाली महिलाएं झोलाछाप डॉक्टरों के पास कुछ माह रहकर डॉक्टरी का प्रशिक्षण लेती हैं। फिर अपना अवैध जच्चा-बच्चा केंद्र खोल लेती हैं। साथ ही साथ गांव की दाई को कमीशन

देकर गर्भवती महिलाओं को लाने के लिए कहा जाता है। ये महिलाएं कमीशन के लालच में गर्भवती महिलाओं का प्रसव इन अवैध केंद्रों में कराती हैं। इस तरह जहां गर्भवती महिलाओ की जिंदगी के साथ खिलवाड़ होता है। कई बार देखने को मिलता है की ये अस्पताल इमरजेंसी वाली स्थिति में खुद ऑपरेशन करते है, जबकि ऑपरेशन करने वाले के पास ना तो कोई खास अनुभव होता है और ना ही ऑक्सीजन सहित अन्य आवशयक सामग्री। बीते दिनों पहले भी एक घटना सामने आई, जिसमे एक महिला को गलत ग्रुप का खून चढ़ा दिया गया था और उसे इसकी कीमत अपनी जान गंवाकर चुकानी पड़ी। ऐसी घटनाए निरंतर सामने आती रहती है वाबजूद इस सभी के प्रशासन कोई बड़ी कार्यवाही इन संचालको पर नहीं करता । थोड़ी बहुत छापेमारी होती भी है तो ये अपने तामझाम को बंद कर कुछ समय के लिए इधर उधर हो जाते है और जैसे ही सब कुछ शांत होता है तो इनका धंधा फिर शुरू हो जाता है।

पुन्हाना में विभाग की मिलीभगत से चल रहे अवैध जच्चा बच्चा केंद्र पुन्हाना क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पुन्हाना में बिना डिग्री के चल रहे यह अवैध जच्चा बच्चा केंद्र लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर गलत कार्य करते है।


## मकान से लाखों के गहने-कैश चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव खेड़ा में चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाया। चोरों ने घर के वेंटिलेशन होल से घर में घुसकर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना के वक्त पूरा परिवार बेटी के ससुराल गया हुआ था। जब घर लौटे तो घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था।

पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अनुज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव खेड़ा करनाल का रहने वाला है। 25 मई को वह अपने पूरे परिवार के



साथ बहन की ससुराल विकास नगर गया हुआ था। देर रात को जब उनके पिता सबसे पहले घर लौटे तो देखा कि घर के सभी दरवाजे बंद थे, लेकिन अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी और पेटी के ताले टूटे हुए थे। पास में बने वेंटिलेशन होल से कोई अज्ञात व्यक्ति अंदर घुस आया था।

अनुज के अनुसार चोर घर से करीब एक लाख रुपये नकद, दो सोने की अंगूठियां, तीन जोड़ी चांदी की पायल और दो चांदी के कड़े चुरा कर ले गए। ये सभी जेवर उसकी पत्नी के थे। इसके अलावा चोर पेटी से कपड़े और अन्य कीमती सामान भी ले उड़े। अनुज ने बताया कि उनके घर में निर्माण का काम चल रहा है और खिडकी दरवाजों के लिए उन्होंने कैश घर में रखा हुआ था।

चोरी की जानकारी मिलते ही अनुज ने सबसे पहले 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी और फिर अपने पिता के साथ सदर थाना करनाल पहुंचे और पुलिस को शिकायत दी।

## नूंह व सोहना में स्थापित विनिर्माण प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला का मंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** हरियाणा के युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता व खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास के लिए कृत संकल्प है और राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी आईटीआई में विभिन्न प्रकार के कौशल विकास संबंधी कोर्स करवा कर युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है।

मंत्री गौरव गौतम ने राजकीय आईटीआई नूंह और सोहना में स्थापित विनिर्माण प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। प्रत्येक लैब को बनाने में लगभग 50-50 लाख रुपए खर्च हुए हैं।

## किशोरियों और महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

समर्थ किशोरी विकास केन्द्र, चांदनी बाग में किशोरियों और महिलाओं के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरावस्था में आने वाली शारीरिक और मानसिक चुनौतियों के प्रति जागरूक करना तथा घरेलू उपचार और डॉक्टर की सलाह लेने के समय को स्पष्ट करना था।कार्यक्रम में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा कादियान (टइइर, उ्छइ, टर) द किडनी हॉस्पिटल, पानीपत) द्वारा बताया गया कि मासिक धर्म की अनियमितता, अत्यधिक थकान,



त्वचा विकार, मानसिक तनाव, और स्तनों में बदलाव जैसे लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। ऐसे में समय रहते डॉक्टर से संपर्क करना आवश्यक होता है।साथ ही, यह भी बताया गया कि घर की रसोई में उपलब्ध सामान्य सामग्री जैसे गुड़, चुकंदर, हल्दी, नीम, सौंफ, हींग, और तुलसी के प्रयोग से कई स्वास्थ्य समस्याओं में राहत मिल सकती है। घरेलू उपचारों को अपनाते हुए स्वच्छता और पोषण का ध्यान रखने की भी अपील की गई।डॉ. मनीषा कादियान के विशेष सहयोग से यह कार्यक्रम और अधिक प्रभावशाली रहा। उन्होंने न केवल किशोरियों के प्रश्नों का सरल भाषा में उत्तर दिया बल्कि उन्हें आत्मविश्वास से जीवन जीने के लिए प्रेरित भी किया। उनके योगदान के लिए केन्द्र की ओर से विशेष आभार प्रकट किया गया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की अध्यापिकाओं और उपस्थित महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की जानकारी समाज में मौन विषय माने जाने वाले मुद्दों पर खुलकर चर्चा का रास्ता खोलती है।

सभी ने सेवा भारती पानीपत द्वारा संचालित समर्थ किशोरी विकास केन्द्र एवं डॉ मनीषा कादयान (द किडनी हॉस्पिटल) का धन्यवाद किया और आग्रह किया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

## निस्वार्थ तथा निष्काम भक्ति सबसे उत्तम है: मुनि पीयूष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर भक्ति संगम का आयोजन श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान इंद्री रोड़ पर भक्ति भावनापूर्वक किया गया। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई।

मुनि संयमेश, साध्वी जागृति, कर्मवीर सिंह, रीटा जैन, पुष्प गोयल, सरिता-प्रवीण जैन ने सुमधुर भक्तिगीतों से समां बांधा। मैं दर-दर भटकता तेरे पास आया, तुम्हें देख मुझको सब कुछ मिल गया, तेरे पास आकर मुझे यूं लगाय मेरे प्राणों में जगी चेतना है,



तेरे गुण के आगे सभी गौण लगतेय तुम मेरे चिंतन की अमर दास्तां हो, मैंने अर्जी लिख दी दादा तेरे दरबार मेंय बस मुहर लगा दो अपनी खड़ा इंतजार में, मेरे सिर पर रख दो दादा अपने ये दोनों हाथय देना हो तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ, मुझे रास आ गया है तेरे दर पर सर झुकाना, तुझे मिल गया पुजारी मुझे मिल गया ठिकाना आदि भजनों के बोलों ने सभी को झूमने के लिए विवश किया।

भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवता के संदर्भ में बतलाया कि श्री घंटाकर्ण कृपानिधान भक्तों पर वात्सल्य बरसाने वाले देवता हैं जो सबको निहाल तथा मालामाल करते हैं। इनके उपासक का कोई विपत्ति कुछ बिगाड़ नहीं पाती और सभी अनुकूलताएं चुम्बकीय आकर्षण से उसकी ओर खिंची आती हैं। श्री घंटाकर्ण जी बावन वीरों में तीसवें वीर शिरोमणि तथा वीरों की परिषद में सेनापति का गौरवमयी स्थान प्राप्त प्रभावशाली देवता हैं, जिन्हें जैन, हिंदू तथा बौद्ध तीनों परंपराओं में विशेष पूजनीय तथा आराध्य स्थान प्राप्त है।

मुनि जी ने कहा कि जैन परंपरा में इन्हें चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का शासनरक्षक देव माना जाता है। वैदिक परंपरा में इन्हें बद्रीनाथ तीर्थ का क्षेत्रपाल देवता, शिवजी का गण तथा उनके पुत्र कार्तिकेय का अभिन्न सहयोगी माना जाता है। मंत्र शास्त्रों में श्री घंटाकर्ण के मंत्रों तथा साधना-विधियों का उल्लेख मिलता है जो मनोरथ पूर्ति, संकल्प सिद्धि, भय निवारण, शारीरिक कष्ट मुक्ति, भूत-प्रेत संबंधित बाधा निवारण, राजकीय संकट से छुटकारा पाने में रामबाण औषधि के समान कार्य करती हैं।

मुनि जी ने कहा कि इनकी भक्ति पूर्वक उपासना करने से सारे मनोरथ पूर्ण होते हैं तथा जीवन का पथ विघ्न-बाधाओं से रहित होकर सुखों के सुकोमल एवं खुशबूदार फूलों से सुसज्जित हो जाता है।

श्री घंटाकर्ण देव दरबार में सच्चे मन से आने वाला मुंहमांगी मुरादें पाता है और झोलियां भरकर ले जाता है। श्री घंटाकर्ण अतिशय प्रभावी, अलौकिक शक्तिसंपन्न, भक्तवत्सल देव हैं जो नौ निधियों तथा बारह सिद्धियों से परिपूर्ण करते हैं।

मुनि जी ने कहा कि जीवन की दिशा और दशा बदलकर सुखों से झोलियां भरने की इनके पास अपूर्व शक्ति है।

## डॉ.आशीष मलिक को समाजसेवा के क्षेत्र में मिला ऑनरेरी डॉक्टरेट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के स्टेट चेयरमैन हरियाणा एवं युवा समाजसेवी डॉ. आशीष मलिक जो कि पिछले कई वर्षों से समाजसेवा को समर्पित व्यक्तित्व हैं, को साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाजसेवा के क्षेत्र में ऑनरेरी डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया।

साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी द्वारा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों की विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों में लगातार किए जा रहे उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए ऑनरेरी



डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में करनाल के युवा समाजसेवी डॉ. आशीष मलिक को समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार किए गए कार्यों के लिए ऑनरेरी डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के निदेशक सेल्वम ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मथुरा के पूर्व सांसद एवं पूर्व राज्य मंत्री राजा मानवेंद्र सिंह एवं एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फाउंडेशन के स्टेट चेयरमैन हरियाणा डॉ.आशीष मलिक को साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी से समाजसेवा के क्षेत्र में ऑनरेरी डॉक्टरेट मिलने पर खुशी जाहिर की। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि डॉ.आशीष मलिक युवा समाजसेवी है, जो कि समाजसेवा के साथ-साथ खेलों और खिलाडि?ों को भी प्रमोट करने का विशेष कार्य कर रहे हैं।

# विकास विहार में चोरों का आतंक, 20 से ज्यादा दुकानों में चोरी

## ज्यादातर दुकानों में एसी की कॉपर चुराई, 1 दुकान का शटर तोड़ नगदी चोरी, जांच जारी

**मचा हडकंप**

किसी दुकान से नगदी चुरा ली तो किसी दुकान से सामान चुरा लिया। एसी के आउटडोर चुराने का प्रयास भी किया






**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** विकास विहार की मार्केट में गत रात्रि चोरों ने खूब आतंक मचायाा। हथियार लेकर पहुंचे चोरों ने लगभग हर दुकान से चोरी की। किसी दुकान से नगदी चुरा ली तो किसी दुकान से सामान चुरा लिया। यहां तक कि चोरों ने दुकानों के ऊपर रखे एसी के आउटडोर चुराने का प्रयास भी किया लेकिन जब वह आउटडोर उतारने में असफल रहे तो वह एसी की कॉपर पाइपस ही उखाड़कर ले गए। सुबह जब दुकानदारों ने आकर अपनी दुकानें खोली और एसी चलाए तो एसी ठंडे की जगह गर्म हवा देने लगा। जिसके बाद सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़े तो देखा कि सभी एसी की कॉपर पाइपस गायब थी। जिसके बाद दुकानदारों को चोरी का पता चला और उन्होंने डायल-112 को जानकारी दी। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच आंरभ कर दी। बंटी मोटरसाइकिल वाले की दुकान से 10 हजार रुपए नकद व हजारों का अन्य सामान चुरा लिया। वहीं मौके पर पहुंचे डायल-112 कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें मार्केट में चोरी की सूचना मिली थी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे और जांच आंरभ कर दी। उन्होंने बताया कि कई दुकानों में चोरी हुई है और सामान चुराया गया है। एसी की पाइपस चुराई गई हैं और एक दुकान का शटर भी तोड़ा गया है। वहीं पुलिस की टीम अभी जांच कर रही है, जिसके बाद ही आंकलन लग पाएगा कि यह चोरी कितनी बड़ी है।

दुकानदार राजेश कुमार ने बताया कि जब वह सुबह दुकान में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ है, जब शटर खोलकर देखा गया तो उनकी दुकान में काफी सामान और रुपए थे जो चोर चुरा ले गए।

वहीं लोगों ने बताया कि यह सारी वारदात रात 1.30 से 2 बजे के बीच हुई है और चोरी करने वाले सभी युवक हथियारबंद थे और उन्होंने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। वहीं यह भी पता चला कि वहां पर मौजूद एक व्यक्ति ने चोरों को देखा था, लेकिन चोरों ने उसे धमकी दे दी, जिसके बाद वह व्यक्ति वहां से चला गया।

## न्यूज फ्लैश

### अदबी संगम ने कवि सम्मेलन में आप्रेशन सिंदूर के वीरों को स्मरण करते हुए काव्य पाठ किया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** :अदबी संगम कुरुक्षेत्र द्वारा गुलजारीलाल नंदा स्मारक सदाचार स्थल में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉ दिनेश दधीचि, डॉ सीडीएस कौशल, डॉ राकेश भास्कर ने दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ दिनेश दधीचि अंग्रेजी भाषा के भाषाविद् रिटायर्ड प्रोफेसर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने की एवं संचालन गायत्री कौशल आर्य ने किया। इस अवसर पर अदबी संगम के प्रधान डॉ सुभाष गर्ग पार्थ ने सबको संबोधन किया व स्वागत किया। तथा कवियों को प्रोत्साहन करते हुए नये रचनाकारों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता प्रकट की,डॉ संजीव अंजुम ने मेजबानी की । कवियों में डॉ राकेश भास्कर,डॉ कुमार विनोद, डॉ बलवान सिंह बादल डॉ देवेंद्र बीबीपुरिया, सूबे सिंह सुजान, कविता रोहिल्ला, सीमा बिरला,सीडीएस कौशल निदेशक संस्कृत साहित्य अकादमी पंचकूला,प्रकाश कुरुक्षेत्री सतीश गर्ग गर्ग गैर, सतीश मित्तल, सविंदर शर्मा,चंद्रशेखर जी सुधीर ढांढा, रामगोपाल राही,मोतीराम तुर्क, ज्ञान सागर आहूजा, करनैल खेड़ी, विनोद कुमार वत्स, सुखीजा जी डॉ सुनीता,मुनीष कुमार,सतीश बंसल आदि उपस्थित रहे। कवियों ने कविता, गजल, मुक्तक एवं गीत प्रस्तुत करते हुए देश के वीर जवानों को याद किया और वीर रस छंद पढ़ कर बच्चों को प्रेरित किया वर्तमान में आप्रेशन सिंदूर को स्मरण करते हुए देश को शक्ति संपन्न की कामना की गई।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेड़ा में एसएमसी का किया पुनर्गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, 26 मई।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेड़ा (2352) में सोमवार को एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान संतोष देवी ने प्रधान पद से अपना दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर अपना त्याग पत्र विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. बलजीत कौर को सौंपा। इसके पश्चात 16 सदस्यों के लिए दोबारा से एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। इस पुनर्गठन में सर्वसम्मति से गुरमीत सिंह सैनी को एसएमसी का प्रधान और संतोष देवी को उपप्रधान बनाया गया। इसके अलावा राजेश कुमार, सन्तोष कुमार, सीमा रानी, राजरानी, परमजीत कौर, रीना देवी, शमशेर, पूजा, बलजिन्द्र कौर, कमलजीत कौर, सलिन्द्र पंच, राम प्रसाद, पंजाबी अध्यापिका जसबीर कौर व हिन्दी प्राध्यापक तरसेम को सर्वसम्मति से एसएमसी बनाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा. बलजीत कौर ने नवनियुक्त प्रधान व सदस्यों को बधाई दी।

# डीएवी स्वयंसेवकों ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली




**जागरूक किया**

रैली में 100 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पर्यावरण जागरूकता पर नारे वाले बैनर तैयार किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** आओ हम सब हाथ मिलाए, पर्यावरण को स्वस्थ बनाएं। डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर की एन एस एस इकाई ने स्कूल प्रिंसिपल डॉ आर आर सूरी के नेतृत्व में लोगों में पर्यावरण बचाने के लिए जागरूकता फैलाने के लिए एक रैली का आयोजन किया, जिसमें सुनीता गर्ग, मोनिका कालरा, भारती, नूतन, सुमन, वंदना सोढ़ी, वरुण, रोहित और कर्मवीर शामिल थे।

रैली में लगभग 100 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने पर्यावरण जागरूकता पर नारे वाले बैनर तैयार किए। उन्होंने जूनियर कक्षाओं के छात्रों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया क्योंकि पेड़ हमारी जीवन रेखा हैं और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए डीजल और पेट्रोल वाहनों के बजाय साइकिल का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। रैली में स्वयंसेवकों ने "गो ग्रीन, ब्रीद क्लीन"; पेड़ दुनिया के फेफड़े हैं; धरती माता को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं।" जैसे नारे लगाए। स्वयंसेवकों द्वारा किए गए प्रयासों की सभी ने सराहना की।

# बैठक में गंगवा ने 7 शिकायतों का किया निपटान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडकें) विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली और एंजैडे के तहत 11 शिकायतों को सुना, जिनमें से 7 का समाधान किया गया और 4 शिकायतों के समाधान से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देकर अगली मीटिंग में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, नगर निगम कमिश्नर विरेन्द्र लाठर, पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी, भाजपा पदाधिकारी रितेश गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा सहित कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडकें) विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरन्तर तरक्की व विकास की ओर बढ रहा हैं। पूरे देश का मान विश्व पटल पर बढ़ा हैं। भारत की अर्थ व्यवस्था विश्व में चौथे स्थान पर बढ़ी है जो कि बडे ही हर्ष व गर्व की बात है व जल्द ही भारत अर्थ व्यवस्था में और आगे बढेगा। इस मौके पर पत्रकारों द्वारा अर्थव्यवस्था बढ़ने से सम्बधिंत पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि कांग्रेस के जो लोग है केवल और केवल बयानबाजी करते हैं।

# जाट सभा कुरुक्षेत्र का शिष्टमंडल मुख्यमंत्री से आज चण्डीगढ़ में शिष्टाचार भेंट करेगा

**शिष्टमंडल**

मुख्यमंत्री से भेंट करते समय राज्यसभा सांसद सुभाष बराला शिष्टमंडल के साथ उपस्थित रहेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जाट सभा (जाट धर्मशाला) कुरुक्षेत्र का एक शिष्टमंडल जाट धर्मशाला विकास को लेकर एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करवाने के लिए कल चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके निवास संत कबीर कुटीर में उनसे शिष्टाचार भेंट करेगा। मुख्यमंत्री से भेंट करते समय राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला शिष्टमंडल के साथ उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री के समक्ष जिन विषयों पर चर्चा की जएगी उन विषयों पर विचार विमर्श करने के लिए आज जाट सभा की एक विशेष बैठक का आयोजन जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में किया गया । बैठक की अध्यक्षता जाट सभा के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द ने की। बैठक में जाट सभा की कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ कृष्ण श्योकन्द ने कहा कि कल मुख्यमंत्री के समक्ष जाट धर्मशाला में विकास हेतु व समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुरीतियों को दूर करने के लिए अन्य समाज के गणमान्य सम्मानित जनों का भी सहयोग लिया जाएगा। बैठक में डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने भू माफिया को चेतावनी देते हुए कहा कि नाभि कमल मंदिर और जाट सभा के बीच जमीन को लेकर जो मामला चला हुआ है, भू मफिया उसके नजदीक आने का कुप्रयास न करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि जमीन के मामले को सुलझाने के लिए 11 सदस्य कमेटी गठित की जाएगी और जाट सभा के जो पुराने सदस्य रहे हैं जिनको जाट सभा की जमीन के बारे में पूर्ण जानकारी है उनका सहयोग लिया जाएगा। डॉ श्योकन्द ने जाट समाज से अपील करते हुए कहा कि जमीन के मामले में अफवाहें फैलाने वाले लोगों की बातों से गुमराह न हो। इस अवसर पर बन्नी सिंह ढुल , गंगा बिशन सहारन, बलविंदर संग्रोहा, हरकेश लाल सहारन, होशियार सिंह बारवा, नरेंद्र सिंह नैन, रमेश मलिक, ऋषिपाल नैन, जितेंद्र कुमार कैन्दल, गुरदीप तंवर इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे।

# किड्जी कल्याण नगर में पूल पार्टी और मूवी दिवस का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**आनंद उठाया**

छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्ले-ग्रुप से सीनियर केजी के छात्रों ने पूल पार्टी का आनंद लिया

**कुरुक्षेत्र** : किड्जी कल्याण नगर में पूल पार्टी और मूवी दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्ले-ग्रुप से सीनियर केजी के छात्रों ने पूल पार्टी का आनंद लिया, जबकि ग्रेड 1-5 के छात्रों ने मूवी टाइम का आनंद लिया। स्कूल प्रबंधन निदेशक आदित्य वत्स ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां विद्यालय में मासिक आधार पर आयोजित की जाती हैं, ताकि छात्रों को आपस में मिल कर बातचीत करने और सहपाठी संवाद बनाने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों के जीवन कौशल को बढ़ावा देती हैं और उन्हें अधिक सामाजिक और आत्म विश्वासी बनाती हैं। स्कूल की प्रिंसीपल एकजोत कौर ने बताया कि छात्रों ने पूल पार्टी में तरह तरह की स्विमिंग कॉस्ट्यूम, सन-ग्लासेज, हैट पहन कर गोवा जैसा माहौल बना दिया, वही मूवी दिवस में छात्रों ने सिनेमा में होने वाली स्कैनिंग, टिकट लेना, टिकट चेकिंग और सीट ढूंढना पूरी प्रक्रिया को बहुत आनंद से समझा। इस आयोजन ने छात्रों को एक दूसरे के साथ जुड़ने और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान किया।

# नसीरपुर राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सांझी सभा आयोजित

**सांझी सभा**

राजकीय माध्यमिक विद्यालय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सांझी सभा का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला शहर के नसीरपुर स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सांझी सभा का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन करना था। इस सभा में बच्चों के अभिभावक, समाज सेवी, एबीआरसी व शिक्षक गण उपस्थित रहे। दोनों विद्यालय मुखियाओं मनप्रीत कौर व रेशमा की अगुवाई में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया।

## पानी की बूंद-बूंद को तरसे जंडली की शंकर कॉलोनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला शहर के वार्ड-15, 20 शंकर कॉलोनी में 15-20 दिनों से पानी न आने के कारण लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पानी के लिए तरस रहे लोगों को पानी के टैंकरों व बोरवेल के पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कपड़े धोने, सफाई करने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा। महिलाओं ने बताया कि शिकायत के बाद कई बार अधिकारी आए लेकिन किसी समस्या का समाधान करने के बजाय वह बस आश्वासन देकर चले जाते हैं।

# अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सम्मान**

कक्षा 12वी आर्ट संकाय में प्राची ने 92.6% अंक लेकर विद्यालय स्तर पर प्रथम व खंड स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थाना द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस परीक्षा परिणाम में कक्षा 12वी आर्ट संकाय में प्राची ने 92.6% अंक लेकर विद्यालय स्तर पर प्रथम व खंड स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इसकी के साथ संजना 87.2%, शिखा 85.8%, परवीन 84.4%, कामना 82.1%, कपिल 81.4%, सलोनी 81.2% अंक प्राप्त किए । कक्षा दसवीं में सुनिधि ने विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 84.1% अंक प्राप्त किए । इसके साथ- साथ ललित कला विषय में संजना 100/100 ओर परवीन 100/100 अंक प्राप्त किए ओर हिंदी विषय में कपिल ने 100/100 अंक प्राप्त किए । इस शुभ अवसर पर इन विद्यर्थियों को प्रधानाचार्य श्री ओमप्रकाश जी ने सम्मानित किया और अपने शब्दों के माध्यम से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य विक्रमजीत,समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यालय प्रबंधन समिति के नवचयनित सदस्य अमरीक मौजूद रहे।

# मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाएं: प्रो. महासिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**दाखिला**

एम.एस.सी. मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन दाखिला आवेदन आरंभ हो चुके हैं

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के अंतर्गत चलाए जा रहे बी.ए. मास कम्युनिकेशन, एम.ए. मॉस कम्युनिकेशन, एम.एस.सी. मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन दाखिला आवेदन आरंभ हो चुके हैं। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक और लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में सभी क्षेत्रों की सूचनाएं समाज तक पहुंचाना मीडिया की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय लोकतंत्र को मीडिया चौथे स्तंभ के रूप में समाज और राष्ट्र को अपनी लेखनी के माध्यम से सशक्त करता है। प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि मीडिया के क्षेत्र में टीचिंग प्रोफेशनल, वीडियो एडिटर, फिल्म एडिटर, फोटोग्राफी, फोटो पत्रकारिता, टेलीविजन कंटेंट प्रोड्यूसर, टेलीविजन पत्रकारिता, समाचार संपादक, समाचार समीक्षक, कॉलम राइटर, प्रिंट रिपोर्टिंग, फ्रीलांसर, कंटेंट राइटर, कंटेट क्रिएटर के रूप में अपार संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जनसम्पर्क में सरकारी एवं गैर-सरकारी क्षेत्र में जनसम्पर्क अधिकारी के रूप में कार्य कर सकते हैं। विज्ञापन के क्षेत्र में विद्यार्थी देश-विदेश की जानी-मानी विज्ञापन कंपनियों में कार्य करते हैं। वर्तमान समय में इंटरनेट के बढ़ते उपभोक्ताओं के कारण सोशल मीडिया अपना वर्चस्व स्थापित करने में कामयाब हुआ है। सोशल मीडिया के लिए कंटेट क्रिएटर, वीडियो क्रिएटर, वीडियो संपादन के माध्यम से पत्रकारिता के बहुसंख्यक विद्यार्थी अपना करियर का निर्माण कर चुके हैं और कर रहे हैं जिसके लिए मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान व्यवस्थित एवं नए आयामों के साथ विद्यार्थियों को तैयार करता है।

पत्रकारिता एवं जनसंचार के कोर्स के उपरांत विद्यार्थियों में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संचार दक्षता एवं मीडिया में नवीनतम घटनाओं के प्रति आलोचनात्मक दृष्टिकोण की समझ विकसित होती है जिससे स्वच्छ, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है।

# लिटिल मिलेनियम 7 बी में विद्यार्थियों के लिए पूल पार्टी का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : लिटिल मिलेनियम 7 बी में विद्यार्थियों के लिए पूल पार्टी का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने जल क्रीड़ाओं के माध्यम से न केवल आनंद लिया, बल्कि गर्मी से राहत भी प्राप्त की। कार्यक्रम के सफल संचालन में कमलप्रीत मैम एवं सिमरन मैम की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

**आयोजन का उद्देश्य एवं महत्व:** पूल पार्टी जैसी सहशैक्षिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस प्रकार के आयोजन बच्चों को सामाजिक व्यवहार, आपसी सहयोग, और समूह में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

इसके साथ ही यह आत्मविश्वास बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को उत्साहपूर्वक और सुरक्षित वातावरण में सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।इस प्रकार यह आयोजन न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि बच्चों के विकास के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

# हकेवि के राजेश जांगड़ा ने राज्य स्तरीय प्री स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

**प्रतियोगिता**

**जांगड़ा ने हाल ही में आयोजित चौथे हरियाणा प्री स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की।**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ में अनुभाग अधिकारी राजेश कुमार जांगड़ा ने राज्य स्तरीय प्री स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतियोगिता के अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया।
विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने श्री राजेश कुमार जांगड़ा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी।
विश्वविद्यालय के वित्त अनुभाग में कार्यरत श्री राजेश कुमार जांगड़ा ने हाल ही में आयोजित चौथे हरियाणा प्री स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता हरियाणा राइफल एसोसिएशन की तरफ से नेशनल राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में 17 मई 2025 से 26 मई 2025 के बीच आयोजित की गई थी। डॉ. करणी सिंह रेंज, तुगलकाबाद, नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में श्री राजेश कुमार जांगड़ा ने 10 मीटर एयर पिस्टल में मास्टर्स श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 335 अंक अर्जित किए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कोच कैप्टन राम किशन को दिया है। साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता और विश्वविद्यालय परिवार के सहयोग व प्रोत्साहन का विशेष उल्लेख किया।
श्री राजेश कुमार जांगड़ा ने अपने दैनिक कर्त्तव्यों के निर्वहन से इतर महत्त्वपूर्ण प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार, समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार से मिले सहयोग के लिए भी उनके प्रति आभार व्यक्त किया।
विश्वविद्यालय के स्पार्टस काउंसिल के सचिव डॉ. संदीप ढुल ने भी श्री राजेश कुमार जांगड़ा की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# धार्मिक कार्यक्रमों से आध्यात्मिक विकास के साथ अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं: कृष्णा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** सोमवार को ज्येष्ठ की अमावस्या के अवसर पर मकीमपुर गांव में दादा खेड़ा व गांव जाट जोशी में गांव के धार्मिक स्थल पर विशाल भंडारा व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भंडारे में राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने शिरकत की और दादा खेड़े पर माथा टेक क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। विधायक कृष्णा गहलावत ने धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन पर ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से गांव में लोगों की धार्मिक भावना बढ़ती है। विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संदेश में कहा कि धार्मिक कार्यक्रम भंडारे जैसे आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि



ऐसे आयोजनों में भाग लेकर हम अपने समाज को मजबूत बना सकते हैं और एक दूसरे के साथ जुड़ सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने से हमारा आध्यात्मिक विकास होता है और हम अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रम भंडारे जैसे आयोजनों में भाग लेकर हम अपने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। भंडारे में ग्रामीणों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को आयोजित करने और समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि वे अपने समाज को मजबूत बनाने और एक दूसरे के साथ जुड़ने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।
मुकीमपुर गांव की महिलाओं ने विधायक से गांव में गंदे पानी की निकासी के स्थाई समाधान की मांग की , जिस पर विधायक कृष्णा गहलावत ने खंड विकास

## न्यूज फ्लैश

### घर के बाहर एसी का पाइप ठीक करने के दौरा सीढी से गिरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बेगा रोड पर हनुमान नगर कालोनी में एक 42 वर्षीय व्यक्ति की सीढी से गिर कर मौत हो गई। सूचना के बाद थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। जानकारी अनुसार हनुमान नगर कालोनी के रहने वाले 42 वर्षीय सुभाष अपने घर के बाहर गली में एसी की पाइप ठीक करने के लिए सीढी पर चढे थे। इस दौरान अचानक सीढी टूट गई और सुभाष सीढी से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद स्वजन उसे उपचार के लिए पानीपत के निजी अस्पताल में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक सुभाष के बेटे हिमांशु ने पुलिस को ब्यान दिए कि इस हादसे में किसी की गलती नहीं है। पुलिस ने हिमांशु के ब्यान 174 की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

### रुपये व गहने चोरी के मामले में एक ओर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। थाना** गन्नौर की पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर रुपये व गहने चोरी करने की घटना मे संलिप्त एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हरिपाल उर्फ छोटू निवासी पांची जाटान का रहने वाला है। जानकारी अनुसार 10 मई को अमित निवासी पांची जाटान ने थाना गन्नौर में शिकायत दी थी कि उनकी अनुपस्थिती में उसके घर में घुस कर चोर मकान में रखे 15 हजार व जवहरात चोरी कर के ले गए। शिकायत पर थाना गन्नौर में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहले आरोपित मोनू को गिरफ्तार कर चोरी किए गए गहने बरादम कर लिए। अब पुलिस ने आरोपित हरिपाल उर्फ छोटू को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है।

### धार्मिक कार्यक्रमों से आध्यात्मिक विकास के साथ अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है: कृष्णा गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राय।** सोमवार को ज्येष्ठ की भव्यता के अवसर पर मकीमपुर गांव में दादाजी व गांव जाट जोशी के धार्मिक स्थल पर विशाल भंडारा व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भंडारे में राय विधायक विधायक कृष्णा गहलावत ने माथा टेक क्षेत्र में विद्वान पंडित और दादा खेड़े से सुख शांति की कामना की। विधायक कृष्णा गहलावत ने धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन पर अलॉटमेंट की अनुमति देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से गांव में लोगों की धार्मिक भावना भड़कती है। विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संदेश में कहा कि धार्मिक कार्यक्रम भंडारे जैसे आयोजनों से समाज में एकता और मंदिरों की भावना प्रबल है। उन्होंने कहा कि ऐसे जुड़ें और आयोजनों में भाग लेकर हम अपने समाज को मजबूत बना सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने से हमारा आध्यात्मिक विकास होता है और हम अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रम भंडारे जैसे आयोजनों में भाग लेकर हम अपने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। भंडारे में भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने और समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि वे अपने समाज को मजबूत बनायें और एक-दूसरे के साथ जुड़ने का निरंतर प्रयास करते रहें। मुकीमपुर गांव की महिलाओं ने गांव में पानी के फूलों के फूलों के समाधान की मांग की, जिस पर विधायक कृष्णा गहलावत ने खंड विकास पंचायत के अधिकारी और खंड विकास पंचायत के अधिकारी आके कुमार से समस्या के समाधान के आदेश दिए। इस कलाकार पर अनिल आमिर, कृष्ण बालाजी, दयानंद, अंकित तीरंदाज, दीपक अंडटिल, दीपक मुकीमपुर, नरेंद्र, जेपी रेवली, राम सिंह, आजाद आदि आमिर लोग मौजूद थे।

### बाबा सुरतानंद आश्रम में होगा पांच दिवसीय सांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव निम्बहेड़ा स्थित बाबा सुरतानंद आश्रम में जीणोर्दार एवं संत कुटीर के नवनिर्माण को लेकर पांच दिवसीय सांग का आयोजन किया जाएगा। आश्रम के महाराज आकाशगिरी ने बताया कि आश्रम में एक से पांच जून तक सांग का आयोजन होगा। इसके अलावा छह जून को विशाल जागरण व सात जून कोविशाल भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मेघ सिंह तंवर सांगी रहेंगे।

# कादियान ने महर्षि वाल्मीकि भवन की रखी आधारशिला

**आधारशिला**

**-हलका विधायक देवेंद्र कादियान बोले- क्षेत्र में विकास कार्यों की गति और तेज की जाएगी।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**
हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने शाहपुर तगा गांव में महर्षि वाल्मीकि भवन की आधारशिला रखी। कार्यक्रम महर्षि वाल्मीकि भवन कल्याण समिति द्वारा आयोजित किया गया। भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री कोष से 5 लाख रुपए की राशि पहले ही समिति को दी जा चुकी है। भवन बनने के बाद धार्मिक आयोजन किए जा सकेंगे।
समारोह में पहुंचने पर समिति पदाधिकारियों ने विधायक कादियान का फूलमालाओं से स्वागत किया। विधायक ने कहा कि भवन से समाज को धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के लिए स्थान मिलेगा। समिति की मांग पर मुख्यमंत्री कोष से राशि दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विकास कार्यों की गति और तेज की जाएगी।
विधायक ने भरोसा दिलाया कि सड़क, सीवरेज, पानी, बिजली, शिक्षा और चिकित्सा से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जनहित के कार्यों को समय पर पूरा करें।
समिति अध्यक्ष मुकेश सौदा ने बताया कि बागवानी मंडी के लिए जमीन अधिग्रहण में मंदिर की जगह मंडी क्षेत्र में चली गई थी। इससे समाज को परेशानी हो रही थी। विधायक कादियान के प्रयासों से मंदिर की जगह का तबादला कर करीब 6 मरले जमीन दी गई है।
वहां मंदिर निर्माण कार्य जारी है। इस मौके पर अशोक कुमार, संजय कुमार, श्रीप्रकाश, बॉबी, भगत सिंह, जयबीर, अनिल कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# छात्रों ने डोमिनोज पिज्जा में सीखी पिज्जा बनाने की कला



**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों ने हाल ही में डोमिनोज पिज्जा आउटलेट का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने पिज्जा बनाने की प्रक्रिया को न केवल देखा, बल्कि उसमें सक्रिय रूप से भाग भी लिया। डोमिनोज पिज्जा के प्रशिक्षकों ने बच्चों को पिज्जा निर्माण की विभिन्न चरणों जैसे आटा गूंथना, सास लगाना, टापिंग्स सजाना और ओवन में पिज्जा पकाना के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य जय भारत गुप्ता ने डोमिनोज पिह्लजा टीम का आभार जताते हुए कहा कि यह भ्रमण बच्चों को किताबों से परे जाकर सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।

# प्राइवेट स्कूल की बस को रोडवेज की बस ने मारी टक्कर, चार बच्चे हुए घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** एक प्राइवेट स्कूली बस को रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूली बस में सवार चार बच्चे घायल हो गए। जिस समय टक्कर हुई थी, उस समय बस में कई बच्चे सवार थे तथा हादसे के समय बच्चों की चीख पुकार मच गई। स्कूली बस के टकराने की खबर सुनते ही मौके पर सैकड़ों लोग जमा हो गए।
वहीं पेरेंट्स भी अस्पताल की तरफ भागे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में पहुंचाया। वहीं दोनों बसों व एक ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया। महेंद्रगढ़ के राव तुलाराम चौक पर आरपीएस स्कूल की बस दादरी की ओर से दादरी व महेंद्रगढ़ जिला के बच्चों को लेकर सुबह-सुबह स्कूल जा रही थी। बस में 40-50 से अधिक बच्चे सवार थे। राव तुलाराम चौक के पास जैसे ही बस पहुंची तो बस स्टैंड की ओर से तेज गति से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस ने स्कूली बस को टक्कर मार दी। जिसके बाद बस साइड से जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में जा टकराई। ट्रैक्टर-ट्राली को साइड से टक्कर लगने की वजह से बस पलटने से बच गई। इससे कोई बड़ा हादसा होने से बच गया।

# विधायक ने खेड़ी तगा में महर्षि वाल्मीकि भवन की रखी आधारशिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने शाहपुर तगा गांव में महर्षि वाल्मीकि भवन की आधारशिला रखी। कार्यक्रम महर्षि वाल्मीकि भवन कल्याण समिति द्वारा आयोजित किया गया। भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री कोष से 5 लाख रुपए की राशि पहले ही समिति को दी जा चुकी है। भवन बनने के बाद धार्मिक आयोजन किए जा सकेंगे। समारोह में पहुंचने पर समिति पदाधिकारियों ने विधायक का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि भवन से समाज को धार्मिक और सामाजिक




आयोजनों के लिए स्थान मिलेगा। विधायक ने कहा की क्षेत्र में सड़क, सीवरेज, पानी, बिजली, शिक्षा और चिकित्सा से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जनहित के कार्यों को समय पर पूरा करें। समिति अध्यक्ष मुकेश सौदा ने बताया कि बागवानी मंडी के लिए जमीन अधिग्रहण में मंदिर की जगह मंडी क्षेत्र में चली गई थी। इससे समाज को परेशानी हो रही थी।

# दो पिस्तौल व तीन गोलियों सहित एक काबू

**गन्नौर।** क्राइम युनिट गन्नौर पुलिस टीम ने अवैध हथियार की घटना में संलिप्त आरोपित को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राजवीर उर्फ मीठा निवासी मोगा पंजाब का रहने वाला है। जानकारी अनुसार गत रविवार को क्राइम युनिट गन्नौर से सहायक उप निरिक्षक जसबीर ने गुप्त सूचना पर अपनी पुलिस टीम के साथ औद्योगिक क्षेत्र बडी में गेट नंबर 2 के पास से राजवीर उर्फ मीठा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके बेग से दो पिस्तौल व तीन गोलियां बरामद हुई। आरोपित के खिलाफ थाना बड़ी में केस दर्ज कर लिया।

# गुमड़ से खेड़ी गुर्जर रोड तक डामर सड़क निर्माण कार्य शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** पिछले दो वर्षो से अधूरी पड़ी गुमड़ से खेड़ी गुर्जर रोड तक जाने वाली सड़क पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क पर डामर की पहली परत बिछा दी गई है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में अब सुगमता आ गई है। इस सड़क को अब 12 फुट से 18 फुट चौड़ा किया गया है। जिससे इस सड़क मार्ग पर आवाजाही वाहन चालकों के लिए सुगम हो गई है। गौरतलब है कि यह सड़क पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में थी। जिसके चलते दो साल पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा इस सड़क का नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। उस समय सड़क के कुछ



हिस्से पर रोड़ा भी डलवा दिया गया, लेकिन उसका निर्माण नहीं किया गया। ऐसे में किसानों व सड़क से गुजरने वाले छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। काफी किसान अपनी फसलों को लेकर इस सड़क से गुजरते हैं, लेकिन सड़क निर्माण न होने की वजह से उनके ट्रैक्टरों के पहिये पंक्चर हो रहे थे। वहीं साइकिल व स्कूटी पर स्कूल जाने वाले छात्र भी आए दिन सड़क पर गिर कर घायल हो रहे थे। जिस वजह से लोग इस सड़क का निर्माण जल्द करवाने की मांग कर रहे थे।
-डेढ़ करोड होंगे खर्च
विभाग के जेई नवनीत ने बताया कि सड़क निर्माण पर करीब डेढ़ करोड रुपये खर्च किए जाएंगे। 5 किलोमीटर लंबी सड़क को 12 फुट से बढ़ा कर 18 फुट चौड़ा किया जाएगा। सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। पहली परत बिछा दी गई है। जल्द ही दूसरी परत भी बिछा दी जाएगी। वर्षा के कारण कार्य कुछ समय के लिए बाधित हुआ, लेकिन मौसम साफ होते ही इसे पुनः शुरू कर दिया जाएगा।

# राजकीय विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुलोठ अहीर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में हरियाणा संस्कृत अध्यापक संघ के प्रधान व संस्कृत प्रवक्ता रोहताश कुमार एवं संस्कृत प्रवक्ता योगेंद्र कुमार ने विद्यालय के दो विद्यार्थी सुहानी एवं दीपक कुमार को सम्मानित करते हुए। इन विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इन विद्यार्थियों को मनोज भारद्वाज ने सम्मानित किया।
इस कार्यक्रम में प्राचार्य रणवीर सिंह यादव व विद्यालय के समस्त स्टाफ ने प्रवक्ता मनोज कुमार एवं दोनों छात्रों को बधाई दी।

# बलदेव नगर के राजकीय विद्यालय में ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर में पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा ड्राइंग कंपटीशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य एवं बीईओ सतबीर सिंह भी उपस्थित रहे । ये प्रतियोगिता दो आयु वर्गों (6 कक्षा से 8 कक्षा और 9 कक्षा से 12 कक्षा) में आयोजित की गई। इस वर्ष का प्रमुख विषय से नो यूज टू प्लास्टिक रहा जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं लोगों को प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से होने वाले




पर्यावरण के दुष्परिणामों के प्रति सजग करना था।
इस अवसर पर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से आए गौरव शर्मा व सुखराम ने कार्यक्रम में भाग लिया और उपस्थित विद्यार्थियों को प्लास्टिक प्रदूषण के वैश्विक और स्थानीय प्रभावों के बारे में बताया, साथ ही पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए दैनिक जीवन में अपनाए जा सकने वाले छोटे-छोटे लेकिन प्रभावशाली उपायों पर प्रकाश डाला।
उन्होंने इस मौके पर प्लास्टिक को ना कहें विषय के अंतर्गत यह बताया गया कि किस प्रकार प्लास्टिक न केवल भूमि और जल को प्रदूषित करता है, बल्कि पशु-पक्षियों और मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। सिंगल यूज प्लास्टिक नष्ट नहीं होता, बल्कि वर्षों तक हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है। इसलिए हमें कपड़े के थैले, स्टील/तांबे की बोतलें, पत्तों के दोने-पत्तल जैसी पारंपरिक एवं पुनः उपयोग की जाने वाली चीजों को अपनाकर एक स्वच्छ और हरित भविष्य की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। उन्होनें पर्यावरणीय संकट, विशेषकर सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा एक कविता भी प्रस्तुति दी गई।
पर्यावरण सप्ताह के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए दो आयु वर्गों में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 कक्षा के छात्रों ने अपने रचनात्मक विचारों और प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त समाज की कल्पना को साकार करने का प्रयास किया। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 8 वर्ग प्रथम स्थान निखिल, द्वितीय स्थान वंश व तृतीय स्थान शिवम तथा कक्षा 9 से 12 वर्ग में प्रथम स्थान कार्तिक, द्वितीय स्थान सागर, तृतीय स्थान ओम ने हासिल किया।

# करोड़ों की लागत से बने अंडरपास का सक्शन पंप से बरसात का पानी निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर- सोनीपत सड़क मार्ग पर राजलू गढ़ी गांव के पास बने अंडरपास में भरे बरसात के पानी की समस्या उजागर होने के बाद एचएसआरडीसी विभाग जागा है। विभाग द्वारा सोमवार को अंडरपास में भरे पानी को निकालने का ट्रैक्टर की मदद से सक्शन पंप में पानी डालकर आवागमन के लिए प्रयास किया लेकिन दूसरे दिन कीचड़ ज्यादा होने की वजह से चार पहिया वाहन चालक ही निकल पाए। दुपहिया वाहन चालकों को दूसरे रास्ते का आवागमन के लिए



सहारा लेना पड़ा। ऐसे में दुपहिया वाहन चालक संबधित विभाग व प्रशासन को कोसते नजर नजर आए कि करोड़ों रुपएं खर्च करने के बाद भी ये हाल है। ग्रामीण प्रवीन मलिक, सुरेश, सतबीर, विकास ने बताया कि अंडर पास में निर्माण कार्य पूरा होने के करीब दो साल से बरसात होने व कई बार बिना बरसात के भी दिवारों से पानी आकर भर जाता है। उन्होंने बताया कि लाखों रुपएं ताक विभाग ने बरसात के पानी को भरने से रोकने के लिए टीन शैड पर खर्च किए है। पूरे अंडरपास को टीन शैड लगाकर कवर किया है। उसके बाद भी ये हाल है।
बिना बरसात के पानी भरने पर विभाग के अधिकारियों का कहना कि पानी अंडरपास के साईड में बनी दीवारों से रिसकर आ जाता है।

# दिल्ली की सड़कों पर जल्द नजर नहीं आयेंगे निराश्रित गौवंश: मिश्रा

● दिल्ली में सड़कों पर निराश्रित घूम रहे गौवंश की समस्या पूर्ववर्ती सरकार की वर्षों की लापरवाही और झूठे वादों का परिणाम: कपिल मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के विकास** मंत्री कपिल मिश्रा ने मॉडल टाउन क्षेत्र का दौरा किया। जहाँ उन्होंने गौशालाओं के विकास एवं गौवंश के पुनर्वास से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ अहम चर्चा की। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण सुझाव और माँगें भी मंत्री के समक्ष रखी गईं। बैठक में गौशालाओं के संचालन एवं रख-रखाव के लिए भूमि पट्टे (लीज) की अवधि बढ़ाने का और गौशालाओं को दिए जाने वाले चारे हेतु 20 रुपए प्रति गौवंश की दर को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार वृद्धि करने का अनुरोध





किया गया। मंत्री कपिल मिश्रा के समक्ष गौशाला संचालकों ने गाय के उत्पादों जैसे दूध, घी, पनीर के साथ ही उपले आदि की बिक्री की अनुमति देने का भी सुझाव दिया ताकि गौशालाएं आत्मनिर्भर बन सकें। मौजूदा समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गौशाला संचालकों ने सरकार को गोशालाओं से जुड़े नियमों में भी संशोधन करने की सिफारिश की। निराश्रित गौवंश के पुनर्वास के संबंध में मंत्री कपिल मिश्रा को दिल्ली सरकार के पशुपालन निदेशक ने अवगत कराया कि गौवंश के पुनर्वास का कार्य वर्तमान में दिल्ली नगर निगम द्वारा किया जा रहा है।
उपरोक्त सभी पहलुओं की गंभीरता को देखते हुए मंत्री कपिल मिश्रा ने निर्देश दिया कि गौशालाओं के विकास एवं गौवंश के पुनर्वास को लेकर रोडमैप तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक जल्द ही आयोजित की जाए। जिसमें आयुक्त, एमसीडी, विकास विभाग के आयुक्त, अतिरिक्त निदेशक (पशु चिकित्सा) तथा पशुपालन निदेशक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।


# विकासपुरी को दिल्ली में विकास का रोल मॉडल बनाने में जुटे हैं मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह

विकासपुरी विधानसभा और आस-पास के इलाके में सफाई अभियान और विकास कार्यों की स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री ने समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** स्वास्थ्य और परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने सचिवालय में लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियंताओं के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस महत्वपूर्ण बैठक में मंत्री ने शहरी बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के साथ ही विकासपुरी विधानसभा और आस-पास के इलाके में चल रहे सभी तरह के विकास कार्यों और सफाई अभियान की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में विकास कार्यों से जुड़े संबंधित विभाग के अधिकारियों को



सड़कों के हालात सुधारने, बरसात से पहले जलभराव की समस्याओं को हल करने और नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर विशेष तौर पर जोर देने का सख्त निर्देश दिया। बैठक के दौरान मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को साफ-साफ निर्देश दिया है कि विधानसभा क्षेत्र विकासपुरी और आस-पास के पूरे इलाके में चल रहे सफाई अभियान समेत सभी विकास कार्यों के बारे में एक हफ्ते के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को नांगलोई-नजफगढ़ रोड की मरम्मत करने के साथ साफ-सफाई करवा कर गंदगी और मलबा तुरंत हटाने के सख्त निर्देश भी दिए और पूरे इलाके में रोजाना सफाई अभियान चलाने और स्वच्छता को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। भारी बारिश होने पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए डॉ. सिंह ने मानसून शुरू होने से पहले नांगलोई-नजफगढ़ रोड के साथ पूरी विकासपुरी विधानसभा की सीवर और नालों की सफाई कर जल निकासी की सुचारू व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को सुपर सोकर मशीनों के जरिए सभी सीवर और नालों की साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिए हैं।
साथ ही विकासपुरी इलाके में फुटपाथों की हालात सुधार कर नागरिकों के लिए सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने के भी निर्देश दिए हैं।
स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंह ने विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कों को तत्काल गड्ढा मुक्त करने के लिए मरम्मत का काम तेज गति से चलाने पर भी बल दिया।



केशवपुरम जिला भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजय खटाना को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा।

# दिल्ली इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन-2025 से पहली बार दिल्ली में इनोवेशन के नए युग की शुरूआत होगी: सिरसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के विकसित दिल्ली के संकल्प को पूरा करने और औद्योगिक केंद्र के तौर पर पहचान दिलाने के लिए पहली बार दिल्ली में दिल्ली इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन-2025 से इनोवेशन के नए युग की शुरूआत हो गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने उद्योग विभाग एवं डीएसआईआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में निर्णय लिया गया है कि



डीएसआई आई डीसी दिल्ली इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन-2025 का आयोजन करेगा। इस अवसर पर उद्योग मंत्री सिरसा ने कहा कि यह हमारी सरकार की नवाचार ही समाधान है वाली सोच का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्योग विभाग एवं डीएसआईआईडीसी मिलकर राजधानी के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से इसे आयोजित करेगा। यह फ्लैगशिप इनिशिएटिव दिल्ली इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन 2025 राजधानी के युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने और औद्योगिक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान तलाशने के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। मंत्री ने कहा कि यह कम्पटीशन इसी साल जुलाई और अगस्त महीने में राजधानी में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के 30 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थानों की 120 से अधिक छात्रों की टीमें भाग लेंगी।
दो दिवसीय नवाचार आइडियाथॉन सैकड़ों प्रतिभाशाली छात्रों को एकजुट कर इनोवेशन की दिशा में एकजुट प्रयासों को प्रेरित करने का काम करेगा।

# भाजपा सरकार की ढुलमुल कार्यशैली दिल्ली को जलभराव से होने वाली त्रासदी से नहीं बचा सकती: देवेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि हर बारिश के बाद जल भराव की समस्या राजधानी दिल्ली के लिए बड़ा संकट बन गया है। मानसून से पहले की बारिश से जलमग्न हुई दिल्ली ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार के सभी दावों की पोल खोल कर रख दी है। जलभराव से निपटने की आधी अधूरी तैयारी का सच सड़कों पर बह रहा है। भाजपा सरकार की निष्क्रियता और खोखले दावों के कारण दिल्ली में जल भराव के कारण आपातकाल की स्थिति बन



रही है। नालों और नालियों से गाद निकालने की 31 मई तक की डेडलाइन पर भाजपा की चार इंजनों वाली सरकार पूरी तरह विफल साबित हो गई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि एयरपोर्ट रोड़, मिंटो ब्रिज, धौला कुंआ, आईटीओ, कनॉट प्लेस, रोहतक रोड़, दिल्ली कैंट, तिमारपुर, चाणक्यपुरी, सुब्रतो पार्क, सफदरजंग, नानक पुरा, बाहरी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, उत्तर पूर्वी व उत्तर पश्चिमी दिल्ली में जलभराव की त्रासदी देखी गई। रात की बारिश के बाद सुबह तक सड़कों पर पानी की निकासी नहीं हो पाई जिसके कारण दिल्ली भर में घंटो भारी ट्रेफिक जाम रहा और वाहन पानी में डूबे रहे। गाद निकालने के काम में नाकाम सरकार स्वयं जिम्मेदारी लेने की बजाय असिसटेंट इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर और पंप ऑपरेटर को निलंबित करके दिल्ली की जनता को क्या संदेश देना चाहती है? देवेन्द्र यादव ने कहा कि मानसून पूर्व बारिश से दिल्ली को गर्मी से तो जरूर राहत मिली लेकिन लापरवाह सरकारों के कारण अनेकों परेशानियां झेल रहे दिल्ली वालों को जल भराव से राहत नहीं मिली। उन्होंने कहा कि दिल्ली की परेशानियों को खत्म करने की बजाय भाजपा और आम आदमी पार्टी की नूरा कुश्ती हर संकट पर देखने को मिलती है, आज विपक्ष में आम आदमी पार्टी है।



अजय खटाना को जिला केशव पुरम भाजपा का जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई देते हुए पूर्व निगम पार्षद देवराज कोली, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा।

# दिल्ली पुलिस की सतर्कता से मासूम की जान बची

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: उत्तर-पश्चिम** जिले के केशवपुरम इलाके में एक मासूम बच्चे के अपहरण की कोशिश को दिल्ली पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। अपनी सूझबूझ और तेज कार्रवाई से दिल्ली पुलिस ने अपहरण की कोशिश करने वाले आरोपित को मौके से ही रंगे हाथों पकड़ लिया गया, बच्चे को मुक्त कराकर परिजनों को सौंप दिया। यह घटना रविवार की है जब आरोपित गोविंद (22) एक मासूम बच्चे को बहला-फुसलाकर ले जा रहा था। मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी गतिविधियों को संदिग्ध पाते ही शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। उत्तर पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार सूचना मिलते ही पीसीआर वैन में तैनात एसआई हरीश किशन और कांस्टेबल सचिन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पीसीआर से आरोपित का पीछा शुरू किया।

**डीसीपी के अनुसार**
आरोपित से पूछताछ में पता चला कि उसकी बच्चे से कोई जान-पहचान नहीं थी और वह दुष्कर्म की नीयत से बच्चे को ले जा रहा था।
आरोपित पर पहले भी मॉडल टाउन थाने में वर्ष 2022 में पोक्सो एक्ट और धारा 377 आईपीसी के तहत मामला दर्ज है।



अजय खटाना को जिला केशव पुरम भाजपा का जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए आजादपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष इन्द्रजीत मुखी व अन्य गणमान्य लोग।

# यशपाल पांचाल फिर चुने गए अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अखिल** भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ की पश्चिम विहार स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा की बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अलावा अलग-अलग राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने शिरकत की। बैठक में विश्वकर्मा विराट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अगले चुनाव कराने की घोषणा की और राष्ट्रीय कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने अपने तीन साल के कार्यकाल का आम सभा



के समक्ष लेखा-जोखा भी पेश किया। इसके बाद हरवीर पांचाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त कर प्रक्रिया शुरू की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए मौजूदा अध्यक्ष के अतिरिक्त किसी भी सदस्य का नाम प्रस्तावित नहीं किया गया। राज्यों के अध्यक्षों की तरफ से यशपाल पांचाल के नाम के प्रस्ताव का समर्थन करने पर चुनाव अधिकारी ने उनको निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। उनका अगला कार्यकाल 3 साल के लिए रहेगा। इसके बाद उनको नए अध्यक्ष के रूप में प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। यशपाल पांचाल के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और अन्य प्रदेशों के लोगों ने उनका पगड़ी पहनाकर, शॉल औढ़ाकर, फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास पांचाल (रामू पांचाल) की टीम के पदाधिकारी जयपाल पांचाल, लोकेश पांचाल, प्रदीप पांचाल, भूपेन्द्र पांचाल, जागेराम पांचाल ने भी विशेष रूप से उनका फूल मालाओं और गुलदस्ते से स्वागत किया।

# बुराड़ी: तिरंगा यात्रा निकालकर दिया युवाओं को संदेश






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराडी विधानसभा** क्षेत्र के वेस्ट कमल विहार आरडब्ल्यूए द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकालकर देश के युवाओं को संदेश भी दिया गया। बतादें कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा उन वीर जवानों के सम्मान में निकाली गई जिन्होंने पाकिस्तान की धरती पर आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर भारत की सैन्य शक्ति, रणनीतिक कौशल और आत्मनिर्भर रक्षा क्षमताओं का परिचय दिया। इस यात्रा का नेतृत्व वेस्ट कमल विहार आरडब्ल्यूए के प्रधान बब्लू मिश्रा ने किया। तिरंगा यात्रा क्षेत्र स्थित ए ब्लॉक, बी ब्लॉक की मुख्य सड़कों से होती हुई डी ब्लॉक पर समाप्त की गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा, महिला संगठन और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाए और देशभक्ति के नारों से माहौल को गुंजायमान कर दिया।

# प्लान के मुताबिक खेले तो वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करना पक्का: उपकप्तान हार्दिक



**नई दिल्ली।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष) के विदेशी चरण की शुरुआत से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम अंकतालिका में मजबूत तीसरे स्थान पर काबिज है। इस बीच टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने जोर देकर कहा है कि अगर टीम योजना के अनुसार खेले और ज्यादा से ज्यादा अंक बटोरे, तो भारत के पास एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई करने का बेहतरीन मौका है। हार्दिक ने कहा, हमने टीम के अंदर इस बात पर चर्चा की है कि अगर हम प्लान के मुताबिक चलें, हर मैच से पॉइंट हासिल करें-चाहे ड्रॉ हो या शूटआउट से पॉइंट मिलें, तो हमारे पास वर्ल्ड कप में जगह बनाने का रियलिस्टिक चांस है।

उन्होंने आगे कहा, बेल्जियम (फिलहाल रैंक 2) और नीदरलैंड (जो भारत से एक स्थान पीछे हैं, रैंक 4) टूर्नामेंट के को-होस्ट होने के कारण वर्ल्ड कप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफाई कर चुके हैं। ऐसे में इंग्लैंड (शीर्ष पर), जर्मनी और स्पेन जैसे टीमें असली प्रतिद्वंद्वी होंगी। अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मुकाबले भी बेहद अहम होंगे। यह हमारे लिए एक बड़ा चैलेंज है और अगर हम जल्दी क्वालिफाई कर लेते हैं, तो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए ज्यादा समय मिलेगा।

**इन टीमों ने पहले ही क्वालिफाई कर लिया है:** ऑस्ट्रेलिया (फिलहाल छठे स्थान पर) की टीम पिछले सीजन की एफआईएच प्रो लीग विजेता होने के चलते वर्ल्ड कप के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है। बेल्जियम और नीदरलैंड मेजबान टीम होने के कारण क्वालिफाई कर चुके हैं। जर्मनी अभी पांचवें स्थान पर है, लेकिन उसके पास छह मैच बाकी हैं और वह भारत के क्वालिफिकेशन में रुकावट बन सकती है।

**साई बेंगलुरु में चली सघन तैयारी:** विदेशी दौरे से पहले भारतीय टीम ने बीते तीन हफ्तों में साई सेंटर, बेंगलुरु में कई गहन ट्रेनिंग सेशन किए हैं, जिनमें रेड, ऑरेंज और ग्रीन सेशन शामिल थे। हार्दिक ने हँसते हुए बताया, ट्रेनिंग सेशन बेहद सख्त रहे हैं। फिटनेस और कंडीशनिंग पर खास काम हुआ है। कोच और साइंटिफिक एडवाइजर एलन ने हमें जमकर पसीना बहवाया है। उन्होंने बताया, हमारी कोशिश यही है कि हम बैक-टू-बैक मैचों के लिए अपनी फिटनेस पीक पर रखें, क्योंकि मुकाबलों के बीच ज्यादा रेस्ट नहीं मिलेगा। जब आराम का मौका मिलेगा, तब हम नीदरलैंड से बेल्जियम यात्रा कर रहे होंगे।

**7 जून से शुरू होगा यूरोपीय अभियान:** भारत अपना यूरोपीय अभियान 7 और 9 जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो मैचों से शुरू करेगा। इसके बाद 11 और 12 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ डबल हेडर होगा। ये सभी मुकाबले एम्स्टेलवीन के वाग्नर स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और फिर 21 और 22 जून को टूर्नामेंट का समापन मेजबान बेल्जियम के खिलाफ मुकाबले से होगा। अंत में हार्दिक ने कहा, इन छह मुकाबलों में हर एक अंक मायने रखेगा। खास बात यह है कि ये मैच उन्हीं स्टेडियमों में खेले जा रहे हैं, जहां अगले साल वर्ल्ड कप होगा। इससे हमें मैदान की परिस्थितियों को समझने का बेहतर मौका मिलेगा। हम इसे वर्ल्ड कप की एक तरह की प्रैक्टिस मान रहे हैं और इसलिए यह दौरा हमारे लिए और भी अहम बन जाता है।

## केकेआर कप्तान को भरोसा- अगले साल और मजबूत होकर वापसी करेंगे



**नई दिल्ली।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का आईपीएल 2025 का सफर रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार के साथ समाप्त हो गया। मैच और पूरे सीजन के प्रदर्शन पर ईमानदारी से प्रतिक्रिया देते हुए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा, इस सीजन में हमारे लिए उतार-चढ़ाव रहे। हमारे पास मौके थे, लेकिन एक यूनिट के तौर पर हम बेहतर नहीं खेले। टीम की तैयारी और सीजन भर के प्रदर्शन पर रहाणे ने कहा, एक कप्तान के तौर पर मैंने देखा कि तैयारी में सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। जब आप एक सीजन जीतते हैं और अगले में खिताब बचाने उतरते हैं, तो यह आसान नहीं होता। सभी टीमें ने अच्छी तैयारी की थी और हमने भी पूरी कोशिश की। मैं बस इतना कह सकता हूं कि हम अगले साल और मजबूत होकर वापसी करेंगे। रहाणे ने गेंदबाजों के संघर्ष के बावजूद उनका समर्थन किया और कहा, हमारी गेंदबाजी मिलीजुली रही, लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने अच्छा काम किया। पिचें बल्लेबाजों के लिए मददगार रहीं, इसलिए 200+ के स्कोर काफी देखने को मिले, लेकिन पूरे सीजन में हमारी गेंदबाजी यूनिट ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे कहा, इस फॉर्मेट में गेंदबाजों को रन पड़ सकते हैं, लेकिन जब तक उनका सोचने का तरीका स्पष्ट हो, वही मायने रखता है। हर्षित, वैभव, वरुण, सुनील (नरेन) इन सभी गेंदबाजों की सोच साफ थी। इसलिए बतौर यूनिट हम ठीक-ठाक खेले। रहाणे ने बल्लेबाजी पर चर्चा करते हुए कहा, कभी-कभी जब आपने पहले अच्छे सीजन खेले होते हैं, तो खुद से उम्मीदें बढ़ जाती हैं।

## तैराकी प्रतियोगिता: पुरुष वर्ग में सैफई, महिलाओं में विंध्याचल की टीम




**बरेली :** उत्तर प्रदेश तैराकी संघ और खेल निदेशालय की ओर से बरेली में आयोजित प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता की टीम चैंपियनशिप पुरुष वर्ग में 133 अंक लेकर स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई और महिला वर्ग में 163 अंक हासिल कर विंध्याचल की टीमें अव्वल रहीं। व्यक्तिगत चैंपियनशिप पुरुष वर्ग में विंध्याचल के आदित्य साहनी और महिला वर्ग में अर्चना निषाद ने बाजी मारी। प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को विभिन्न स्पर्धाएं हुईं। पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ। 800 मीटर फ्रीस्टाइल पुरुष वर्ग में स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई के राज चौहान प्रथम, विंध्याचल के लालचंद साहनी द्वितीय और स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई के अभिषेक चौहान तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में गोरखपुर की अंकिता चौहान पहले, विंध्याचल की ऋतु निषाद दूसरे और वाराणसी की रिया पटेल तीसरे स्थान पर रहीं। 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले पुरुष वर्ग में विंध्याचल के आदित्य पहले, गोरखपुर के विराट चौहान दूसरे और स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई के शुभम चौहान तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में विंध्याचल की अर्चना निषाद और शिखा ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। लखनऊ की सृष्टि तिवारी तीसरे स्थान पर रहीं। मिश्रित मेडले में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ की टीम ने बाजी मारी। विंध्याचल दूसरे और गोरखपुर तीसरे स्थान पर रहा। 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले महिला वर्ग में विंध्याचल प्रथम, गोरखपुर द्वितीय और वाराणसी तृतीय स्थान पर रहा।

## जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जा रहे चार देशों के फ्रेंडली हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में उरुग्वे को 3-2 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। भारत के लिए सोनम (21वें मिनट) और कनिका सिवाच (46वें मिनट, 50वें मिनट) ने अहम गोल किए, जबकि उरुग्वे की ओर से मिलाग्रोस सिगल (3वें मिनट) और अगस्टिना मारी (24वें मिनट) ने गोल दागे। मैच की शुरुआत में ही उरुग्वे ने आक्रामक खेल दिखाया और तीसरे मिनट में मिलाग्रोस सिगल ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी।

## लैंडो नॉरिस ने जीता मोनाको ग्रां प्री, पियास्त्री से वर्ल्ड चैंपियनशिप की रेस में केवल 3 अंक पीछे



**मोनाको।** मैकलेरन के ड्राइवर लैंडो नॉरिस ने रविवार को पोल पोजिशन से शुरुआत करते हुए अपने करियर की यादगार जीत दर्ज की। उन्होंने मोनाको ग्रां प्री में पहला स्थान हासिल कर न केवल इस प्रतिष्ठित रेस में अपना सपना पूरा किया, बल्कि अपने ही टीम साथी ऑस्कर पियास्त्री की फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप लीड को महज 3 अंकों तक सीमित कर दिया। रेस में फेरारी के चार्ल्स लेक्लर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि पियास्त्री तीसरे और रेड बुल के मैक्स वेरस्टैपन चौथे स्थान पर रहे। खास बात यह रही कि टॉप चार ड्राइवरों ने उसी क्रम में रेस पूरी की, जिस क्रम में उन्होंने शुरुआत की थी।

**बचपन का सपना पूरा हुआ-नॉरिस:** नॉरिस ने जीत के बाद कहा, यह वही है जिसका मैंने बचपन में सपना देखा था। आज मैंने उसे सच कर दिखाया। मोनाको में यह उनकी पहली जीत रही और मैकलेरन के लिए 2008 के बाद पहली बार किसी ड्राइवर ने इस ट्रैक पर जीत दर्ज की है। रेस के दौरान दो अनिवार्य पिट स्टॉप्स का नया प्रयोग किया गया, लेकिन यह रणनीति ओवरटेक के लिहाज से कोई बड़ा बदलाव नहीं ला सकी। अधिकतर ड्राइवर सिर्फ मौके का इंतजार करते रहे। वेरस्टैपन ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, 'बहुत रोमांचक रेस थी। हर लैप पर मैं सीट के किनारे बैठा था। शायद अगले साल चार पिट स्टॉप होंगे। मैं आज भी चार स्टॉप करके 64 पर ही आता।'

**फेरारी और रेड बुल के ड्राइवर रहे पीछे:** नॉरिस ने आखिरी सेक्शन में खुद को नियंत्रण में रखा, जहां लेक्लर उनके पीछे दबाव बना रहे थे और वेरस्टैपन आगे की रणनीति को लेकर प्रयोग कर रहे थे। नॉरिस ने रेस में चार कारों को छोड़कर सभी को लैप कर दिया। यह सीजन की नॉरिस की दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री में भी जीत दर्ज की थी।

**मर्सिडीज का निराशाजनक प्रदर्शन:** मर्सिडीज के लिए यह रेस किसी बुरे सपने से कम नहीं रही। सात बार के वर्ल्ड चैंपियन लुईस हैमिल्टन पांचवें स्थान पर रहे, जबकि जॉर्ज रसेल को ड्राइव थ्रू पेनल्टी मिली और वह 11वें स्थान पर रहे।

# लिवरपूल ने खिताबी सीजन का समापन क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 1-1 ड्रॉ से किया

**लिवरपूल।** लिवरपूल ने प्रीमियर लीग 2024-25 के अपने खिताबी अभियान का समापन रविवार रात क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 1-1 की बराबरी के साथ किया। मैच में मोहम्मद सालाह ने 84वें मिनट में शानदार गोल कर टीम को हार से बचाया। इससे पहले इस्माइला सार ने नौवें मिनट में गोल कर पैलेस को शुरुआती बढ़त दिलाई थी।

**पहले ही जीत चुकी थी लीग, जश्न में डूबा रहा एंफील्ड:** लिवरपूल पहले ही चार मुकाबले शेष रहते खिताब अपने नाम कर चुका था। ऐसे में एंफील्ड स्टेडियम का माहौल पूरी तरह से जश्न में डूबा हुआ था। दिलचस्प बात यह रही कि पैलेस के फैन्स, जो पिछले हफ्ते एफए कप जीत का जश्न मना चुके थे, उन्होंने भी चैंपियंस के नारों से माहौल गमार्या। मैच में ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड को उनके आखिरी मैच में दूसरे हाफ में उतारा गया। यह उनका लिवरपूल के लिए 354वां और अंतिम मुकाबला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे रियल मैड्रिड जाने वाले हैं। उन्होंने डार्विन नुनेज को शानदार पास दिया लेकिन गोलकीपर डीन हेंडरसन ने बढ़िया बचाव किया। इसके बाद डियोगो जोटा का शॉट भी पोस्ट से टकराकर बाहर चला गया। वहीं, रयान ग्रावेनबर्च को सीधे रेड कार्ड दिखाया गया जिससे वह अगले सीजन के पहले मैच से बाहर रहेंगे।



**सालाह ने रिकॉर्ड की बराबरी कर जीते दो बड़े अवॉर्ड:** मैच के 84वें मिनट में सालाह ने कराटे-किक स्टाइल में गोल कर मुकाबला बराबर कर दिया। यह उनका इस सीजन का 29वां गोल रहा।

इसी के साथ वे एंडी कोल और एलन शियरर के 47 गोल इन्वॉल्वमेंट (गोल + असिस्ट) के रिकॉर्ड की बराबरी पर पहुंचे।

**प्रीमियर लीग**

**अपने नाम कर चुका था। ऐसे में एंफील्ड स्टेडियम का माहौल पूरी तरह से जश्न में डूबा हुआ था**

**मैच के बाद सालाह को गोल्डन बूट और 'प्लेमेकर ऑफ द सीजन' अवॉर्ड:** लिवरपूल के दिग्गज गोलस्कोरर इयान रश ने प्रदान किए। वहीं कप्तान वर्जिल वान डाइक ने ट्रॉफी उठाकर सीजन का शानदार समापन किया।

**अब अगले सीजन में नया युग शुरू करेगा लिवरपूल:** इस मुकाबले के साथ लिवरपूल का यह चैम्पियन सीजन समाप्त हुआ, जहां क्लब ने न सिर्फ ट्रॉफी जीती बल्कि एक युग का भी अंत देखा, जिसमें ट्रेंट और मैनेजर जुर्गन क्लॉप की विदाई शामिल रही। अब देखना होगा कि आने वाले सीजन में लिवरपूल अपनी इस फॉर्म को कैसे बरकरार रखता है।

## चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई, बड़ी पुरस्कार राशि की भी घोषणा

**चेन्नई :** चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे सत्र में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाकर 20 करने के साथ इसकी अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये करने की घोषणा की गई है। आयोजकों ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि छह से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक वर्ग में 10 खिलाड़ी भाग लेंगे, जबकि पिछले सत्र में आठ खिलाड़ी भाग लेते थे। एमजीडी1 द्वारा आयोजित और तमिलनाडु सरकार तथा तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण द्वारा



समर्थित इस टूर्नामेंट को सिंगापुर स्थित फिनटेक कंपनी क्वांटबॉक्स रिसर्च के साथ करार के बाद क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स कर दिया गया है। पिछले सत्र में अरविंद चिदंबरम मास्टर्स वर्ग में अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती जैसे खिलाड़ियों को पछाड़कर चैंपियन बने थे। प्रणव वी. ने चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता था।

## फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल को दी गई भावभीनी विदाई

**पेरिस।** 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन और पूर्व स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल को रविवार को रोलां गैरोस कॉम्प्लेक्स के कोर्ट फिलिप शात्रिए पर आयोजित एक विशेष समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। 38 वर्षीय नडाल ने पिछले साल नवंबर में टेनिस से संन्यास लिया था और इस अवसर पर हजारों दर्शकों ने खड़े होकर उन्हें सम्मान दिया।

**20 साल के सफर पर नडाल हुए भावुक:** समारोह के दौरान नडाल ने जब अपने करियर की झलकियों का वीडियो देखा तो वे बेहद भावुक हो गए। उन्होंने कहा,मुझे नहीं पता कहां से शुरू करूं। मैंने पिछले 20 सालों से इस कोर्ट पर खेलता आया हूं। मैंने यहां दर्द भी सहा है, जीत का स्वाद भी चखा है, और हार भी देखी है। इस कोर्ट पर मेरे जीवन की सबसे गहरी भावनाएं जुड़ी हैं। दर्शकों ने अलग-अलग रंग की टी-शर्ट पहनकर का अद्भुत नजारा पेश किया, जो नडाल को उनके 14 फ्रेंच ओपन खिताबों के लिए सम्मान देने का तरीका था। पूरा स्टेडियम तालियों और जयकारों से गूंज उठा। समारोह में नडाल के परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे-उनके चाचा और पूर्व कोच टोनी नडाल, पिता सेबास्टियन नडाल, मां एना मारिया परेरा, पत्नी मारिया फ्रांसिस्का पेरेलो, बहन मारिया इसाबेल और बेटा राफा जूनियर ने इस ऐतिहासिक पल को साझा किया।

## प्रणय-लक्ष्य और सिंधू सिंगापुर ओपन में पेश करेंगे चुनौती

**सिंगापुर:** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर करने के बाद यहां शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सितारों से सजी भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी। यह जोड़ी हालांकि चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल सके थे। इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे वाली यह भारतीय जोड़ी यहां मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचकर किदांबी श्रीकांत ने खुद की और पिछले कुछ महीनों में भारतीय बैडमिंटन पर छाई निराशा को दूर करने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने पिछले कुछ महीनों से भारत के एकल खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में सप्ताह दर सप्ताह अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने की परिपाटी को तोड़ा। श्रीकांत हालांकि इस सप्ताह प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे लेकिन वह अपने हमवतन खिलाड़ियों को 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अच्छा करने के लिए प्रेरित जरूर करेंगे। विश्व चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने



कुआलालंपुर में श्रीकांत के शानदार प्रदर्शन को करीब से देखा था। वह डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते समय इसी तरह का दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगे। प्रणय पिछले साल चिकनगुनिया से जूझने के बाद लय हासिल करने की कोशिश में हैं। लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में लिन चुन-यी का सामना करके अपनी फिटनेस पर संदेह को दूर करना चाहेंगे। 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अल्मोड़ा के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद से निराशाजनक प्रदर्शन किया है। वह इस सत्र में चार बार शुरुआती दौर से ही बाहर हो गये हैं। प्रियांशु राजावत भी मौजूदा सत्र में प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं। तेईस साल का यह खिलाड़ी छह प्रतियोगिताओं में शुरुआती दौर की बाधा पार करने में विफल रहा है। किरण जॉर्ज भी इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। वह चीन के वेंग हांग यांग के खिलाफ अपने मौके को भुनाना चाहेंगे। महिला एकल में अनुभवी पीवी सिंधू अब भी वापसी की राह पर हैं। अपनी कोचिंग टीम में कई बार बदलाव करने के बाद बावजूद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी है। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को फरवरी में गुवाहाटी में अभ्यास के दौरान हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों की खिंचाव) की चोट लगी थी। उन्हें इसके कारण एशिया टीम चैंपियनशिप से बाहर होना पड़ा था। चोट से वापसी के बाद से उन्हें थुई लिन्ह गुयेन, पुत्री कुसुमा वदानी और किम यून जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ शुरुआती चरणों में हार का सामना करना पड़ा है। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का सामना पहले दौर में कनाडा की वेन यू झांग से होगा। महिला वर्ग में अन्य भारतीय खिलाड़ियों के सामने मुश्किल चुनौती होगी। अनमोल खरब का मुकाबला पूर्व ओलंपिक चैंपियन चीन के चेन यू फी से होगा।

# क्लासेन के शतक से हैदराबाद ने कोलकाता को 110 रनों से रौंदा

### सम्मान की लड़ाई में सनराइजर्स हैदराबाद ने मारी बाजी, हैदराबाद के बल्लेबाजों ने इस मुकाबले में तूफानी प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार को खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 110 रनों के भारी अंतर से हराकर आईपीएल 2025 से विजयी विदाई ली। भले ही यह मैच प्लेऑफ की दौड़ में किसी बदलाव का कारण नहीं बना लेकिन दोनों टीमों के लिए यह आत्मसम्मान की लड़ाई थी, जिसमें हैदराबाद ने दमदार अंदाज में जीत दर्ज की। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने इस मुकाबले में तूफानी प्रदर्शन किया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 278 रनों



का विशाल स्कोर खड़ा किया। शुरुआत अभिषेक शर्मा (32 रन, 12 गेंद) और ट्रेविस हेड (76 रन, 39 गेंद) ने की, जिन्होंने मात्र 6 ओवरों में 92 रनों की विस्फोटक साझेदारी कर टीम को तेज रफ्तार दी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने मैदान में तूफान ला दिया। उन्होंने महज 37 गेंदों में शतक जड़ते हुए आईपीएल इतिहास का संयुक्त तीसरा सबसे तेज शतक अपने नाम किया। क्लासेन की पारी में चौकों-छक्कों की बरसात रही और उन्होंने अपनी टीम को एक विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। कोलकाता के लिए, गेंदबाजों में सिर्फ सुनील नारायण (2 विकेट) और वैभव अरोड़ा (1 विकेट) ही कुछ हद तक असरदार रहे, जबकि अन्य गेंदबाजों पर हैदराबाद के बल्लेबाजों ने कहर बरपाया। 278 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की टीम शुरुआत से ही लड़खड़ा गई। सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण ने 31 रन बनाए, लेकिन उन्हें कोई साथ नहीं मिला। रहाणे (15), डी कॉक (9), और रघुवंशी (15) जल्दी-जल्दी पवेलियन लौट गए। रिंकू सिंह (9) और आंद्रे रसेल (0) को हर्ष दुबे ने दो गेंदों में चलता कर दिया, जिससे कोलकाता की उम्मीदें पूरी तरह टूट गईं। निचले क्रम के बल्लेबाज मनीष पांडे (37) और हर्षित राणा (34) ने कुछ संघर्ष दिखाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हैदराबाद की ओर से जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा और हर्ष दुबे ने तीन-तीन विकेट चटकाकर कोलकाता की पारी को 168 रन पर समेट दिया। इस शानदार जीत के साथ हैदराबाद ने सीजन का समापन आत्मविश्वास के साथ किया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# बेसिक शिक्षा राष्ट्र निर्माण की नींव: सीएम योगी

**ग्रामीण इलाकों के सभी बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ड्रॉपआउट पर लगेगी लगाम- मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री ने 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों और अतिरिक्त डॉरमेट्री का किया लोकार्पण**

**शिलान्यास**

**43 मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का किया शिलान्यास**




**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा को समाज और राष्ट्र की आधारशिला बताते कहा कि यह बच्चों के भविष्य को संवारने का सबसे मजबूत हथियार है। सोमवार को लोकभवन सभागार में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम उन्होंने 3300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों में हुए अभूतपूर्व बदलावों की सराहना की और भविष्य के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के कार्यों के एक नए मॉडल की रूपरेखा प्रस्तुत की। सीएम योगी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प, मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय और निपुण आकलन जैसे कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्रदेश के 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों व अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण किया। साथ ही सीएम योगी ने 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास भी किया।

### शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए

*मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। शिक्षकों की कमी नहीं होगी। हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बीएड और एमएड के छात्रों को निपुण आकलन कार्यक्रम में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें फील्ड अनुभव मिले।*

### समर कैंप में शामिल हो स्पोर्ट्स व संगीत जैसी गतिविधियां

*सीएम योगी ने समर कैंप को बच्चों के समग्र विकास का माध्यम बताते हुए इसमें खेल, संगीत, नृत्य, नाटक और योग जैसी गतिविधियों को शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए हर विद्यालय में अभी से प्रशिक्षण शुरू हो। आयुष मंत्रालय के योग प्रोटोकॉल को लागू करें और बच्चों को तनावमुक्त करने के लिए इनडोर गतिविधियों को बढ़ावा दें।*

*उन्होंने नवंबर-दिसंबर में स्कूली खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं को ब्लॉक, जनपद, मंडल और राज्य स्तर पर आयोजित करने की योजना के बारे में बताया, ताकि बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सके।*

इस दौरान उन्होंने ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा 1,200 की धनराशि उनके अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया।

**2017 से पहले स्कूलों में जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था- योगी**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था। छात्रों की कमी और ड्रॉपआउट दर अधिक थी। लेकिन ऑपरेशन कायाकल्प ने इस तस्वीर को बदल दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के लगभग सभी विद्यालय इस अभियान से जुड़ चुके हैं और शेष 2-3 प्रतिशत विद्यालय भी इस वर्ष कायाकल्प के दायरे में आ जाएंगे।

# कृषि विकास से ही आएगी समृद्धि: उप राष्ट्रपति धनखड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि खेती-किसानी देश की अर्थव्यवस्था की नींव है। यह हमारी प्रगति का मूल आधार है। कृषि के क्षेत्र में विकास और नित नए नवाचार जरूरी हैं, इससे कृषि के विकास से ही देश में समृद्धि आएगी। देश का उदर-पोषण करने वाले अन्नदाता की खुशहाली में ही हमारे देश की खुशहाली सन्निहित है। उप राष्ट्रपति धनखड़ सोमवार को नरसिंहपुर जिला मुख्यालय में कृषि उद्योग समागम-2025 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्वलन, कन्या पूजन एवं भगवान बलराम की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 26 से 28 मई तक चलने वाले तीन दिवसीय 'कृषि-उद्योग समागम 2025' का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. सुदेश जगदीप धनखड़ विशेष रूप से उपस्थित थीं।

**राज्यपाल बोले-मुख्यमंत्री की पहल अनुकरणीय**

उप राष्ट्रपति ने कृषि उद्योग समागम के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस पहल का अन्य राज्यों को भी अनुसरण करना चाहिए। किसान हमारे अन्नदाता हैं।

### 10 करोड़ किसानों को मिला पीएम किसान सम्मान निधि

*उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि देशभर में किसानों को हर तरह की सहूलियतें दी जा रही हैं। अब तक 10 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिला है। उनके खातों में तीन लाख 46 करोड़ रुपये अंतरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को दूध, फल और सब्जियों में देश का नेतृत्व करना चाहिए। कृषि सिर्फ खेती का क्षेत्र नहीं है, इसका उद्योग से बड़ा जुड़ाव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल सराहनीय है। प्रदेश में नारी शक्ति को जिला पंचायतों की कमान मिलना भी लोकतंत्र की शक्ति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ऑपरेशन सिंदूर से लिया है। यह ऐतिहासिक घटना है। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना ने सटीक बमबारी की और उनके ठिकाने नष्ट कर दिए। देश की सुरक्षा के मामले में प्रधानमंत्री का संकल्प एक लौहपुरुष की तरह है। भारतीय सेना के पराक्रम ने हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।*

# हर समस्या में साथ खड़ी है सरकार: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान यहां प्रदेश भर से लगभग 65 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्या सुनी, प्रार्थना पत्र लिया और उन्हें अहसास कराया कि हर समस्या में सरकार साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा हर पीड़ित को न्याय दिलाना और चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का उद्देश्य है। जनता दर्शन में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, पेंशन, फीस माफी, आवास, आंगनबाड़ी आदि से जुड़े अनेक मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों को पुचकारा-दुलारा और चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय शिकायतों का समाधान जनपद स्तर पर ही कराया जाए। जो समस्याएं शासन स्तर से निस्तारित होनी हैं, उन्हें ही यहां भेजी जाए। हर पीड़ित को न्याय दिलाकर चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का उद्देश्य और समस्याओं का निस्तारण सरकार की विशेष प्राथमिकता है।



**प्राथमिकता**

**हर पीड़ित को न्याय दिलाना और जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का उद्देश्य: मुख्यमंत्री**

# पंजाब में एक जिले में कहीं भी जमीन की रजिस्ट्री कराने की प्रक्रिया शुरू

**प्रक्रिया**

**जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया) की शुरूआत मुख्यमंत्री भगवंत मान केजरीवाल ने की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने जिल में कहीं भी जमीन की रजिस्ट्री कराने की सुविधा शुरू कर दी है। सोमवार को मोहाली जिले से ईजी रजिस्ट्री प्रक्रिया (आसान तरीके से जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया) की शुरूआत मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने की। इस मौक पर भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोगों को अब कार्यालयों में परेशान नहीं होना पड़ेगा और न ही एजेंटों या बिचौलियों से निपटना पड़ेगा, क्योंकि अब शुरू से अंत तक हर जानकारी मोबाइल पर मिलेगी और यह प्रणाली तेज और पारदर्शी होगी। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के शुरू होने से लोगों को जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री के लिए अब स्थानीय सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में जाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि वे जिले के किसी भी सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दस्तावेज तैयार करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1076 के जरिए सेवा सहायकों को घर भी बुलाया जा सकता है। इससे ग्रामीण परिवारों, वरिष्ठ नागरिकों, कामकाजी पेशेवरों और बाहर न जा सकने वालों को बड़ी सुविधा मिलेगी। भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नई प्रणाली के तहत लोगों को रजिस्ट्री के लिए दस्तावेज जमा करने, मंजूरी, भुगतान और कार्यालय आने का समय लेने जैसी सारी जानकारी व्हाट्सएप के जरिए मिलेगी, ताकि वे हर पल की जानकारी से अवगत रह सकें। नेता द्वय ने कहा कि अब अनिश्चितता का दौर खत्म हो गया है।

# अमृतसर में अकाली पार्षद की हत्या, चार गिरफ्तार



**काबू**

**शिरोमणि अकाली दल के पार्षद की हत्या का कनेक्शन विदेश में रहने वाले किशन गिरोह से निकला है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर के शिरोमणि अकाली दल के पार्षद की हत्या का कनेक्शन विदेश में रहने वाले किशन गिरोह से निकला है। इसी गिरोह से जुड़े चार बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। कस्बा जंडियाला गुरु के अकाली पार्षद हरजिंदर सिंह की रविवार को अज्ञात लोगों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने विदेश में रहने वाले किशन गैंग से जुड़े एक संगठित अपराध नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि नगर पार्षद हरजिंदर सिंह उर्फ बहमन की हत्या के मामले को 8 घंटे के भीतर सुलझा लिया गया है। किशन गिरोह के चार गुर्गों के बारे में पता चला तो पुलिस टीमों ने इनका पीछा किया। इसी दौरान फतेहपुर के पास गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी ने पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाईं। आत्मरक्षा में एसएचओ छेहरटा ने अपनी सर्विस बंदूक से जवाबी कार्रवाई की, जिससे गोपी के दाहिने पैर में चोट लग गई। उसे तुरंत चिकित्सा देखभाल के लिए अमृतसर के सिविल अस्पताल में ले जाया गया और वर्तमान में उसका इलाज चल रहा है। डीजीपी ने बताया कि इनके पास से एक ग्लॉक 9 मिमी पिस्तौल बरामद की गई है। डीजीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, गुरप्रीत सिंह, अमित तथा गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी के रूप में हुई है।

# उत्तराखंड को मिलेगा सर्वश्रेष्ठ खेल विश्वविद्यालय



**सर्वश्रेष्ठ ढांचा**

**पाठ्यक्रम और स्टाफ संरचना का अध्ययन कर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ ढांचा तैयार किया जाए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून। खेल** मंत्री रेखा आर्या ने निर्देश दिए हैं कि उत्तराखंड में बनने वाले खेल विश्वविद्यालय को देश का सर्वश्रेष्ठ मॉडल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि देशभर के खेल विश्वविद्यालयों के वर्किंग मॉडल, पाठ्यक्रम और स्टाफ संरचना का अध्ययन कर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ ढांचा तैयार किया जाए। सोमवार को खेल निदेशालय स्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खेल विश्वविद्यालय में जितने पदों की आवश्यकता है इस बारे में शासन से जल्द अनुमति ली जाए। उन्होंने अधिकारियों को विश्वविद्यालय के कोर्सों को मान्यता दिलाने के लिए यूजीसी के साथ भी पत्राचार करने के निर्देश दिए। खेल मंत्री ने बताया कि खेल विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर केंद्रीय स्तर से वन विभाग की जो आपत्ति थी, उसका निवारण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में तेज कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिससे आगामी 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया जा सके।

## नैनीझील में शराब पीते नजर आए दो पर्यटक

**टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल। पर्यटन नगरी नैनीताल में आने वाले सैलानियों के द्वारा कई बार अवांछित गतिविधियां की जाती रही हैं। अब इसी कड़ी में संभवतया पहली बार नैनी झील में सैलानियों के शराब पीने की फोटो सामने आयी हैं। फोटो में दो व्यक्ति नैनी झील में पैडल से चलने वाली नौका में नौकायन करते हुए दिन-दहाड़े हाथों में शराब जैसे किसी पेय पदार्थ से भरे गिलास लिये नजर आ रहे हैं। इस पर नगरवासी दोनों के शराब पीने की बात करते हुए काफी नाराजगी भी व्यक्त कर रहे हैं।

**नवाचार** *कृषि तकनीकों और नवाचारों से किसानों का जीवन और बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार मिशन मोड पर काम कर रही*

# मप्र सरकार चला रही किसान कल्याण मिशन: मोहन



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नई कृषि तकनीकों और नवाचारों से किसानों का जीवन और बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'ज्ञान' को? क्रियान्वित करने के लिए हमारी सरकार ने गरीब, युवा, किसान (अन्नदाता) और नारी के सशक्तीकरण के लिए प्रदेश में चार मिशन लॉन्च किए हैं। किसान कल्याण मिशन इसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में सर्वाधिक गेहूं उत्पादन में मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर है। राज्य सरकार ने किसानों से 2600 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा है। हमने किसानों को 32 लाख सोलर पंप बांटने की योजना लागू की है। किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप दिए जा रहे हैं। किसानों को सम्पन्न बनाने के लिए सरकार ने किसान मेले शुरू किए हैं इसमें अन्नदाताओं को अनुदान पर आधुनिक कृषि यंत्र दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नरसिंहपुर जिला मुख्यालय में आयोजित कृषि उद्योग समागम-2025 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्य आतिथ्य और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश जगदीप धनखड़ विशेष रूप से मौजूद रहीं।

उपराष्ट्रपति ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ दीप प्रज्जवलन, कन्या पूजन एवं भगवान बलराम की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 26 से 28 मई तक चलने वाले तीन दिवसीय 'कृषि-उद्योग समागम 2025' का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम को उप राष्ट्रपति और राज्यपाल ने भी संबोधित किया।

